

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे - 12

शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी - 12

मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत - 13

जम्मू-कश्मीर में लश्कर के अंतर्राज्यीय आतंकी माड्यूल का खुलासा, पांच गिरफ्तार- 13

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.29

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी 07:01 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 8 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 227, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

ब्रीफ न्यूज

ईडी ने अल फलाह के चेयरमैन की 39 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

नई दिल्ली। ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके धर्मार्थ ट्रस्ट के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक मकान, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है, जिनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपये से ज्यादा है। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट से जुड़े एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान जांच एजेंसियों के रडार पर आई थी। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। सिद्दीकी (61) अभी जेल में बंद हैं।

एयर इंडिया समूह घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार लगाएगा

मुंबई। एयर इंडिया समूह 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों के लिए 299 रुपये से 899 रुपये तक और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 डॉलर से 280 डॉलर तक का ईंधन अधिभार लगाने जा रही है। हालांकि, कुछ मार्गों पर ईंधन अधिभार नहीं लगाया जाएगा। यह अधिभार अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी लागू होगा। बांग्लादेश और जापान, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सुदूर पूर्व गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों पर ईंधन अधिभार में संशोधन की जानकारी आवश्यक नियामकीय अनुमोदनों के अधीन उचित समय पर दी जाएगी।

आज रात पूरी सभ्यता खत्म होगी : ट्रंप ऐसा जवाब देंगे, भूल नहीं पाओगे : ईरान

होर्मुज खोलने की डेडलाइन के चंद घंटे शेष, ईरान के खर्ग द्वीप पर ताबड़तोड़ हमले

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज को फिर से खोलने समेत समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह) एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब ईरान में हवाई हमलों में खर्ग द्वीप के अलावा दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। इस बीच, ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर हमला हुआ तो ऐसा जवाब देंगे, जिसे भूल नहीं पाओगे। ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने की अपील की है।

ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान होर्मुज को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। वहीं, इजराइल ने ईरान की अर्थव्यवस्था को झटका देने के उद्देश्य से किए जा रहे हमलों की संख्या में लगातार वृद्धि की है। जिसमें 18 की मौत हो गई। ईरान ने भी इजराइल व सऊदी अरब पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिसमें एक प्रमुख पुल को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। ईरान हालांकि, उन्नत अमेरिकी और इजराइली हथियारों या हवाई प्रभुत्व का मुकाबला नहीं कर सकता, लेकिन होर्मुज पर उसकी पकड़ विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा रही है, जिससे ट्रंप पर देश और विदेश दोनों जगह से इस गतिरोध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने का दबाव बढ़ रहा है। कूटनीति से संकट को सुलझाने की प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों ने कहा कि बातचीत जारी है - लेकिन ईरान ने नवीनतम अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, और यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के संभावित हमलों को रोकने के लिए समय पर कोई समझौता हो पाएगा या नहीं।

अपने ऊर्जा ठिकानों के बचाव को लेकर ईरान के लोगों ने मानव शृखला बनाई।

- ईरानी राष्ट्रपति बोले- मेरे समेत 1.4 करोड़ ईरानी युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार
- युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव शृंखला बनाने की अपील
- इजराइल की ईरान पर एयरस्ट्राइक, 18 की मौत ईरान बोला- अमेरिका के दोस्तों पर अटैक करेंगे

ईरान में अपने नागरिकों से भारत ने कहा- जहां हैं, वहीं रहें...48 घंटे संवेदनशील

नई दिल्ली। वाशिंगटन द्वारा तेहरान को दी गई चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया संकट के एक गंभीर मोड़ पर पहुंचने के बीच भारत ने मंगलवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक जहां हैं, वहीं रहने की सलाह दी। आपातकालीन परामर्श में, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से घर के भीतर रहने तथा सैन्य ठिकानों, ऊर्जा ढांचों और बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से पूरी तरह दूर रहने का आग्रह किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी खत्म करने के लिए उनके द्वारा दी गई रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक की समयसीमा (भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह 5:30 बजे) का पालन नहीं करता है, तो पूरी की पूरी सभ्यता आज रात खत्म हो जाएगी।

शिक्षामित्र को 18 और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये का मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में 80 फीसदी की ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई। साथ ही चार हजार करोड़ रुपये से 25 लाख उच्चशिक्षा के विद्यार्थियों को बांटने के लिए टैबलेट और स्मार्टफोन खरीद की स्वीकृति दी गई।

मंत्रिपरिषद की बैठक में शिक्षा के अलावा उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, शहरी विकास और स्वास्थ्य से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई, जिससे विकास परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 1,42,929 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिनमें से 1,29,332 का मानदेय समग्र शिक्षा अभियान के तहत केंद्र व राज्य के 60-40 फीसदी के साझा अंश से दिया जाता है। यदि केंद्रांश स्वीकृत नहीं होता है तो राज्य सरकार अतिरिक्त भार वहन करेगी। वहीं, 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों को भी इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। अब शिक्षामित्रों को 10,000 की जगह 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 9,000 के स्थान पर 17,000 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी और मई माह के भुगतान में शामिल की जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के 1.6 लाख से अधिक शिक्षा कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा, जबकि सरकार पर 1475.27 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

- मंत्रिपरिषद से 22 प्रस्तावों को मंजूरी, 25 लाख युवाओं को मिलेंगे टैबलेट-स्मार्टफोन
- शिक्षामित्रों को लेकर सीएम की घोषणा पर मुहर, 1475.27 करोड़ का अतिरिक्त बोझ

कैबिनेट के अन्य बड़े फैसले

- पीपीपी मॉडल पर 49 बस स्टेशनों का एयरपोर्ट जैसा कायाकल्प।
- ग्रेटर नोएडा में 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की मंजूरी।
- सामाजिक न्याय के प्रणेताओं के स्मारकों का सरकार करेगी संरक्षण।
- हर विधानसभा में 10 स्मारकों का विकास।
- 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' को किया स्वीकृत।
- गोरखपुर में उप्र वनिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश।
- बलिया में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना।
- शहरी विकास व औद्योगिक निवेश को बढ़ावा।
- मेट्रो, बस स्टेशन और सड़क-पुल की कई परियोजनाओं को हरी झंडी।
- औद्योगिक विकास को 24,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी।
- शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रे. नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना, मुरादाबाद में औद्योगिक इकाई मंजूर।
- हिंदू बांग्लादेशी विस्थापित परिवारों के पुनर्वास और भूमि आवंटन से जुड़े निर्णय।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पर असम पुलिस का छापा

कांग्रेस नेता के आवास पर पहुंची असम पुलिस।

- कांग्रेस ने प्रतिशोध की कार्रवाई का लगाया आरोप मुख्यमंत्री हिमंत बोले- पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी
- सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट होने के आरोप लगने के मामले में खेड़ा पर दर्ज हुई रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

असम पुलिस मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री हिमंत शर्मा की पत्नी पत्नी रिनिकी भुइयां द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई।

खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था। असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले, लेकिन वहां से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। कांग्रेस ने शर्मा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह नौ अप्रैल के चुनावों में आसन्न हार के कारण परेशान, विचलित हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन फर्जी दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था।

मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज होगा कर्मियों का पूरा रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विभागीय कार्रवाई व सतर्कता जांच की जानकारी ऑनलाइन करना अनिवार्य

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने कार्मिक प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए अब सभी कर्मचारियों के खिलाफ लंबित या संचालित विभागीय कार्रवाई और सतर्कता जांच का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव कार्मिक एम. देवराज ने मंगलवार को सभी विभागों, मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है ताकि कर्मचारियों से संबंधित समस्त सूचनाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहें और विभागीय कार्यवाहियां पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। निर्देशों के मुताबिक, प्रत्येक कार्यालय का ऑफिस एडमिन लॉगिन के माध्यम से अपने अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों की विभागीय कार्यवाही (नियम-7, 10(2)) और सतर्कता जांच की स्थिति पोर्टल पर अपडेट करेगा। नोडल अधिकारी फिल डीपी स्टेटस विकल्प के जरिए संबंधित कर्मचारियों का पूरा विवरण दर्ज करेंगे।

सेवा पुस्तिका से भी जोड़ा जाएगा विवरण

यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय या सतर्कता जांच का इतिहास है, तो उसकी पूरी जानकारी मानव संपदा पोर्टल के सर्विस बुक मॉड्यूल में भी अपडेट करनी होगी, जिससे भविष्य में रिकॉर्ड ट्रैकिंग आसान हो सके।

अहम है यह फैसला

कार्मिक प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ेगी। विभागीय कार्रवाई की निगरानी आसान होगी। डिजिटल रिकॉर्ड से जवाबदेही तय होगी। भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश।

सुप्रीम सुनवाई | नौ जजों की संविधान पीठ ने महिलाओं को एंट्री मामले में 5 घंटें की सुनवाई, केंद्र ने अपना पक्ष रखते हुए कहा

2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था, पुनर्विचार जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। फैसले में केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाया गया था। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें 2018 के सबरीमाला फैसले में की गई उस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति है जिसमें कहा गया कि 10-50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर से बाहर रखना 'अस्पृश्यता' का एक रूप है, जो अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है।

सबरीमाला मामले में, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का मत था कि उम्र या मासिक धर्म की स्थिति के आधार पर महिलाओं को केरल के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश से रोकना अस्पृश्यता का एक रूप है जो उन्हें अधीनस्थ स्थिति में रखता है, पितृसत्ता को कायम रखता है और उनकी गरिमा के लिए अपमानजनक है। मेहता ने कहा, भारत उतना पितृसत्तात्मक या लैंगिक रूढ़ियों से ग्रस्त नहीं है जितना पश्चिम समझता है। मेहता ने कहा कि अनिवार्य धार्मिक प्रथाओं का अनावश्यक सिद्धांत पेश किया गया है, लेकिन सवाल यह है कि अनिवार्य क्या है, इसका निर्णय कैसे किया जाए। यह आस्था, विश्वास का विषय है। किसी बात को आवश्यक मानने या न मानने के लिए, सबसे पहले धार्मिक ग्रंथों का न्यायिक विश्लेषण करना होगा। ग्रंथों को उसी तरह समझना होगा जिस तरह उन्हें समझा जाना चाहिए। मेरा विनम्र निवेदन है कि यह तभी संभव है जब व्यक्ति आध्यात्मिक समझ के उस स्तर को प्राप्त कर ले। मेहता ने कहा, भारत ने हमेशा से महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया है। मेहता ने अदालत से कहा, हम शायद एकमात्र ऐसे समाज हैं जो महिलाओं की पूजा करते हैं। राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों तक, हम देवियों के सामने नतमस्तक होते हैं। इसलिए, हमें इस चर्चा में पितृसत्ता और लैंगिक रूढ़ियों की अवधारणाओं को शामिल नहीं करना चाहिए।

गुण-दोष पर विचार के बजाय 7 प्रश्नों तक पीठ सीमित

पीठ ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी और मामले में निर्धारित सात प्रश्नों तक ही सीमित रहेगी। सितंबर 2018 में, पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक के मुकाबले चार के बहुमत से फैसला सुनाते हुए उस प्रतिबंध को हटा दिया था जो 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को सबरीमाला अयप्पा मंदिर में प्रवेश करने से रोकता था। इसके बाद, 14 नवंबर, 2019 को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने दो के मुकाबले तीन के बहुमत से, विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के मुद्दे को एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया।

महापुरुषों के स्मारकों का सरकार करेगी संरक्षण

डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना को मंजूरी, 403 करोड़ रुपये से हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों का होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कैबिनेट के निर्णय

- स्मारकों को जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा

अमृत विचार: प्रदेश में महापुरुषों की विरासत को सहेजने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 10 स्मारकों के विकास का निर्णय लिया है। कैबिनेट बैठक में 'डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' को स्वीकृति दी गई। इसके तहत महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों का संरक्षण व सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

योगी सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ-साथ संत रविदास, कबीर, ज्योतिबा फुले, महर्षि वाल्मीकि समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों का व्यापक सौंदर्यीकरण करेगी। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां स्थानीय जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक, एमएलसी) जनता को इस योजना और चयनित स्थलों के बारे में जानकारी भी देंगे।

योगी सरकार की यह पहल मूर्ति स्थलों को केवल प्रतीकात्मक स्थान न बनाकर उन्हें जानकारीपरक और जन उपयोगी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक स्थापित मूर्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर उनके आसपास के क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा।

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि योजना के तहत प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 स्मारकों का विकास किया जाएगा। प्रति स्मारक 10 लाख रुपये की लागत तय की गई है। इसके अंतर्गत कुल 403 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन स्मारकों के आसपास बाउंड्रीवॉल, छत्र निर्माण, सौंदर्यीकरण, हरियाली का विकास और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। यह पहल न केवल ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित करेगी, बल्कि उन्हें जनोपयोगी केंद्र के रूप में भी विकसित करेगी।

योजना का उद्देश्य सिर्फ मूर्तियों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आसपास के क्षेत्रों को विकसित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। निर्माण कार्यों के जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते मंत्री सुरेश खन्ना, संदीप सिंह, असीम अरुण, डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

विस्थापित परिवारों को भूमिधर का मिलेगा अधिकार

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में एक अहम निर्णय लेते हुए जनपद पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, रामपुर और बिजनौर में भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को भूमिधर अधिकार प्रदान करने की मंजूरी दी। इसके लिए उप्र. राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 के माध्यम से उप्र. राजस्व संहिता, 2006 में संशोधन किया गया है, जिसके तहत पात्र परिवारों को असंक्रमणीय अधिकार दिए जाएंगे। दशकों से स्वामित्व के अभाव में ये परिवार खेती के लिए बैंक ऋण लेने और सरकारी खरीद केंद्रों पर उपज बेचने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। अब इस निर्णय से उन्हें अपनी जमीन का कानूनी मालिकाना हक मिलेगा, जिससे वे आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे और सम्मानजनक तरीके से अपनी फसल बेच पाएंगे। यह कदम न केवल इन परिवारों को कानूनी सुरक्षा देगा, बल्कि उनके आर्थिक सशक्तीकरण और सामाजिक सम्मान को भी सुनिश्चित करेगा।

कानपुर देहात में बसाए जाएंगे 99 हिंदू बंगाली परिवार

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) से विस्थापित हिन्दू बंगाली परिवारों के पुनर्वास से जुड़े प्रस्ताव को भी योगी कैबिनेट ने कार्योत्तर अनुमोदन दे दिया। इसके तहत जनपद मेरठ के मवाना तहसील क्षेत्र से संबंधित 99 परिवारों को कानपुर देहात की रसूलाबाद तहसील के ग्राम भैंसाया और ताजपुर तरसौली में पुनर्वासित किया जाएगा। साथ ही इनके लिए लीज रेंट 1 रुपये निर्धारित करते हुए पट्टे के प्रारूप को भी स्वीकृति दी गई है। यह निर्णय पूर्व में 2021 में 63 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए निर्धारित प्रावधानों के आधार पर लिया गया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों और प्रकरण की तात्कालिकता को देखते हुए पहले ही प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही की जा चुकी थी, जिस पर अब कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे प्रभावित परिवारों को वैध आवासीय अधिकार मिलने के साथ उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी हो सकेगी।

अन्य फैसले

गोरखपुर में बनेगा वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : कैबिनेट बैठक में गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। इसके लिए "उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय अध्यादेश-2026" के प्रख्यापन को स्वीकृति प्रदान की गई है। वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि यह विश्वविद्यालय गोरखपुर के कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय में वानिकी, औद्यानिकी, वन्य जीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी सहित कई आधुनिक विषयों में बीएससी, एमएससी, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य वनावरण बढ़ाना व जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करना है।

ग्रेटर नोएडा को मिला मेट्रो विश्वविद्यालय

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के अंतर्गत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत स्थापित किया जाएगा। प्रायोजक संस्था सनहिल हेल्थकेयर प्रा.लि. द्वारा 26.1 एकड़ भूमि पर यह विश्वविद्यालय विकसित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि सभी वैधानिक प्रक्रियाओं के परीक्षण के बाद प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है और इसके लिए अधिनियम की अनुसूची में संशोधन करते हुए 'उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2026' लागू किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे। यहां आधुनिक पाठ्यक्रम, तकनीकी शिक्षा और रोजगारपरक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके।

पीपीपी मॉडल पर 49 बस अड्डों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस होंगे बस स्टेशन, 4000 करोड़ निवेश का अनुमान

अमृत विचार: प्रदेश में बस अड्डों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा फैसला लेते हुए कैबिनेट ने पीपीपी मॉडल पर 49 बस स्टेशनों के विकास को मंजूरी दे दी है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इन बस स्टेशनों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जहां यात्रियों को शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, वीआईपी लाउंज और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना डीबीएफओटी मॉडल पर लागू होगी, जिससे राज्य सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं आएगा। निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पात्रता शर्तों में भी बदलाव किए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक निजी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

परिवहन मंत्री ने बताया कि परियोजना को पूरा करने की समय सीमा 5 से बढ़ाकर 8 वर्ष कर दी गई है, जबकि कार्य प्रारंभ करने की अवधि 6 माह से बढ़ाकर 12 माह कर दी गई है। साथ ही तकनीकी पात्रता और नेटवर्थ से जुड़े मानकों को भी निवेशक अनुकूल बनाया गया है। पहले चरण में 23 बस स्टेशन पहले ही स्वीकृत किये जा चुके हैं। कुल 52 जनपद योजना से आच्छादित होंगे।

अन्य अहम फैसले

- हाथरस, बुलंदशहर और बलरामपुर में नए बस अड्डों के लिए भूमि हस्तांतरण
- नरौरा में डिपो वर्कशॉप और तुलसीपुर में देवीपाटन मंदिर क्षेत्र में आधुनिक बस स्टेशन
- बस अड्डों को विकसित किया जाएगा आर्थिक गतिविधि केंद्र के रूप में

गंभीर अपराधों में अब नहीं मिलेगी राहत, अध्यादेश को मिली मंजूरी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उप्र. दंड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) संशोधन अध्यादेश-2026 को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले के तहत अब गंभीर अपराधों में राहत या स्वतः समाप्ति (एबेट) की व्यवस्था पर रोक लगेगी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, अधिनियम 1979 की धारा-9 में संशोधन करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि गैर-समझौता योग्य (नॉन-कंपाउंडेबल) अपराध, अनिवार्य कारावास वाले अपराध और दोहराए गए (सब्सीक्वेंट) अपराध अब स्वतः समाप्त नहीं होंगे। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय में लंबित मामले के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है, जिससे कानून व्यवस्था को और सख्त बनाया जा सके।

वहीं अब तक मोटर वाहन अधिनियम के तहत कई मामलों में समय बीतने पर कार्रवाई स्वतः समाप्त हो जाती थी, लेकिन नए संशोधन के बाद ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को भी राहत नहीं मिलेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

25 लाख युवाओं को मिलेंगे फ्री टैबलेट

कैबिनेट ने खरीद को दी मंजूरी, डिजिटल शिक्षा को मिलेगा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में युवाओं के लिए बड़ी सौगात का फैसला लिया गया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत प्रदेश के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क वितरण के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

सरकार जल्द ही खरीद प्रक्रिया पूरी कर वितरण शुरू करेगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना में 2000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि अनुमानित कुल खर्च करीब 3000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जिसका पूरा भार राज्य सरकार उठाएगी। औद्योगिक

विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि इस योजना का लाभ स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, आईटीआई और कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़े छात्रों व प्रशिक्षुओं को मिलेगा। इससे युवाओं को डिजिटल पढ़ाई में मदद मिलेगी और वे रोजगार, स्वरोजगार व ऑनलाइन सेवाओं से बेहतर तरीके से जुड़ सकेंगे।

60 लाख युवाओं को पहले ही मिल चुका लाभ : सरकार के मुताबिक, वर्ष 2021-22 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक 60 लाख से अधिक युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए जा चुके हैं। इस बार भी एक टैबलेट की अनुमानित कीमत करीब 12,000 रखी गई है, जिसके आधार पर बड़े स्तर पर खरीद की तैयारी है।

इन युवाओं को मिलेगा लाभ

- स्नातक व स्नातकोत्तर छात्र
- पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग व मेडिकल विद्यार्थी
- आईटीआई व कौशल विकास प्रशिक्षु
- स्वास्थ्य व तकनीकी शिक्षा से जुड़े छात्र
- सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकृत युवा

21 प्रशिक्षु आईएएस अफसरों की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में 2025 बैच के 21 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को विभिन्न जिलों में तैनाती दे दी गई है। ये अधिकारी 17 अप्रैल 2026 के बाद संबंधित जनपदों में असिस्टेंट कलेक्टर/प्रशिक्षु मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

जिन अधिकारियों को तैनाती दी गई है, उनमें शक्ति दुबे को लखनऊ, आदित्य सिंह को वाराणसी, अर्पित गुप्ता को कानपुर नगर, श्रेयांश मिश्रा को प्रयागराज, अनन्या सिंह को गोरखपुर, आयुषी वर्मा को मेरठ, अभिषेक यादव को आगरा, साक्षी श्रीवास्तव को अयोध्या, रोहित सिंह को बरेली, प्रिया चौहान को झांसी, विवेक कुमार को मुरादाबाद, हिमांशु तिवारी को सहारनपुर, नेहा गुप्ता को अलीगढ़, शुभम सिंह को गाजियाबाद, रितिका मिश्रा को बलिया, राहुल पांडेय को जौनपुर, अंकित त्रिपाठी को आजमगढ़, पूजा सिंह को प्रतापगढ़, सौरभ यादव को फतेहपुर, गौरव शुक्ला को सीतापुर तथा निशा यादव को देवरिया में तैनात किया गया है।

आशीष गोयल और सुंदरम को अतिरिक्त प्रभार

प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईएएस डॉ. आशीष कुमार गोयल को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश शासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. गोयल वर्तमान में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन, यूपीएसएलडीसी और राज्य विद्युत उत्पादन निगम समेत कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वहीं, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग डॉ. एमकेएस सुंदरम को भी अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

अब एआई की निगरानी में होंगी भर्ती परीक्षाएं, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम शुरू

अमृत विचार, लखनऊ/ प्रयागराज : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने परीक्षाओं को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रयागराज स्थित कार्यालय में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम की स्थापना की है। इसका उद्घाटन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने किया। इस कंट्रोल रूम के जरिए अब प्रदेश भर के परीक्षा केंद्रों की रियल टाइम निगरानी की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा कक्ष और वहां मौजूद अभ्यर्थियों पर एआई आधारित कैमरों से नजर रखी जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को तुरंत चिन्हित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों की उपस्थिति और सत्यापन बायोमैट्रिक सिस्टम से होगा, जिसका सीधा डेटा कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगा। इससे फर्जीवाड़े और डमी कैंडिडेट की आशंका लगभग खत्म हो जाएगी।

6466 करोड़ की 325 परियोजनाओं से चमकेगा आगरा

मुख्यमंत्री बोले-'ग्रेटर आगरा' बनेगा नया आर्थिक केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आगरा को 6466.37 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। आगरा इनर रिंग रोड के समीप रहनकलां में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा 'ग्रेटर आगरा' टाउनशिप का भूमिपूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ग्रेटर आगरा' प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और यह शहर जल्द ही दूसरे नोएडा के रूप में उभरेगा। यहां बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आगरा को केवल पर्यटन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि इसे एक आधुनिक, सांस्कृतिक और आर्थिक हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। 'नए शहर प्रोत्साहन योजना' के तहत आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा 5142 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर और रहनकलां में 449.65 हेक्टेयर क्षेत्र में टाउनशिप विकसित की जाएगी। इसमें 10 हजार से अधिक परिवारों के लिए मल्टीस्टोरी फ्लैट्स, ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट, चौड़ी सड़कें, सीवरेज, हरित क्षेत्र और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। टाउनशिप के सेक्टरों का नाम गंगा, यमुना, सरस्वती, गोदावरी सहित 10 पवित्र नदियों के नाम पर रखा जाएगा।

आगरा में नई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, निवेश और आधारभूत ढांचे के कारण आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, बेबी रानी मौर्य, योगेंद्र उपाध्याय सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

सनातन एकजुटता से विफल होंगे हिंदू विरोधी षड्यंत्रः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वृंदावन में संत श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य मलूकदास जी महाराज की 452वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यदि सनातन समाज एकजुट हो जाए तो हिंदू विरोधी षड्यंत्र करने वालों की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि संतों की एकता और मार्गदर्शन से ही देश ने ऐतिहासिक परिवर्तन देखे हैं और यही भारत की शक्ति है।

मथुरा के वृंदावन में संत श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य श्री मलूकदास जी महाराज की 452वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का संघर्ष संतों की एकता से समाप्त हुआ और भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हुआ। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र और सनातन के लिए कार्य करना ही भारत की परंपरा है। सीएम योगी ने काशी का उल्लेख करते हुए महात्मा गांधी के 1916 के वक्तव्य का हवाला दिया और कहा कि आज काशी विश्वनाथ धाम में एक साथ 50 हजार श्रद्धालु दर्शन कर सकते हैं, जो बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संत परंपरा ने हमेशा समाज को जोड़ने और दिशा देने का कार्य किया है। सरकार भी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संतों के एक मंच पर आने और समाज के एकजुट होने से सदियों पुराना विवाद समाप्त हुआ और श्रीराम मंदिर का निर्माण संभव हुआ।

पहल प्रदेश के 20 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 172 मार्ग चिन्हित

सी-आरटीसी योजना शुरू, जाम से मिलेगी निजात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यातायात निदेशालय ने "सिटी रिड्यूसिंग ट्रैफिक कंजेशन" (सी-आरटीसी) यानी "शहरी ट्रैफिक जाम कम करना" योजना लागू कर दी है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 20 शहरों में शुरू किया गया है, जहां 172 प्रमुख मार्गों को चिन्हित कर यातायात को सुगम बनाने की रणनीति तैयार की गई है।

बढ़ते शहरीकरण, जनसंख्या और वाहनों की संख्या के चलते शहरों में जाम की समस्या गंभीर हो चुकी है। इससे समय की बर्बादी के साथ ईंधन खपत और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपात सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य पीक आवर्स में यात्रा समय को कम करना है।

योजना के तहत सात पुलिस कमिश्नरेट और 13 जिलों को शामिल किया गया है। कमिश्नरेट क्षेत्रों के 74 और अन्य जिलों के 98 मार्गों को चिन्हित किया गया है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद और नोएडा जैसे बड़े शहरों में प्रमुख सड़कों को प्राथमिकता दी गई है।

एक रूट-एक मार्शल व्यवस्था

योजना में 'एक रूट-एक मार्शल' व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक चिन्हित मार्ग के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी (रूट मार्शल) तैनात किया जाएगा, जो ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जवाबदेह होगा। ये अधिकारी निरीक्षक या उपनिरीक्षक स्तर के होंगे और जरूरत पड़ने पर एक से अधिक मार्गों की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं।

एआई तकनीक का उपयोग

योजना में एआई आधारित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके जरिए रियल टाइम में जाम की स्थिति, ट्रैवल टाइम और यातायात के पैटर्न का विश्लेषण किया जाएगा। अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से तत्काल जानकारी मिलेगी और उसी आधार पर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। लक्ष्य है कि पीक आवर्स में अधिकतम ट्रैवल टाइम को कम से कम 20 प्रतिशत तक घटाया जाए।

पांच 'ई' मॉडल पर अमल

जाम से निपटने के लिए 'पांच ई' मॉडल अपनाया गया है, जिसमें- जागरूकता, सख्त प्रवर्तन, तकनीकी सुधार, अतिक्रमण हटाना और ई-रिक्शा संचालन का सुव्यवस्थित प्रबंधन शामिल हैं। इस योजना की एक महीने बाद समीक्षा की जाएगी और जरूरत के अनुसार इसमें सुधार कर इसे प्रदेश के अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।

जेडएफडी योजना से सड़क हादसों में बची 450 की जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रेसवार्ता में योजना के तीन माह की रिपोर्ट प्रस्तुत की

अमृत विचार: प्रदेश में सड़क सुरक्षा को लेकर लागू 'जेडएफडी (शून्य मृत्यु ड्राइव)' योजना का सकारात्मक असर देखने को मिला है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि 1 जनवरी 2026 से शुरू इस योजना के तहत तीन महीनों में 450 से अधिक लोगों की जान बचाई गई है।

यह योजना प्रदेश के 7 पुलिस कमिश्नरेट और 68 जिलों के 487 हादसा संभावित थानों में लागू की गई थी। इसका उद्देश्य अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों में सख्त निगरानी और कार्रवाई के जरिए हादसों को कम करना है।

डीजीपी राजीव कृष्ण

त्रैमासिक समीक्षा में सामने आया कि 2025 की तुलना में 2026 में सड़क दुर्घटनाओं में 7.43% की कमी आई है। वहीं मृतकों की संख्या में 11.55% और घायलों में 8.05% गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश की 88 प्रशासनिक इकाइयों में से 63.6% 'ग्रीन जोन' में आ गई हैं, जबकि मौतों के मामले में 75% इकाइयों में सुधार हुआ है।

योजना के तहत 573 क्रैश कंट्रोल टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर और अन्य आधुनिक उपकरण दिए गए हैं। ये टीमें चिन्हित मार्गों पर लगातार निगरानी और प्रवर्तन कर रही हैं। डीजीपी के अनुसार, "जहां ज्यादा हादसे, वहां ज्यादा कार्रवाई" के सिद्धांत पर काम करते हुए प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की जान बचाई जा रही है। साथ ही तकनीकी निगरानी, प्रशिक्षण और सख्त एसओपी के जरिए सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

आज शादी में बारा पहुंचेंगे अखिलेश

कानपुर देहात। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव बुधवार को बारा गांव निवासी मोहम्मद हारून की पुत्री के शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण यादव 'बबलू राजा' ने बताया कि सपा मुखिया दोपहर एक बजे बारा टोल प्लाजा के पास स्थित अरेब ग्रीन वर्ल्ड एंड रिसार्ट पहुंचेंगे। करीब आधे घंटे रुक कर वर-वधू को आशीर्वाद देने के बाद लखनऊ लौट जाएंगे।

दो गांवों में महिलाओं ने निगला जहर, भर्ती

रसूलाबाद। घरेलू कलह से दुखी होकर दो महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए वहां इलाज किया गया। नारखुर्द गांव निवासी शशिप्रभा (70) पत्नी शिवकुमार पांडेय व रायपुर रसूलाबाद निवासी सपना (40) पत्नी उपेंद्र ने आए दिन होने वाले पारिवारिक विवाद से दुखी होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को सीएचसी ले गए वहां ईएमओ डॉक्टर सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

सपा में शामिल हुए विनोद कुशवाहा

शिवली। क्षेत्र के प्रमुख व्यवसाई विनोद कुशवाहा अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। मैथा ब्लाक के सुजानपुर गांव के रहने वाले विनोद एक सैंकडा समर्थकों के साथ माती सपा कार्यालय पहुंचे। कुशवाहा समाज में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। विनोद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर सपा में शामिल हुए हैं। इस मौके पर पूर्व सांसद राजाराम पाल, अध्यक्ष बबलू राजा, वीरसेन यादव, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।

झींझक में एसडीएम ने दिलाई शपथ

कानपुर देहात। झींझक नगर पालिका परिषद में नामित सदस्यों को पालिका कार्यालय में डेरापुर एसडीएम शिखा संखवार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान व पूनम संखवार मौजूद रहीं। उपजिलाधिकारी शिखा संखवार ने अनमोल गुप्ता, प्रदीप यादव अनिल कुमार पाल राजवीर सिंह चौहान संतोष दिवाकर को नामित सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। चेयरमैन ने सभी नामित सदस्यों का फूल माला व पटका पहनाकर स्वागत किया।

10 से आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

कानपुर देहात। अकबरपुर आर्य समाज का 132वां वार्षिकोत्सव व वैदिक ज्ञान सत्संग महोत्सव 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा, जो 12 अप्रैल का समाप्त होगा। मुख्य आयोजक डा. जेएन आर्या और अविनाश चंद्र ओमर ने बताया कि वार्षिकोत्सव में प्रतिदिन सुबह पांच बजे से साढ़े छह बजे तक संस्कार शिविर व योग प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 7:30 बजे से 8:30 बजे तक यज्ञ अनुष्ठान होगा। शाम सात बजे से रात साढ़े नौ बजे तक भजनोपदेश होगा। आचार्य रामप्रसाद आर्य, पंडित राजेश आर्य, सुश्री वेद प्रिया आचार्या और पंडित प्राणदेव अग्निहोत्री भजनोपदेश देंगे। साध्वी तापसी तीर्थ, डॉ. मीनाक्षी शास्त्री नारी सशक्तिकरण पर वक्तव्य देंगी।

डीएसओ से सिलेंडर न मिलने की शिकायत

कानपुर देहात। डीएसओ अभिषेक कुरील ने मंगलवार को मां वैष्णो इंडेन गैस एजेंसी रूरा का निरीक्षण किया। उपभोक्ताओं ने शिकायतें कीं। एजेंसी मालिक ने बताया कि एजेंसी लगभग 2300 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी करती है। एक से सात अप्रैल के मध्य बुक हुई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। पूछताछ में पता चला कि अधिकांश उपभोक्ता अपने ई-केवाईसी के लिए उपस्थित थे। काफी संख्या में उपभोक्ताओं ने बुकिंग के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत की।

कथा के समापन पर भंडारे का छका प्रसाद

रसूलाबाद। जोत के प्राचीन शंकर जी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कथावाचक हरिओम दीक्षित ने हवन कराया। हवन के बाद भंडारे में जोत, सजावारपुर, परसौरा, बैरीसाल, चित्ता निवादा, बहागपुरवा आदि गांवों के पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर खीर, पूड़ी और सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। देर शाम तक भंडारा चलता रहा।

नामित सभासदों के मौजूद राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और एसडीएम। अमृत विचार

शिवली नगर पंचायत के सभी मनोनीत सदस्यों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

शिवली। नगर पंचायत सभागार में मंगलवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला की मौजूदगी में एसडीएम राजकुमार पांडेय ने शासन से नामित सदस्य अर्जुन कुशवाहा, राजेश अवस्थी, बालकृष्ण गुप्ता को शपथ दिलाई।

सभासदों ने नगर के सर्वांगीण विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया। राज्यमंत्री ने कहा कि मनोनीत सभासद जनता की अपेक्षाओं पर खराब उतरें और नगर की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करें। नगर पंचायत के विकास, स्वच्छता पेयजल, सड़क को सुधारण बनाने में अपनी सकरी भूमिका निभाएं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार, वतन अग्निहोत्री सभासद सुरेंद्र पाठक, साहुल दीक्षित, आनंद कश्यप रामजीवन कश्यप, विनोद यादव, पंकज राजपूत अभिनव तिवारी उपस्थित रहे।

ई-ऑफिस नहीं चलाते मैथा ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी

संवाददाता, शिवली

अमृत विचारः सीडीओ विधान जायसवाल ने मंगलवार को विकास खंड मैथा के कार्यालय का निरीक्षण किया। उपस्थिति पंजिका और अभिलेखों की जांच की। कुछ अभिलेख अधूरे मिलने एवं ई-आफिस का संचालन सुचारू रूप से न किये जाने पर पर उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पटलों का गहन निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों के रखरखाव की हालत देखी। उन्होंने कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई, इसके अतिरिक्त, स्थापना पटल, अभिलेखों की व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का भी गहन परीक्षण किया गया। उन्होंने विकास खंड में स्थित पशु चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। पशु चिकित्साधिकारी दिव्या सचान को विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार करवाते हुए टीकाकरण के साथ ही रोस्टर तैयार करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पशु मेला, पशु कैम्प का आयोजन के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने बाल विकास परियोजना कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश- जारी किए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उनकी नियमित निगरानी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन को बेहतर सुविधा एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके पहले उच्च प्राथमिक विद्यालय निहुटा का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर बीडीओ संजू सिंह, एडीओ सहकारिता विपिन त्रिपाठी मौजूद रहे।

सीडीओ विधान जायसवाल ने मैथा ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। अमृत विचार

टंकी के पानी की नियमित जांच करने के निर्देश

शिवली। सीडीओ विधान जायसवाल ने ग्राम पंचायत बरार में पानी की टंकी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टंकी की संरचनात्मक स्थिति, जलापूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन कनेक्टिविटी, मोटर पंप, स्वच्छता एवं जल गुणवत्ता की स्थिति समझी। जल निगम व ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील कुमार से जलापूर्ति की समय-सारणी की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति में बाधा न आने पाए और मोटर, वाल्व, पाइपलाइन का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। टंकी परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए। कहा कि जल स्रोत के आसपास गंदगी न होने पाए। पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच कराएं और परिसर के चारों तरफ पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। यहां उपायुक्त श्रम रोजगार अशोक कुमार, जल निगम एक्सईएन, ग्राम प्रधान गुड्डी देवी मौजूद रहीं।

गेहूं के साथ चना, धनिया और सरसों को नुकसान

बारिश में भीगने की वजह से सड़ने की कगार पर फसल, पशुओं के लिए भूसा-चारे की विकराल समस्या खड़ी होने की संभावना

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचारः लगातार बारिश और तेज आंधी ने खेती-किसानी का काम ठप कर दिया है। खेतों पर पकी फसल नष्ट होने की कगार पर है। ब्लॉक के गदाईपुर, अजनपुर गांवों में ओले गिरने से गेहूं, लाही और चना की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में फसलें बिछ जाने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज आंधी और बारिश से गेहूं, धनिया और लाही की फसलें प्रभावित हुई हैं। इस समय गेहूं की कटाई और मड़ाई का काम चल रहा है, जबकि धनिया और लाही की फसलें भी खेतों में तैयार पड़ी हैं।

गदाईपुर निवासी शिव सिंह, औसान सिंह, ग्राम प्रधान सुरेश आदि किसानों ने बताया कि खेतों में खड़ी पकी गेहूं की फसल की कटाई चल रही थी लेकिन हल्की बूंदाबांदी से उसमें नमी आ गई है। इससे कटाई और मड़ाई का काम प्रभावित हो रहा है। असालतगंज निवासी लालता प्रसाद, सुरेश कुशवाहा मेजर आदि किसानों ने बताया कि तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी से खेत में कटी पड़ी फसल भीग गई है, और खड़ी गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कहिजरी निवासी किसान पप्पू ने बताया कि धनिया और लाही की फसलें पूरी तरह तैयार होकर कट चुकी हैं और खेतों में पड़ी हैं। बूंदाबांदी के कारण इन फसलों में भी नमी आ गई है, जिससे उन्हें सुरक्षित करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि गेहूं की मड़ाई थ्रेसर से होनी है, लेकिन नमी के कारण थ्रेसर संचालक भी मड़ाई करने से इनकार कर रहे हैं।

किसानों ने मवेशियों के लिए भूसे की व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त की। फसल तैयार होने के बाद उम्मीद थी कि अनाज के साथ भूसा भी सुरक्षित हो जाएगा, लेकिन तेज आंधी के कारण कई खेतों में पड़ा भूसा उड़ गया है। इससे पशुपालकों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि यदि मौसम साफ नहीं हुआ तो गेहूं, धनिया और लाही की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। लोगों ने बताया कि फसलें नष्ट होने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। फिलहाल किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि फसल नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

गदाईपुर में बारिश से भीगी लाही की फसल को समेटता किसान। अमृत विचार

रसूलाबाद सीएचसी में रोती-बिलखती पत्नी। अमृत विचार

आंधी से गिरा पेड़, चाचा की मौत, भतीजा घायल

- अटिया रायपुर निवासी वीरेंद्र कुमार (38) राजमिस्त्री था। वह बाइक से भतीजे अतुल कुमार (30) के साथ कल्याणपुर रतनपुर कॉलोनी में मकान बनाने जाते थे। मंगलवार रात बाइक से लौट रहे थे। धन्नी निवादा मोड़ के समीप यूकेलिप्टस पेड़ गिरने से दोनों चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपी 112 के आरक्षी रसूलाबाद सीएससी लाए। आरक्षी रोहित तिवारी के मुताबिक रास्ते में वीरेंद्र कुमार ने अपनी पत्नी संगीता को फोन पर घायल होने की जानकारी दी। वह पहाड़ीपुर तक बोलता रहा। सीएचसी में डॉ. एन चंद्रा ने उसे मृत बताया। भतीजे अतुल कुमार को हैलट रेफर किया। वीरेंद्र की मौत पर पत्नी संगीता, पुत्र शिवा, रानू व रुबल, भाई सुरेंद्र, महेंद्र रो-रोकर बेहाल रहे।

पुष्टाहार पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

शिवली। विकास खण्ड मैथा के आंगनबाड़ी केंद्र मांडा चतुर्थ में कार्यकत्री रीना द्विवेदी व सहायिका चन्द्रकांती द्वारा गर्भवती, धात्री महिलाओं व बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु ड्राई राशन गेहूं का दलिया, चना दाल, सोयाबीन रिफाइंड तेल का वितरण किया गया। फेस ऑथेंटिकेशन से पुष्टाहार बांटा गया।

कार्यकत्री की ओर से लाभार्थियों को बताया गया कि मुख्य रूप से यह कार्यक्रम कुपोषण से बचाने के लिए संचालित किया गया है। जिसमे चना की दाल, गेहूं का दलिया, सोयाबीन रिफाइंड तेल दिया जाता है। सीडीपीओ सुनीता बैस ने बताया कि परियोजना में संचालित सभी केन्द्रों की कार्यकत्रियों को निर्देश दे दिए गये हैं कि लाभार्थियों को फेस कैप्चर विधि से ही पोषाहार वितरित किया जाए। इस मौके पर गोल्डी राजपूत, आरती, सोनम, रामजानकी, राधिका, सुमन, पूजा, रोशनी, रचना, खुशबू, मीनू, प्रिया, प्रियंका, रेखा, पूजा, सुभाष, बीना, लिया, साधना, रंजू आदि रहीं।

रूरा में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में मुद्दा उठाया गया। अमृत विचार

ओवरब्रिज के दोनों ओर ब्रेकर की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचारः रूरा में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई, जिसमें प्रकोष्ठ के प्रभारी सुभाष सिंह एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू उपस्थित रहे।

बैठक में व्यापरियों ने समस्याएं रख निस्तारण की मांग की। काफी व्यापरियों ने रूरा ओवरब्रिज के दोनों छोर के बाद स्पीड ब्रेकर की मांग रखी और कहा कि अगर स्पीड ब्रेक नहीं बने तो कोई भी दुर्घटना हो सकती है। कस्बे के अंदर ही मुख्य बाजार है। वहीं से सारे वाहनों का आना जाना होता है। जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू ने जिलास्तर व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक के आयोजन की बात कही।

प्रभारी सुभाष सिंह ने व्यापरियों कि समस्याओं को उच्चधिकारियों को अवगत करा के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। साथ ही सर्राफा व्यवसाइयों से अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाने की अपील की। इस अवसर पर व्यापार मंडल सदस्य रामकुमार गुप्ता पल्लू, आनन्द कुमार गुप्ता, विकास यादव, बाबू सिंह, अमित सर्राफ, गोलू गुप्ता, शिवम, पारितोष, गणेश मिश्रा एवं व्यापारी सुरक्षा मुकेश चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रोत्साहित करने को बच्चे हुए पुरस्कृत

रसूलाबाद। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित करने के लिए प्राथमिक विद्यालय चित्ता निवादा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता पाठ एवं नाट्य माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार और सहायक अध्यापक दीपक खन्ना ने छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस पूरे आयोजन की व्यवस्था में राजनारायण पांडेय का योगदान रहा। भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी शतरूपा एवं माधुरी देवी ने निभाई। उन्होंने सभी लोगों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की। कार्यक्रम में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

जेल में सजायाफ्ता कैदी की थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सोमवार की रात करीब 10 बजे अचानक खराब हुई तबीयत
- सीजेएम ने दिए न्यायिक जांच के आदेश, जेएम प्रथम करेंगे जांच

अमृत विचारः जिला कारागार में निरूद्ध एक बंदी की संदेह जनक हालात में मौत हो गई। हालत बिगड़ने के बाद बीती रात उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया था। यहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय ने बंदी की मौत पर न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव स्वरूपपुर निवासी श्रीकिशन 68 वर्ष पुत्र जियालाल दोषसिद्ध होने के बाद माती कारागार में निरूद्ध था। अदालत ने सात साल की सुनाई थी। बीती रात करीब दस बजे अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। जेल अस्पताल से उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। सत्य वीर व नीरज कुशवाहा लेकर आए। मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों ने परीक्षण किया और उसे मृत बता दिया। मृत्यु की सही वजह के बारे में पता नहीं लगा मगर कहा जा रहा कि श्री किशन जिला कारागार में सांस की बीमारी से ग्रसित थे। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे श्री किशन के परिजनों में कोहराम मच गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचे घर के लोग और ग्रामीण शोक में डूबे रहे।

दूसरी तरफ न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से बंदी की मृत्यु के संबंध में न्यायिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। जिला कारागार के अधीक्षक की ओर से भेजे गए मृत्यु विवरण के अनुसार जांच के आदेश निर्गत किए गए हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अंकुर कुमार सोलंकी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर 15 दिवस के भीतर अपनी आख्या प्रस्तुत करें। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सूचना प्रदान कर दी गई है।

श्रीकिशन की मौत की खबर मिलने पर मेडिकल कॉलेज पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार

हंगामे के बाद पैनल से कराया गया विच्छेदन

- श्री किशन के परिवार वालों ने मौत पर सवाल उठाया है। पुत्री रेशमा ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व स्वरूपपुर में एक व्यक्ति की मारपीट के दौरान मौत हो गई थी। होली के बाद कोर्ट ने उन्हें 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। रेशमा और बाकी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। रेशमा का कहना था कि समय पर उन्हें सूचना नहीं दी गई। कोतवाल हरमीत सिंह ने परिजनों को शांत कराया। आरोपी को देखते हुए प्रशासन ने वीडियोग्राफी एवं डॉ. अनुपम कुमार सिंह व डॉ. राजीव कुमार यादव के पैनल से पोस्टमार्टम किया गया। कैदी का बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

श्री किशन।

निरीक्षण | सीडीओ ने निहुटा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय का देखा हाल

सभी छात्र-छात्राओं की रोज हाजिरी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचारः सीडीओ विधान जायसवाल ने मैथा ब्लाक की ग्राम पंचायत निहुटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय की प्रधानध्यापक एवं सहायक आध्यापक मौके पर उपस्थित मिले।

विद्यालय में 44 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है, सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। सीडीओ ने प्रधानध्यापक को निर्देश दिए कि बच्चों की शतप्रतिशत हाजिरी सुनिश्चित रखी जाए। सभी छात्र ड्रेस में ही आएं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। कक्षाओं में बच्चों से बातचीत की। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान की जाए, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मील व्यवस्था, पाठ्य सामग्री तथा विद्यालय की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों एवं पेयजल व्यवस्था को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए।

गलियों में निकली स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली। अमृत विचार

रैली निकालकर स्कूल चलने का दिया संदेश

- **रसूलाबाद।** तारनपुरवा के प्राथमिक पाठशाला में प्रधान अध्यापक अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, शिक्षामित्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। बच्चों ने बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें और शिक्षा है अधिकार हमारा जैसे नारे लगाए गए, जिससे ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश फैला। रैली के दौरान गांव के लोगों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और अभियान को सफल बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

आंबेडकर जयंती की रूपरेखा तैयार

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचारः आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाने की तैयारी बसपा के लोगों ने अभी से शुरू कर दी है और इसके लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ ही मलखानपुर गांव में एक बैठक भी आयोजित की गई है जिसमें पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है।

बैठक में भारतीय दलित पैंथर युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतनाम सिंह ने बताया यह शोभा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बहुजन समाज को जागरूक करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज को शिक्षा, समानता और संविधान का अधिकार दिलाया था, इसलिए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम में भारतीय दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष और लावारिस लेसन के मसीहा धनीराम पैंथर मुख्य अतीत के रूप में शामिल होंगे। आगामी 10 अप्रैल 2026, शुक्रवार को यह शोभायात्रा रसूलाबाद के जमनी निवादा स्थित अंबेडकर पार्क से शुरू होकर मलखानपुर स्थित अंबेडकर पार्क तक जाएगी।

बैठक में उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की गई। शोभा यात्रा आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे 10 अप्रैल को सुबह 10 बजे जमनी निवादा अंबेडकर पार्क पहुंचकर शोभायात्रा में शामिल हों और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करें। बैठक में बसपा नेता जगजीत संखवार, डॉ. सतनाम सिंह, सतीश गौतम, विनोद दोहरे, विनोद पाल, सूरज पाल, धर्मेंद्र सिंह, संदीप, राजकुमार और राममूर्ति गौतम आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

मलखानपुर के आंबेडकर पार्क में आयोजित बैठक में मौजूद बसपाई। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

आंगनबाड़ी को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

ककवन। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत विकासखंड ककवन की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। सोमवार को विकासखंड मुख्यालय पर एक सादे समारोह के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को सीडीपीओ अविरल कुमार ने नियुक्ति पत्र वितरित किए और उन्हें उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।

ब्लॉक प्रमुख ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

शिवराजपुर। भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को क्षेत्र के मानपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने एक चौपाल का आयोजन किया। ब्लॉक प्रमुख ने चौपाल में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा की रीति और नीति के बारे में बताया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही इस मौके पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इसमें प्रमुख रूप से मानपुर ग्राम प्रधान बबलू वर्मा ,शाहपुर ग्राम प्रधान महाशरण ,नेवादा ग्राम प्रधान रविंद्र मिश्रा, सोनू सूर्यवंशी सहित बहुत से पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

चोरों ने पार किये लाखों के जेवरात

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के रतनपुर के मजरा घटवा में सोमवार देर रात चोरों ने घर में धावा बोला। चोर घर के पीछे सीढ़ी लगाकर छत में चढ़े और घर में दाखिल होकर कमरे का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये नकदी समेत लगभग आठ लाख के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह जब घर के लोग जागे तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। घाटमपुर थाना क्षेत्र के घटवा गांव निवासी विमल कुमार ने बताया कि देर रात सभी लोग घर में सो रहे थे। तभी उनके घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर चोर छत में चढ़ गए। और जीने के रास्ते से घर में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे बक्सों के ताले तोड़ दिये और 50 हजार की नकदी व लगभग आठ लाख कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन जगे तो उन्हें चोरी की घटना होने की जानकारी हुई है। उन्होंने घर के आसपास देखा तो घर के पीछे सीढ़ी पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

पुलिस ने दबोचा शातिर चोर

घाटमपुर। पुलिस ने चोरी की वारदातों में लिप्त एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के रींद नदी पुल के पास से सोमवार रात दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान देव सिंह निवासी जिगनीपुरवा लोहरी, थाना अकबरपुर (कानपुर देहात) के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि वह क्षेत्र में डीजल चोरी और वाहन पार्ट्स चोरी की कई घटनाओं में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए चार ट्रकों के टायर, करीब 50 लीटर डीजल, 1800 रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि डीजल और टायर चोरी करने वाले आरोपी चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

जैतीपुर रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, दो युवकों की मौत

सीएचसी पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, पुलिस ने समझा कर कराया शांत

संवाददाता घाटमपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जैतीपुर रोड पर सोमवार रात लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डाक्टर ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी 18 वर्षीय अरुण पुत्र रामदास अपने मामा के बेटे रेउना निवासी 18 वर्षीय अंकित पुत्र धर्मेंद्र के साथ बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही दोनों युवक घाटमपुर थाना क्षेत्र के जैतीपुर रोड के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक की सामने से आ रही लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी, कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दोनों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि दोनों युवक अविवाहित थे और परिवार का सहारा थे। एक ही परिवार से जुड़े दो युवकों की एक साथ मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसे में शामिल लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

मृतक युवक।

सीएचसी में हंगामा करते परिजन। अमृत विचार

सीएचसी में एक घंटे चला हंगामा

- घाटमपुर सीएचसी पहुंचे भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं संग परिजनो ने कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया, परिजनों की मांग थी कि उन्हें मुआवजा दिया जाए। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने परिजनों को कर्रवाई करने के साथ हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद परिजन माने और दोनों युवकों के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फिर बढ़ा टोल टैक्स पर सुविधाओं में नहीं हुआ थोड़ा सा भी सुधार

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार। एक अप्रैल नए वित्तीय वर्ष में नेशनल हाईवे पर फिर से टोल टैक्स बढ़ गया। नई दरें 1 अप्रैल से प्रभावी हो गई हैं । टोल टैक्स तो बढ़ गया किंतु सुविधाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है।

दरिया नेवादा टोल प्लाजा से प्रतिदिन औसतन 10 हजार छोटे वाहन गुजरते हैं। कार वैन व जीप का पहले 205 रुपये टोल लगता था जो अब 210 हो गया है। बस और ट्रक से पहले 685 रुपये टोल टैक्स वसूला जाता था। अब इसे बढ़ाकर 705 रुपये कर दिया गया है। तीन एक्सल कर्मिशियल वाहन से पहले 750 रुपये यात्रा शुल्क लिया जाता था, जो अब 765 रुपये हो गया। वहीं भारी वाहनों से पहले 1075 रुपये और अब 1100 रुपये लिया जाएगा। ओवर साइज वाहनों से पहले 1310 रुपये लिया जाता था इसे बढ़ाकर 1340 रुपये कर दिया गया है। मासिक पास की कीमत भी 340 से बढ़ाकर 350 रुपये हो गयी है। हालांकि टोल बढ़ने के बावजूद हाईवे पर यात्रियों के लिए सुविधाएं अभी भी न्यूनतम हैं। टोल से निकल रहे कई गणमान्य व्यक्तियों ने बताया कि कि टोल बढ़ाने से पहले यात्रियों और वाहन मालिकों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिसमें यात्रियों के लिए सुलभ शौचालय तो अति आवश्यक है। वहीं हाईवे पर जगह-जगह कट बने हैं और कई स्थानों पर सड़क पर अन्ना मवेसी घूमते रहते है, जिस कारण टोल प्लाजा पर आये दिन हादसे होते रहते हैं।

हाईवे पर कट और अव्यवस्थाओं के बीच टोल बढ़ाना वाहन चालकों के लिए कठिनाई और महंगाई बढ़ाने जैसा है। वहीं इस मामले में टोल प्रभारी दीपक शर्मा का कहना है कि अगर सड़क पर देखरेख करने वाले लापरवाही बरत रहे हैं, तो उनके खिलाफ परियोजना अधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

टोल प्लाजा। अमृत विचार

- लोगों ने कहा हाईवे पर कट और अव्यवस्थाओं का है बोलबाला

छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर दिखाई प्रतिभा

संवाददाता घाटमपुर

अमृत विचार। घाटमपुर के पतारा ब्लाक के एसडीएसजी इंग्लिश मीडियम इन्टर कॉलेज दहेली में रिजल्ट डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं को अवॉर्ड और मार्कशीट वितरित की गई। कक्षा 11 में अंशिका सचान ने प्रथम दिव्या चौहान ने द्वितीय और सूरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 9 में प्रियांशी गुप्ता ने प्रथम आस्था सचान ने द्वितीय और वंशिका सिंह ने तृतीय रैंक हासिल की । कक्षा 8 में अदीम को प्रथम आयुषी को द्वितीय आदित्य को तृतीय रैंक प्राप्त हुई। कक्षा 7 में केशव को प्रथम गौरव को द्वितीय और वेदांत को तृतीय रैंक प्राप्त हुई। यहां पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पवन सचान और प्रधानाचार्य सर्वेश सैनी और उप प्रधानाचार्य सुलक्षणा मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक वसीक अहमद, आदित्य, कौशल, जीतेंद्र ,जागृति मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तव, कंचन मौर्य ,अक्षय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- एसडीएसजी स्कूल में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

सैनिक की पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार। क्षेत्र के हकीम नगर (नाथूपुर) गांव में मंगलवार शाम को अज्ञात परिस्थितियों में एक सैनिक की पत्नी का शव घर की लॉबी में लगे लोहे के जाल से लटकता मिला। जानकारी पर पहुंचे मृतका के घर वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कांटा। पुलिस द्वारा समझाये जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

- नाथूपुर (हकीम नगर)गांव में मंगलवार शाम हुई घटना
- महिला के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रेमपुर गांव निवासी अतुल यादव आर्मी में जवान हैं। अतुल की शादी करीब 10 वर्ष पहले वर्ष 2016 में श्याम नगर ,कानपुर नगर निवासी मोना (35) के साथ हुई थी। कुछ समय पहले उसने कस्बे के समीप हकीम नगर (नाथूपुर) गांव में नया मकान बनवाया है। करीब दो हफ्ता पहले अवकाश पर आया अतुल चार दिन पहले ही परिवार के साथ उक्त मकान में शिफ्ट हुआ है। परिवार में पत्नी के अलावा दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मंगलवार शाम करीब 5:00 बजे मोना को घर की लाबी में लगे लोहे के जाल के सहारे लटकता देख बच्चों ने चीखना चिल्लाना शुरू कर दिया। बच्चों को रोता बिलखता देख पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। जिसके बाद घटना की जानकारी मृतका के पति को दी गई। बताया गया है घटना के समय पति अतुल प्रेमपुर गांव स्थित अपने खेत पर गया था। जानकारी होते ही मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और हत्या का आरोप लगा हंगामा काटना शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा समझाए जाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गृह मंत्रालय से आए रिकॉर्ड देखने से हाईकोर्ट ने किया परहेज

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने छह अप्रैल को राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता विवाद के मामले में इन-चैंबर सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय की ओर से आए रिकॉर्ड का परीक्षण करने से फिलहाल परहेज किया है। मामले की सुनवाई न्यायालय कक्ष के बजाय जज के चेंबर में हुई, क्योंकि केंद्र सरकार ने इसे संवेदनशील मुद्दा बताया था। अब मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को तय की गई है।

मंगलवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर मामले का आदेश उपलब्ध कराया गया, जिसमें न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने कहा है कि केंद्र सरकार के अधिकारी रिकॉर्ड के साथ उपस्थित थे, लेकिन यह कोर्ट इस स्टेज पर राहुल गांधी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच नहीं करने जा रही लिहाजा रिकॉर्ड का परीक्षण भी नहीं किया गया है। यह आदेश भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया गया। याची ने 28 जनवरी 2026 को लखनऊ की विशेष एमपी/एमएलए अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया गया था। निचली अदालत ने कहा था कि नागरिकता का मुद्दा तय करने का अधिकार उसके पास नहीं है।

याची ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत कई आरोप लगाए हैं।

- राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता का मामला

गौशाला में गंदगी देख भड़के अपर मुख्य सचिव

चौबेपुर। मंगलवार दोपहर क्षेत्र के पेम गौशाला पहुंचे अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने सर्वप्रथम यहां पर गोवंशों के चारे व पानी की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान गौशाला में गंदगी देख उनका पारा चढ़ गया और उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही कहा कि इस समय गेहूं फसल की कटाई मड़ाई का समय चल रहा है। किसानों को पैसों का भुगतान कर भूसा की खरीद करें और कम से कम 3 से 4 माह का स्टॉक हर हाल में रखें। गौशाला को वृहद गौशाला बनाने के लिए उन्होंने 46 गोवंश के स्थान पर इनकी संख्या बढ़ाकर 100 से 150 तक किये जाने की बात कही। इस दौरान मौके पर सीडीओ दीक्षा जैन, एसडीएम बिल्हौर संजीव दीक्षित,बी डी ओ यशवीर सिंह, ग्राम प्रधान कंचन, पंचायत सचिव आकांक्षा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

आफत आंधी बारिश ने बरपाया कहर ,घंटों बाधित रहा यातायात, लोग हुए परेशान

बिल्हौर-मकनपुर मार्ग पर गिरा विशाल पेड़

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। मंगलवार शाम आई तेज आंधी और झमाझम बारिश ने बिल्हौर क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बिल्हौर-मकनपुर मुख्य मार्ग पर देवकली गांव के समीप एक विशाल पेड़ सड़क के बीचों-बीच गिर गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। राहत की बात यह रही कि पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया ।

पेड़ गिरने के कारण मार्ग के दोनों ओर देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घंटों तक आवागमन बाधित रहने से राहगीरों, विशेषकर ग्रामीण इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन सड़क पूरी तरह साफ न होने तक जाम की स्थिति बनी रही।स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस मार्ग पर बड़ी संख्या में पुराने और जर्जर पेड़ खड़े हैं। कई पेड़ तो सड़क की ओर इस कदर झुक गए हैं कि वे कभी भी धराशायी हो सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी पेड़ गिरने से तमाम लोग चोटिल हो चुके हैं। वन विभाग को सूचना दिए जाने के बावजूद न तो पेड़ों की छंटाई की गई न ही हटाया गया।

किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

- मौसम के बदले मिजाज ने अन्नदाताओं की धड़कनें बढ़ा दी हैं। वर्तमान में गेहूं की कटाई और मड़ाई का कार्य जोरों पर है। ऐसे में तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर हो रही बारिश ने खेतों में तैयार खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।

देर शाम शुरू हुई बारिश, चलीं तेज हवाएं

- **घाटमपुर।** घाटमपुर में भीषण गर्मी व उमस के बीच मंलगवार देर शाम को अचानक बारिश होने लगी। दो घंटे हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली है। बारिश के बाद से घाटमपुर क्षेत्र में मौसम खुशनुमा हो गया है, जबकि बारिश के चलते किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई है। घाटमपुर तहसील क्षेत्र में कई दिनों में भीषण गर्मी और उमस हो रही थी। मंगलवार को देर शाम अचानक मौसम ने करवट बदली और यहां पर अचानक बारिश बारिश शुरू हो गई। इससे किसानों के चेहरे मायूस हो गये। उन्हें अपने अनाज की चिंता सताने लगी। वहीं बारिश होने से आम जनमानस ने राहत की सांस ली। तेज हवा के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है।

कार्यालय जिला पंचायत हमीरपुर

पंत्राक :–08/आर0डी0/निर्माण/जि0पं0ह0/2026–27 दिनांक :– 04.04.2026

ई–निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायतीराज अनुभाग–2 की अधिसूचना संख्या 1425/33–2–2020–80जी 2000 लखनऊ 14 जुलाई, 2020 के क्रम में जिला पंचायत हमीरपुर में पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त, राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोकनिर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिलानिधि योजनान्तर्गत जिला पचांयत हमीरपुर द्वारा दिनांक 28.04.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा सूचना ऑनलाइन दिनांक 10.04.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 28.04.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक ई–टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी, जो ऑनलाइन http://e-tender.up.nic.in पर ही upload/Download/submit किया जा सकेगा। आमंत्रित निविदायें दिनांक 28.04.2026 को मध्याहन 12:00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डांक घर की एन0एस0सी0 के साथ साथ निविदा मूल्य का ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत हमीरपुर के नाम बन्धक/देय होगा या कार्यालय जिला पंचायत हमीरपुर के प्रपत्र सं0–05 से भी नगद जमा किया जा सकता है। जिसकी स्कैन प्रतिया निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा तथा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदा दाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला पंचायत हमीरपुर को प्रस्तुत किये जायेगें। ई–निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले निविदा दाता को सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र एंव हैसियत प्रमाण पत्र जो निविदादाता का स्वय का हो एंव पैन नम्बर, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेन स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि एंव निविदा मूल्य तथा वांछित प्रपत्र के ई–निविदा पर विचार नही किया जायेगा। किसी/सभी ई–निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। निविदाओ का अनुबन्ध धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा, तथा निविदा की वरीयता निर्धारित करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत हमीरपुर से की जा सकती है।

कार्य का विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	विकास खण्ड का नाम	प्राक्कलन की धनराशि (लाख में)	18 प्रतिशत जी0एस0टी0 धनराशि (लाख में)	परियोजना की कुल लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 (रू0 में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
जिलानिधि के अन्तर्गत								
1	ग्राम खिरिया में बारातशाला से फिरोज के मकान की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	12.53	2.25	14.78	2950	29560	03 माह
2	ग्राम चन्दपुरवा सम्पर्क मार्ग से इटरा हनुमान मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य।	सुमेरपुर	18.16	3.27	21.43	4248	42860	03 माह
3	ग्राम अछपुरा बेहदिना डांडा में बच्ची पाल के घर से सी0सी0 रोड की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	मुस्करा	17.42	3.13	20.55	4130	41100	03 माह
4	ग्राम नायकपुरवा में रपटा के पास से अमृत सरोवर की ओर मार्ग का अवशेष भाग में सी0सी0 निर्माण कार्य।	मौदहा	19.25	3.47	22.72	4602	45440	03 माह
5	ग्राम खडेहीलोधन–मिहुना मेन रोड से महेन्द्र यादव के डेरा की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	मुस्करा	18.12	3.26	21.38	4248	42760	03 माह
6	ग्राम खडेहीलोधन–मिहुना मुरलीधर के डेरा की ओर अवशेष भाग का सी0सी0 निर्माण कार्य।	मुस्करा	15.39	2.77	18.16	3658	36320	03 माह
7	ग्राम बिहूनीखुर्द में राठ मेन रोड से परशुराम कुशवाहा के घर की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	मुस्करा	15.25	2.75	18.00	3658	36000	03 माह
8	ग्राम बिरहट में बरौली इस्लामपुर सम्पर्क मार्ग से सोनू के खेत होतु हुये अजीत के खत तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	गोहाण्ड	19.77	3.56	23.33	4720	46660	03 माह
9	ग्राम अमरपुरा में स्कूल से बाबू पाल के घर की ओर अवशेष भाग का सी0सी0 निर्माण कार्य।	सरीला	12.36	2.22	14.58	2950	29160	03 माह
10	ग्राम टिकरिया में धूराम के फाटक (पुलिया) से रामबरन के घर की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	15.36	2.77	18.13	3658	36260	03 माह
11	ग्राम इटैलिया बाजा में पूर्व में निर्मित सी0सी0 से अखण्ड आश्रम की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	सरीला	10.63	1.91	12.54	2478	25080	03 माह
12	गाम गुसियारी में मेख्य मार्ग से शमशान घाट की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	मौदहा	14.40	2.59	16.99	3422	33980	03 माह
13	ग्राम पहाड़ी भिटारी में यज्ञशाला से विक्कू प्रधान के खेत की तरफ सी0सी0 निर्माण कार्य।	मुस्करा	10.17	1.83	12.00	2360	24000	03 माह
14	ग्राम अतरौली में धगवाँ दादो मेन रोड से राज कुमार नलकूप मार्ग का अवशेष भाग में सी0सी0 निर्माण कार्य।	सरीला	8.88	1.60	10.48	2124	20960	03 माह
15	ग्राम बिलरख में धीरू के घर से खेमचन्द्र के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	12.26	2.21	14.47	2950	28940	03 माह
16	ग्राम करही में सतीश के नलकूप से देवपाल के नलकूप की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	गोहाण्ड	15.62	2.81	18.43	3658	36860	03 माह
17	ग्राम वीरा में बम्बा पुलिया से खजुरी की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	गोहाण्ड	18.42	3.31	21.73	4366	43460	03 माह
18	ग्राम बसेला में गिरवर मेन रोड से गैस एजेन्सी तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	10.74	1.93	12.67	2478	25340	03 माह
19	ग्राम झिन्नावीरा में हरप्रसाद साहू के घर से तालाब के बन्धी तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	9.59	1.73	11.32	2242	22640	03 माह
20	ग्राम झिन्नावीरा के मजरा मडईया में मेन रोड से माक्षधाम तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	12.58	2.26	14.84	2950	29680	03 माह
21	ग्राम कस्बाखेड़ा में अरविन्द के घर से बस्ती की और नाला निर्माण का अवशेष भाग व पुलिया निर्माण कार्य।	राठ	13.59	2.45	16.04	3186	32080	03 माह
22	ग्राम गहरौली में बरॉय रोड पर हरिजन बस्ती की ओर नाला निर्माण कार्य।	मुस्करा	20.62	3.71	24.33	4838	48660	03 माह
23	ग्राम नोहाई में पिच रोड से औडेरा सम्पर्क मार्ग का शेष भाग का लेपन कार्य।	राठ	21.10	3.80	24.90	4956	49800	03 माह
24	ग्राम सैदपुर में संदीप दालमिल के बगल से अवशेष नहर तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	17.05	3.07	20.12	4012	40240	03 माह
25	ग्राम नवेनी में महेन्द्र राजपूत के घर से नरेन्द्र के ट्यूबवेल की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	गोहाण्ड	12.86	2.32	15.18	3068	30360	03 माह
26	ग्राम कछवाकला में करही मेन रोड से बलवान के खेत की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	सरीला	20.88	3.76	24.64	4956	49280	03 माह
27	ग्राम बरहरा में मेन रोड तिराहे से स्वामी जी के आश्रम की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	सरीला	10.66	1.92	12.58	2478	25160	03 माह
28	ग्राम स्यावरी में फूल सिंह कोटेदार के घर से नाला की पुलिया की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	20.21	3.64	23.85	4720	47700	03 माह
29	ग्राम पथनौड़ी में पेट्रोल पम्प से बलीराम लोधी के खेत की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	राठ	15.92	2.86	18.78	3776	37560	03 माह
30	ग्राम सौखर में मैकेश्वर बाबा के स्थान से गौशाला की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य।	सुमेरपुर	9.06	1.63	10.69	2124	21380	03 माह
31	ग्राम पंचायत मकरांव के मजरा तिन्दुही किशनचन्द्र में मेन रोड पुलिया से बरा कुआँ तक सी0सी0 निर्माण कार्य।	मौदहा	15.46	2.78	18.24	3658	36480	03 माह

1. जिला पंचायत हमीरपुर द्वारा आवश्यकतानुसार कार्य स्थल पर प्रयुक्त मटेरियल का तकनीकी परीक्षण किसी भी समय करवाया जा सकता है।
2. कार्यस्थल पर कार्य मानक / गुणवत्ता के विपरीत पाये जाने की स्थिति में ठेकेदार को एक सप्ताह के अन्दर मानक एवं विशिष्टियों के अनुसार कार्य कराना होगा, अन्यथा की स्थिति में कार्य के सापेक्ष जमा जमानत / धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
3. शासनादेशानुसार डिफेक्ट लायबिलटी पीरियड–02 वर्ष का होगा, तत्पश्चात निर्माण कार्यो के सापेक्ष जमा जमानत धनराशि वापस की जायेगी।
4. भुगतान से पूर्व ठेकेदार द्वारा ईएमएम–11 प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा ईएमएम–11 के सत्यापन के पश्चात ही भुगतान किया जाना सम्भव होगा।
5. किसी भी पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित किसी नियम के अनुसार ठेका पाने के लिये अर्नह था तो ऐसी दशा में प्रदान किया गया अनुबन्ध/ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
6. लेपन कार्यो के भुगतान से पूर्व ठेकेदार को बिटुमिन एंव इमलसन की सी0आर0सी0 प्रस्तुत करनी होगी।
7. ठेकेदार निविदा सबमिट करने से पूर्व सम्बन्धित कार्य स्थल का निरीक्षण कर ले, कार्य स्थल से सम्बन्धित कोई दावा मान्य नही होगा, तत्सम्बन्धी शपथ पत्र (मु0–100 रू0 के स्टाम्प पत्र) अपलोड करना अनिवार्य होगा।
8. ठेकेदार द्वारा मु0–10 रू0 के स्टाम्प पत्र पर अपना मोबाइल नम्बर, व्हाटसएप नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 एंव पत्र व्यवहार का सुस्पष्ट पता अंकित करते हुये ई–निविदा के साथ सबमिट किया जायेगा। भविष्य में विभाग से होने वाले पत्राचार हेतु व्हॉटसएप नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 को मान्य माना जायेगा। इस हेतु ठेकेदार का किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
9. ठेकेदार को कार्यवार श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

(संदीप कुमार श्रीवास्तव)
अभियन्ता
जिला पंचायत हमीरपुर

(उज्जवल अम्बेश)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत हमीरपुर

(जयन्ती राजपूत)
अध्यक्ष
जिला पंचायत हमीरपुर

सुविचार



बर्तन में रखा पानी चमकता है। समुद्र का पानी अस्पष्ट होता है। लघु सत्य स्पष्ट शब्दों से बताया जा सकता है, महान सत्य मौन रहता है।
-रविन्द्रनाथ टैगोर

अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

कानपुर के प्रमुख समाचार
- किडनी कांड में बड़े-बड़े डॉक्टरों के नाम-II
- नगर सीमा के बाहर नहीं जाएंगी ई-बसें -III
- सीएसजेएमयू में आनलाइन पंजीकरण -IV

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

फिर अंधेरे में शहर, जरा देर के आंधी-पानी का कहर

शनिवार को आए तूफान के तीन दिन बीतने के बाद भी नहीं खड़े हो पाए ज्यादातर गिरे बिजली के पोल

ब्लैकआउट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केस्को के नकारापन से शनिवार को आए आंधी-तूफान के कारण बिजली संकट की सजा भुगत रहे शहर के जख्मों पर मंगलवार शाम जरा देर के लिए आए आंधी-पानी ने नमक छिड़क दिया। हालांकि कहीं से पेड़ और पोल गिरने की सूचना नहीं आई पर दो तिहाई शहर की बत्ती गुल हो गई। बाजारों से लेकर मोहल्लों तक जेनरेटर धड़धड़ाते रहे। अधिकतर इलाकों में शाम की जलापूर्ति भी नहीं हो पाई। शाम छह बजे से समाचार लिखे जाने तक करीब आधा शहर अंधेरे में डूबा था।

शनिवार शाम आए आंधी-तूफान में केस्को के पोल, डबल पोल स्ट्रक्चर, एलटी व हाईटेंशन लाइन, एबीसी लाइनें और डॉग कंडक्टर आदि क्षतिग्रस्त होने से आधे से ज्यादा शहर में 24 से 36 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी थी। करीब दो दर्जन इलाकों में मंगलवार तक बिजली नहीं आई थी। ऐसे में मंगलवार शाम जब आसमान पर बादल घुमड़े और तेज हवा के साथ बौछारें पड़ीं तो लोगों में फिर से बत्ती गुल होने का डर समा गया, जो सही भी साबित हुआ। केस्को के ज्यादातर सबस्टेशनों से तत्काल बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई। चेन फैक्टरी चौराहा, शास्त्रीनगर, नमक फैक्टरी, गुमटी प्लाजा, कंपनी बाग सबस्टेशनों में पेड़ हटाने और पोल व केबल लगाने का चल रहा काम बंद हो गया।

बिजली और पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों का गुस्सा इस बात को लेकर था कि मरम्मत कार्य में केस्को ने पर्याप्त संख्या में कर्मचारी नहीं लगाए। करीब एक दर्जन मोहल्लों के लोगों ने शिकायत की कि उनके यहां अभी तक गिरे हुए पेड़ हटे ही नहीं हैं।

फजलगंज में गिरा यूनीपोल और पेड़। अमृत विचार

कई खंभे अभी टूटे पड़े हैं। अमृत विचार

- मंगलवार शाम मौसम बिगड़ने से आधे शहर में नहीं हो सकी जलापूर्ति, लोग पानी को तरसे

पॉश इलाके, घने मोहल्ले व बाजार सब अंधेरे में डूबे

आजाद नगर, सीसामऊ, नवाबगंज, विष्णुपुरी, शास्त्री नगर, विजय नगर, जवाहर नगर, आरके नगर, अशोक नगर, मोतीझील, अस्सी फिट रोड, रामबाग, पीरोड, जरीब चौकी, सिविल लाइंस, स्वरूप नगर, काकादेव, पांडु नगर, लाजपत नगर, रावतपुर, हंसपुरम, बारा सिरोही, आवास विकास, किदवई नगर, गुजैनी, कोयला नगर, गोविंद नगर, तात्याटोपे नगर, बर्रा-4, जूही, कोपरगंज, बाबूपुरवा आदि इलाकों में बिजली न आने से परेशान लोग सबस्टेशन और केस्को के हेल्प नंबरों पर आपूर्ति बहाल होने के लिए फोन करते रहे पर कहीं से सही जवाब नहीं मिला।

- फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में तीन दिनों से जारी संकट : शनिवार को आए आंदी- तूफान की वजह से पेड़ बिजली के खंभों पर जा गिरे थे। इससे फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तीन दिनों से बिजली संकट है। उद्यमियों का कहना है कि बिजली संकट ने करीब 400 उद्योगों और 1000 वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की कमर तोड़ दी है।



'एक्स' पर निकाली भड़ास, स्मार्ट नहीं डार्क सिटी जनाब

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बिजली संकट को लेकर गुस्सा जमकर फूटा। शोभित गुप्ता ने लिखा गंगापुर कालोनी में घंटों से बिजली गायब है। डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह की पीड़ा यह बताते हुए झलकी कि हम लोग जिनको समस्या बताकर टैग कर रहे हैं, उनकी बिजली ही नहीं कट रही है, तो उन्हें क्या फर्क पड़ेगा। बडेल ठाकुर के एकाउंट से शिवपुरी वार्ड-11 में आपूर्ति ठप होने की पोस्ट की गई। दीपक राय का कहना था कि जब से यूपीपीसीएल लखनऊ ने बिजली व्यवस्था का कंट्रोल अपने हाथ में लिया है, बेड़ा गर्क हो गया है। सुरेंद्र सिंह ने नरपत नगर जरौली में बिजली न होने से पानी नहीं मिलने की शिकायत की। ठाकुर आर्यन चंदेल ने लिखा 10 मिनट के हवा-पानी से घंटों बत्ती गुल हो जाती है, यही स्मार्ट सिटी है। राजेश शर्मा ने कहा कि जरा सी आपदा में सारा इन्फास्ट्रक्चर स्वाहा, यही तो है कानपुर।

नगर निगम पुराने हटा नहीं सका, फिर गिर गए पेड़

मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम और वन विभाग मिलकर नहीं हटा सके अब तक गिरे हुए पेड़

अमृत विचार। शनिवार शाम को आए तूफान का दर्द कानपुर स्मार्ट सिटी के बशिंदे आज भी झेल रहे हैं। मंगलवार तक नगर निगम शहर में जगह-जगह गिरे पेड़ों को पूरी तरह से नहीं हटा सका। वन विभाग का सर्वे भी पूरा नहीं हुआ और न ही नुकसान का आंकलन कर सका है। केस्को भी पूर्ण रूप से बिजली के खंभों को ठीक नहीं कर सका है। वहीं, शाम को फिर से एक दर्जन पेड़ गिर गए।

नगर निगम पहले दिन 70 पेड़ गिरने का दावा कर रहा था, उसके बाद यह संख्या 100 के करीब पहुंच गई थी, लेकिन मंगलवार को जानकारी दी गई है कि 200 पेड़ गिरे हैं और मुख्य मार्गों पर गिरे कई पेड़ों को हटाया जा चुका है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क के पास गिरा विशालकाय पेड़ मंगलवार तक नहीं हटाया जा सका है। इसके अलावा कई क्षेत्र और भी है, जहां पर पेड़ गिरे हैं, उनको सड़क से हटा कर साइड तो कर दिया है, लेकिन साइड में रखे पेड़ यातायात में बाधा बने हुए हैं। इसकी वजह से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभी इसका जख्म भरा भी नहीं था कि मंगलवार शाम को आई आंधी व हुई बारिश में सर्किट हाउस, नौबस्ता व आदि जगहों पर एक दर्जन पेड़ गिरे। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडे के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश हो रही है, जो की 9 अप्रैल तक जारी रह सकती है। दोपहर में मौसम 33.5 डिग्री सेल्सियस के करीब था, जो की बारिश के बाद गिरकर 20 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है।

30 साल पुराना मंदिर क्षतिग्रस्त

- कानपुर। आंधी व बारिश की वजह से आवास विकास हंसपुरम के वार्ड 22 में पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आने से मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय निवासी रोहित का कहना है कि यह मंदिर करीब 30 साल पुराना था, जिसमे क्षेत्र के लोग पूजा-अर्चना के लिए आते थे, जो अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। अगर समय रहते कुछ प्रबंध नहीं किया गया तो यह मंदिर नहर में गिर सकता है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

शहर में आज

- **भजन :** सद्गुरु आनंदमूर्ति गुरुमां के अवतरण दिवस पर बर्रा के पुष्पांजलि के गेस्ट हाउस में भजन संध्या शाम 5 बजे से।
- **पुष्पांजलि :** चंद्रशेखर आजाद जन कल्याणसमिति की ओर से प्रथम योद्धा शहीद मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर नाना राव पार्क प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि सभा शाम 4:30 बजे।
- **स्थापना दिवस :** हेरिटेज होम स्वरूप नगर में यूवाई ट्राइनवीरो का दसवां स्थापना दिवस शाम 7 बजे।
- **प्रकाश पर्व :** सरबत दा फाउंटडेशन की ओर से गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर कार्यक्रम खालसा कॉलेज गोविंद नगर शाम 6:30 से
- **श्रद्धांजलि :** नौबस्ता के पहाड़पुर में दोपहर 12 बजे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव लाला पहलवान को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे।
- **जनसुनवाई :** नगर निगम जोन-1 में शिकायत से समाधान तक गृहकर, सफाई, अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर श्याम महोत्सव के पास नानाराव पार्क फूलबाग में सुबह 10:30 बजे से।

सिटी ब्रीफ

अखिलेश यादव आज शहर में

कानपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को कानपुर आ रहे हैं। वे दोपहर 12 बजे तुलसी नगर पहाड़पुर नौबस्ता गल्ला मंडी में स्व. रंजन सिंह यादव उर्फ लाला पहलवान को श्रद्धांजलि देंगे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कानपुर। महाराजपुर के सरसौल स्थित सीएचसी के पीछे कमरे में प्राइवेट सफाई कर्मचारी के पति ने चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से कानपुर देहात के सत्ती जहांगिरपुर के रहने वाले 36 वर्षीय धर्मपाल उर्फ छैया सीएचसी के पीछे बने कमरे में रहते थे। मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे पत्नी विनीता सरसौल बाजार गई थीं, बच्चे कमरे के बाहर खेल रहे थे। तभी मौका पाकर धर्मपाल ने यह कदम उठाया। पत्नी जब वापस घर लौटी तब घटना की जानकारी हुई। आननफानन में साथी कर्मचारी उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धर्मपाल के परिवार में पत्नी विनीता और तीन बच्चे अनन्या, अर्पिता व राजवीर हैं।

मरीज की मौत पर अस्पताल में हंगामा

कानपुर। किदवई नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती 66 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन की इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर गलत इंजेक्शन देने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने ही परिजन बिना कार्रवाई कराए शव लेकर चले गए। गुजैनी निवासी अशोक कुमार बिजली मैकेनिक थे। उनके परिवार में पत्नी तुलसी देवी, बेटे मोहित कुमार, नितिन कुमार और आशीष कुमार हैं। मोहित कुमार के मुताबिक करीब 20 दिन पहले गिरने से उनके पिता को ब्रेन हेमरेज हो गया था। जिसके बाद काकादेव के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

मसवानपुर, नानकारी में सीवर लाइन डालने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 7 वार्डों में 342 करोड़ से जल निगम दूर करेगा सीवर समस्या साढ़े तीन लाख आबादी को मिलेगा लाभ
- अमृत योजना-2 में ट्रैंच विधि से बिछाई जा रही पाइप लाइन तीन पंपिंग स्टेशनों का भी होगा निर्माण

अमृत विचार। मसवानपुर और नानकारी में अमृत योजना-2 के तहत सीवर लाइन डालने का काम शुरू कर दिया गया है। यहां ट्रैंच विधि से पाइप डाले जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत शहर के 7 वार्डों मसवानपुर, कल्याणपुर, आवास विकास कल्याणपुर, नवीन नगर काकादेव, नानकारी, विनायकपुर और रावतपुर में 342 करोड़ रुपये से सीवर लाइन डाली जानी है। शहर के पश्चिम इलाके में स्थित ये सभी वार्ड लंबे समय से सीवर समस्या के साथ जलभराव की परेशानी से जूझ रहे हैं।

जल निगम ने अमृत योजना-2 में सात वार्डों की करीब साढ़े तीन लाख आबादी को सीवर समस्या और जलभराव से निजात दिलाने की

तैयारी की है। शासन से इस संबंध में कार्ययोजना को मंजूरी मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर कार्य शुरू किया गया है। योजना में कुल मिलकर 200 किमी लंबी सीवर लाइन डालने के साथ तीन पंपिंग स्टेशनों का निर्माण भी होना है। सीवरेज पंपिंग स्टेशनों के लिए जगह पहले ही चिह्नित की जा चुकी है। सीवेज को शोधन के लिए पनका में स्थित 30 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भेजा जाएगा। वहां से शोधित उत्प्रवाह पांडु नदी में डाला जाएगा। सीवर लाइन से 22,500 कनेक्शन दिए जाने हैं। साढ़े तीन लाख जनता को लाभ मिलेगा।

यहां पर पड़नी है सीवर लाइन

वार्ड -8 मसवानपुर, 19-कल्याणपुर, 23-आवास विकास कल्याणपुर, 25- नवीन नगर काकादेव, 27- नानकारी, 54-विनायकपुर, 60-रावतपुर।

जोनल अधिकारी पर महिला ने लगाया अभद्रता का आरोप

कानपुर। बच्चे का जन्म प्रणाम पत्र बनवाने के लिए तीन माह से एक महिला को जोनल कार्यालय से टरकाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह काफी परेशान हो गई और मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंची, यहां पर महिला ने अपर नगर आयुक्त व महापौर से शिकायत की। जरीब चौकी, चंद्रनगर निवासी नीलम वर्मा ने बताया कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र में सरनेम में गलती है। तीन माह पहले नगर निगम के जोन-4 कार्यालय में नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कर पत्र जमा कर दिए थे, लेकिन काम अब तक नहीं हुआ। 10 दिन बाद आने की बात कह-कहकर लगातार दौड़ाया जा रहा है। वहीं, महिला ने आरोप लगाया कि जोनल अधिकारी कह रहे हैं कि क्या अब माता-पिता बदल गए। उन्होंने अभद्रता कर भगाने का आरोप भी लगाया।

गहरे नाले की स्लैब धंसी, बचा हादसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। किदवईनगर सी ब्लाक स्थित संस्कार लान के पास करीब 20 फीट लंबी नाले की स्लैब अचानक धंस गई। गनीमत रही कि उस समय वहां से न कोई राहगीर गुजर रहा था और न ही कोई वाहन। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पार्षद गिरीश बाजपेई मौके पर पहुंचे और नगर निगम अधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही सुरक्षा के लिहाज से नाले के चारों ओर बैरिकेडिंग करवाई। पार्षद के अनुसार वर्ष 1962 में बने इस नाले पर स्लैब पड़ी होने के कारण आज तक उसकी सफाई नहीं कराई गई। वह कई बार अधिकारियों को नाले की सफाई और जर्जर हो रही स्लैब के बारे में बता चुके हैं। इतना ही नहीं उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी को भी समस्या से अवगत कराया था, जिसके बाद नगर निगम से करीब चार करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मौके पर पहुंचे जोन तीन के अधिशासी अभियंता आरके तिवारी और सहायक अभियंता सिद्धार्थ कुमार ने निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नाला काफी पुराना है। स्लैब धंसने के बाद मलबा हटाकर बैरिकेडिंग कर दी गई है। जेसीबी की मदद से स्लैब और नाले का मलबा हटवाया गया, ताकि जलनिकासी में कोई दिक्कत न हो।

धंसी 20 फीट लंबी नाले की स्लैब। अमृत विचार

दिल्ली का विमान नहीं आया मुंबई वाला यात्री ढोकर लाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के कारण ईंधन काफी महंगा हो गया है, यात्री की संख्या में काफी कमी आ गई है। इसके अलावा कानपुर दिल्ली समेत कई जगह मौसम भी खराब है। ऐसे में मंगलवार को दिल्ली की फ्लाइट कानपुर नहीं आई जिसका यात्रियों ने विरोध किया। उसके बाद मुंबई से आए विमान को कानपुर से दिल्ली रवाना करना पड़ा और फिर दिल्ली से कानपुर वापस आया।

मंगलवार को कानपुर एयरपोर्ट पर विमानों को लेकर काफी यात्री परेशान रहे। मुंबई की फ्लाइट ने सुबह लगभग 11 बजे कानपुर के रनवे पर कदम रखा तो यात्रियों की नाराजगी को देखते हुए एयरलाइंस के जिम्मेदारों ने फ्लाइट को कानपुर से दिल्ली रवाना कर दिया। दिल्ली में जो यात्री कानपुर के लिए फ्लाइट

- दिल्ली की फ्लाइट कानपुर नहीं आई, यात्रियों ने किया एतराज
- मुंबई से आये विमान को पहले दिल्ली भेजा, फिर मुंबई रवाना

का इंतजार कर रहे थे, उनको लेकर विमान कानपुर आया और फिर कानपुर से मुंबई के लिए उड़ान भरा। बताते चलें कि कानपुर में हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली के लिए फ्लाइट हैं लेकिन इधर कई दिनों से यात्रियों की संख्या में भारी कमी आई है जिसका परिणाम आने लगा है। इस संबंध में इंडिगो एयरलाइंस के मैनेजर पंकज पांडेय एवं कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

विकास मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रगति पूछी, पिछले 20 वर्षों से बस अड्डा पीपीपी मॉडल के सुनहरे ख्वाब में फंसा

आधुनिकीकरण के लिए झकरकटी बस अड्डा खाली करो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे का पीपीपी मॉडल के तहत आधुनिकीकरण पिछले 20 वर्षों से लटका है। समस्या को हल कराने के लिए बीते दिनों कानपुर मंडल के मंडलायुक्त विजेंद्र के. पांडियन ने अधिकारियों के साथ बैठक की और बस अड्डा खाली करने को कहा।

मंडलायुक्त ने निर्देशित किया है कि झकरकटी बस अड्डे में मेट्रो के बगल में झील का सौंदर्यीकरण करें। इस अवसर पर पीपीपी मॉडल के लिए चयनित मेसर्स सीगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने बस अड्डा के 4 मानचित्र उपलब्ध कराते हुए अपनी बात रखी कि पीपीपी मॉडल के लिए उन्हें कितना स्थान चाहिए। तय हुआ कि मेसर्स सीगल इण्डिया प्राइवेट लि. मानचित्र नं0-4 पर

झकरकटी बस अड्डे पर खड़ीं बसें। अमृत विचार

प्रदर्शित मार्ग का स्ट्रेक्चर, डिजाइन, साइट प्लान, रिटेनिंग वाल एवं पाइलिंग इत्यादि का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (डीपीआर) तैयार कर शीघ्रताशीघ्र नगर निगम को उपलब्ध करायेगा। बैठक में केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह, अर्पित उपाध्याय नगर आयुक्त, महेश कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन कानपुर परिक्षेत्र, राकेश कुमार गुप्ता सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त, एसएफए जैदी अधिशासी अभियंता सिविल, नगर निगम, आरके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल नगर निगम, अरविंद कुमार मीना परियोजना निदेशक मेट्रो, जगवीर सिंह सहायक अभियंता सीगल प्राइवेट लिमिटेड ने शिरकत की।

बस अड्डा ले कहां जाएं?

इसके पहले भी मंडलायुक्त ने परिवहन अधिकारियों से बस अड्डा खाली करने को कहा था लेकिन परिवहन अधिकारियों को बस अड्डा शिफ्ट करने के लिए कहीं जगह नहीं मिल रही। आजाद नगर स्थित सिग्नेचर सिटी बस अड्डा से बसों का संचालन कराने की योजना परिवहन बना रहा है लेकिन ये बस अड्डा इतना छोटा है कि 50 बसें भी मुश्किल से आएंगी जबकि झकरकटी बस अड्डे पर प्रतिदिन लगभग 1400 बसों का आवागमन है। नगर निगम द्वारा तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिये सम्बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा चुका है। मार्ग निर्माण में व्यय होने वाली धनराशि का वहन कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जायेगा।

सिटी ब्रीफ

युवक का अपहरण कर पीटा, पार्क में फेंका

कानपुर। चकेरी के श्याम नगर में सोमवार रात को कार सवार बदमाशों ने पुराने विवाद में अंडा दुकानदार को अगवा कर लिया। इसके बाद कार में उसे मारापीटा। घटनास्थल से 150 मीटर दूर एक पार्क में फेंककर भाग निकले। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। युवक को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्यामनगर निवासी अभिषेक गुप्ता पीएसी मोड़ के पास अंडे की दुकान लगाते हैं। अभिषेक के दोस्त सनी ने बताया कि सोमवार रात अभिषेक के ठेले पर कार सवार चार-पांच बदमाश आए और पुराने विवाद को लेकर अभिषेक को गालियां देकर कार से अगवा कर लिया। अभिषेक को चलती कार में पीटा। फिर घटनास्थल से करीब 150 मीटर दूर महाराजा पार्क में फेंक दिया और भाग निकले। इलाके के लोगों ने अभिषेक को पार्क में पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया और अभिषेक को कांशीराम अस्पताल ले गए, जहां से उसे हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। युवकों का कुछ माह पहले अभिषेक से विवाद हुआ था। उसी खुन्नस में उसे पीटा गया है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी

कानपुर। मूलगंज में चोरों ने एक किराना दुकान में धावा बोल दिया। शातिर 50 किलो देशी घी, चायपत्ती समेत हजारों का माल ले गए। दुकान के ताले टूटे देख पड़ोसी ने घटना की जानकारी मालिक को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। हटिया रंग बाजार निवासी शुभम अग्रवाल की तहरीर के अनुसार बाजार में उनकी गौरव व बसंत लाल के नाम से किराना दुकान है। वह काम से प्रयागराज गए थे। इस बीच चोर दुकान का शटर तोड़कर 50 किलो देशी घी, 10 किलो चायपत्ती समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना 28 मार्च की है। जब पड़ोसियों ने जानकारी दी तो घर पहुंचने के बाद उन्होंने थाने में शिकायत की। मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है।

राजनीतिक कनेक्शन और बड़े बड़े डॉक्टरों के नाम बताए

किडनी कांड के दलाल शिवम से पुलिस टीम ने पूछे 144 सवाल

किडनी कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को हुई पूछताछ, पहले चुप्पी साधी फिर बौखलाया शिवम
- एक फरार सदस्य की लोकेशन साइबर टीम को महाराष्ट्र में मिली, रवाना

अमृत विचार। न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को पुलिस टीम ने किडनी कांड में दलाल शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काणा से पूछताछ की। 144 सवालों पर काणा बौखला गया। शुरूआत में वह मौन रहा, हालांकि बाद में उसने चुप्पी तोड़ी। उसने राजनीतिक कनेक्शन का खुलासा और शहर के कई बड़े डॉक्टरों के भी नाम बताए। पुलिस के क्रास सवालों में फंसकर वह घबराया तो कई बार पानी मांगा। पुलिस ने शिवम व उससे जुड़े बैंक खातों की भी जानकारी की। ट्रांजेक्शन की भी जांच की है। वहीं किडनी कांड की जांच में लगी साइबर टीम को एक सदस्य की लोकेशन महाराष्ट्र में मिली है। टीम वहां रवाना हुई है।

किडनी ट्रांसप्लांट मामले में जांच में लगी साइबर टीम को सिंडिकेट के एक सदस्य की लोकेशन महाराष्ट्र में मिली है। टीम वहां के लिए रवाना हुई है। वहीं, लखनऊ के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में आयुष से भी पूछताछ करने एक टीम पहुंची। पता चला कि देहरादून की ग्राफिक एरा से उसने पढ़ाई ही नहीं की। वह उत्तरांचल यूनिवर्सिटी का छात्र है, उसने झूठ बोला था। किडनी कांड में दलाल शिवम अग्रवाल उर्फ शिवम काणा से मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस की एक टीम ने पूछताछ की। टीम के तीन लोगों ने उससे 144 सवाल किए। कई सवालों के जवाब पर वह खामोश रहा। उसने शहर के कई बड़े डॉक्टरों के नाम भी बताए। पूछताछ के बाद पुलिस टीम बयानों को पुख्ता करने की जांच में जुटी है। हालांकि किसी भी बड़े डॉक्टर की अभी तक किडनी कांड में संलिप्तता के प्रमाण नहीं मिले हैं। शिवम के बैंक खातों की भी पुलिस ने पड़ताल की है। शिवम के खाते से कई बड़े ट्रांजेक्शन भी हुए हैं। लोगों से उसका व्यापारिक संबंद्ध भी है। उसने बताया कि वह हेल्थ से जुड़े इक्विपमेंट सप्लाई करता है। पुलिस टीम लेनदेने से जुड़े लोगों की तलाश में भी है। यह पता किया जा रहा है कि लेनदेन किडनी के संबंद्ध में तो नहीं है।

टेलीग्राम पर दो डॉक्टर भेजते थे गेम के लिंक

- पुलिस जांच में सामने आया कि डॉक्टर व उनकी टीम टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर गेमिंग के ग्रुप बनाए थे। जिसे डॉ. अफजाल व डॉ. मुदस्सिर अली चलाते थे और टास्क वाले गेम के लिंक भेजे जाते थे। लॉग इन करने पर खिलाड़ी को अपना अकाउंट बनाना होता था। हर खिलाड़ी को बोनस फंड देकर खेलने के लिए उत्साहित किया जाता था। पहले आसान टास्क देकर दिताया जाता फिर जीती रकम उनके अकाउंट में ट्रांसफर की जाती। फिर बढ़ते स्टेज पर गेम मुश्किल होता जाता। हर स्टेज पर रकम बढ़ती। फिर लोग हारने लगते। बड़ी रकम जीतने के चक्कर में लोग उधार लेकर खेलते व हारते। इसके बाद उनसे डॉ. अफजाल टीम का सदस्य संपर्क करता। हारी हुई रकम चुकाने का दबाव बनाता। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि किडनी डोनेट करने के लिए लोगों मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जाता।

ब्रेनवॉश के लिए सिंडिकेट में मौजूद थे सदस्य

- डोनर का ब्रेनवॉश करने के लिए सिंडिकेट में सदस्य मौजूद थे। जो एक किडनी से सामान्य जीवन जीने की बात कहते। देश में बड़ी हस्तियों का नाम लेकर डोनर को तैयार करते थे। इनकार करने पर डोनर को अमेरिका व लंदन की रिसर्च भेजी जाती। जिसमें उन लोगों का जिक्र होता, जो एक किडनी के साथ पैदा हुए और अच्छी जिंदगी जी रहे हैं। ब्रेनवॉश करने के बाद किडनी डोनेट करा लेते थे। यही तरीका अपनाकर आयुष की किडनी निकाली गई।

अफ्रीकन एंबेसी से मांगी महिला की डिटेल

- अफ्रीकन महिला अरेबिका का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस के सामने उसकी डिटेल पता करना बड़ी चुनौती है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अफ्रीकन महिला की जानकारी देने में शिवम काणा अहम कड़ी है। क्योंकि महिला से संबंधित शिवम का ही वीडियो सामने आया है। वीडियो में वह आला लगाकर जांच करते हुए दिख रहा है। साथ ही साउथ अफ्रीका की एंबेसी से भी संपर्क किया गया है। डीसीपी वेस्ट कासिम आबिदी के अनुसार शिवम सिंडिकेट की मुख्य कड़ी है। उससे राज उगलवाने के लिए कोर्ट से सात दिन की रिमांड मांगी है। रिमांड मिलने पर उसे मेरठ व दिल्ली ले जाया जाएगा।

शातिर अपराधी भी है शैफी, 10 दिन कानपुर रहा

- परवेज शैफी के पास भी किडनी कांड के कई राज हैं। इसलिए पुलिस उसे मेरठ से लेकर आ रही है। शैफी किडनी ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टरों को लाने का काम करता था। डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि पारुल के किडनी ट्रांसप्लांट के दौरान शैफी ही डॉ. रोहित की टीम को लेकर आया था। 10 दिनों तक वह शहर में रहा। करीब हर ऑपरेशन में उसका मूवमेंट सामने आया है। शैफी पर मेरठ व बागपत में लूट के मुकदमे, गाजियाबाद के टीला मोड़ पर डकैती और एक हत्या का प्रयास का भी मुकदमा दर्ज है।

मृतक आश्रित कोटे का गार्ड बना हॉस्पिटल मालिक

- डीसीपी कासिम आबिदी ने बताया कि मसवानपुर में मेडलाइफ हॉस्पिटल के मालिक डॉ. रोहन व डॉ. नरेंद्र से पूछताछ की गई। तब अजय का नाम सामने आया। अजय को हैलट में मृतक आश्रित कोटे में गार्ड की नौकरी मिली थी। सिर्फ एक साल नौकरी करने के बाद अजय ने कल्याणपुर के केशवपुरम में स्टार हॉस्पिटल खोल दिया था। उसने डॉ. रोहन व डॉ. नरेंद्र को नौकरी पर रखा था। वहीं अजय ने बताया कि रोहन व नरेंद्र को उसने ही शिवम काणा से मिलवाया था। उसके बाद शिवम काणा और डॉ. रोहित दोनों मेडलाइफ हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट कराने के लिए राजी हो गए थे। शिवम काणा, डॉ. नरेंद्र व रोहन के बीच डील की जानकारी से उसने मना किया। पुलिस ने करीब तीन घंटे अजय से पूछताछ की, नोटिस जारी कर छोड़ दिया।

बिना लाइसेंस चल रहे आईसीयू सात अस्पतालों को नोटिस दिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित एक अस्पताल को सील कर दिया और दूसरे अस्पताल की ओटी सील की। जबकि सात अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

किडनी कांड के बाद कल्यानपुर क्षेत्र में मंगलवार को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.रमित रस्तोगी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर 11 निजी हॉस्पिटलों में निरीक्षण किया। नवजीवन क्रिटिकल केयर सेंटर कल्यानपुर को बिना पंजीकरण व बिना मानक के संचालित मिला। प्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ भी मौजूद नहीं मिला, इसलिए नोडल अधिकारी ने इस अस्पताल को मौके पर ही सील किया। जबकि एलएस हॉस्पिटल में बिना मानक और बिना लाइसेंस से ऑपरेशन थिएटर संचालित मिला, जिसपर स्वास्थ्य टीम ने अस्पताल पर सील की कार्यवाही की और तीन दिन में अस्पताल में भर्ती मरीजों को संदर्भित कर अस्पताल बंद किये जाने के निर्देश दिए। इनके अलावा टीम ने चरक नर्सिंग होम, आरोग्य मेडिकल सेंटर, यथार्थ हॉस्पिटल, नीलम सरोज हॉस्पिटल, माधव हॉस्पिटल, श्री राधे हॉस्पिटल और जीवन हॉस्पिटल में निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय स्वास्थ्य टीम को इनमे से अधिकांश अस्पतालों के बाहर बोर्ड पर आईसीयू, एनआईसीयू व ओटी की सुविधा की जानकारी दर्ज मिली, लेकिन अंदर मानक पूरे नहीं मिले। कुछ जगहों पर प्रशिक्षित डॉक्टर व स्टाफ तक नहीं मिले, जबकि मरीज जरूर भर्ती पाए गए। इसलिए इन अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया।

एलएस हॉस्पिटल के बाहर टीम के साथ नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी।

पहले भी इन अस्पतालों को जारी किया गया था नोटिस

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 11 फरवरी को कल्यानपुर क्षेत्र में निजी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाकर कुछ अस्पतालों को नोटिस जारी किया था, जिनमे वह भी अस्पताल शामिल है, जिनको मंगलवार को फिर से नोटिस जारी किया गया है। तब भी मानक पूरे नहीं थे और अब भी मानक पूरे नहीं है। लेकिन बावजूद इसके इन अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ.रमित रस्तोगी ने बताया कि निरीक्षण के समय एक अस्पताल को सील किया गया। दूसरे अस्पताल की ओटी सील कर तीन दिन में अस्पताल बंद करने के निर्देश दिया गया और सात अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। समय पर जवाब नहीं आने पर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी।

गबन की रिपोर्ट

कानपुर। नवाबगंज में एक कारोबारी ने अपने फर्म के एजेंट पर लाखों रुपये गबन का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पांडुनगर मॉडल टाउन निवासी यश गुप्ता के अनुसार वह एफएमसीजी उत्पादों के थोक कारोबार करते हैं। पिछले साल नवंबर में बैकुंठपुर बिठूर रोड निवासी मनीष त्रिवेदी को फर्म में एजेंट नियुक्त किया था। आरोप है कि दुकानदारों से बिक्री की रकम वसूलने के बाद भी एजेंट ने करीब 4.47 लाख जमा नहीं किए। बीती जनवरी माह में कार्यालय बुलाने पर उसने गाली-गलौज कर धमकी दी। पुलिस के सुनवाई न करने पर कोर्ट का सहारा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

साइबर ठग ने खाते से 90 हजार उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोविंदनगर में साइबर ठग ने प्राइवेट कर्मी के खाते से 90 हजार रुपये पार कर दिए। दो दिन बाद फिर 92 हजार रुपये निकालने की कोशिश की, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल हो गया। मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला और तुरंत खाता फ्रीज कराया। गुजैनी एफ-ब्लाक निवासी अजय मौर्य के अनुसार उनका खाता बैंक आफ इंडिया रतनलाल नगर शाखा में है और वह ऑनलाइन लेनदेन करता है।

उन्होंने बताया कि 15 मार्च की शाम उनके खाते से 90 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके बाद 17 मार्च की सुबह फिर से 92 हजार रुपये निकालने की कोशिश की गई, लेकिन इस बार ट्रांजेक्शन असफल रहा। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर खाता फ्रीज कराया और पुलिस को सूचना दी। गोविंदनगर थानाप्रभारी रिकेश सिंह के अनुसार मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

फूलबाग में जलकर राख मंडी का मंजर। अमृत विचार

शायद कुछ बचा हो, राख में तलाश रहीं आंखें

अमृत विचार Follow UP

फूलबाग अग्निकांड

- खुले आसमान के नीचे परिवार फीस का पैसा भी जल गया
- 69 पीड़ितों की सूची तैयार मुआवजे के लिए लगा रहे गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोमवार की शाम फूलबाग में फलमंडी, सब्जी मंडी जलकर खाक हो गयी। रातभर खुलेआम के नीचे छोटे छोटे बच्चों के साथ परिवारों ने रात गुजारी और सुबह से ही राख हो चुकी ठेले, साइकिल, गृहस्थी का सामान तलाशते रहे कि शायद कहीं कुछ बचा हो लेकिन सब कुछ राख हो चुका था। मंगलवार शाम को मौसम खराब होने के बाद पीड़ित परिवार और मुसीबत में फंस गये।

पीड़ित परिवारों ने बताया कि बिक्री का सारा पैसा जल गया। ठेले और बड़ी संख्या में माल भी जलकर राख हो गया। झोपड़ी डालकर रह रहे 20 ऐसे परिवार हैं जिनकी सारी गृहस्थी जलकर राख हो गयी। इस अग्निकांड में 32 परिवार प्रभावित हुए हैं और पूरी तरह बर्बाद हुए हैं। एक बुजुर्ग मां की बेटी की शादी एक माह बाद है, दुर्भाग्य से सोमवार को ही उसने बेटी के लिए खरीददारी की थी लेकिन अग्निकांड हो गया जिसमें उसका पूरा सामान व नकदी जल गई। कुछ पीड़ित जो दुकान में रहते थे उनके पास कपड़े तक न बचे पहनने को।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष वी एस गुप्ता के निर्देशानुसार पर कानपुर मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार के नेतृत्व में पीड़ित व्यापारियों एवं परिवारों से मिला और मुआवजा के लिए पीड़ित परिवारों के साथ मिलकर आंदोलन करने की घोषणा की। मांग की गई कि प्रत्येक दुकानदार को 2 लाख 75000 रुपये का मुआवजा दिया जाये।

बुधवार को व्यापार मंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर आधिकारिक रूप से संघर्ष के मार्ग पर उतरेगा। इस अवसर पर संगठन मंत्री आनंद गुप्ता, नरेश कठेरिया, अजय प्रकाश तिवारी, अजय श्रीवास्तव शीलू, जितेंद्र गिरि, दिलीप सिंह, राम शंकर राय, विनोद अवस्थी, प्रीति सोनकर आदि मौजूद रहे।

फल व सब्जी मंडी के कुछ प्रमुख पीड़ित

- फूलबाग में आग से प्रभावित हुए लोगों में सोनी चौरसिया, राम दुलारी, राज कुमार कश्यप, सुमन, दीपक अमित, प्रहलाद, शिवशंकर सैनी, रमेश वर्मा, रेनू जायसवाल, कमला मिश्रा, विशाल मिश्रा, राजेश तिवारी, सचिन, विजय, राम कुमार गुप्ता, माया देवी, नकछेद, बउवन, विकास, राजू, किरन, कपिल, मैना देवी, सत्यप्रकाश मौर्या, ओमपरित कश्यप आदि शामिल हैं।

अग्निकांड पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और फूलबाग क्षेत्र में सोमवार को हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की।

पवन गुप्ता ने आरोप लगाया कि केस्को की लापरवाही के कारण लगी आग में कई दुकानदारों की आजीविका पूरी तरह समाप्त हो गई। कई परिवारों की बेटियों की शादी के लिए जमा नकदी जलकर राख हो गई, जबकि अन्य लोगों का सामान, फल-सब्जी और दुकानें पूरी तरह नष्ट हो गईं। सभी प्रभावित परिवारों को तत्काल 10 लाख रुपये का मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, मुकेश वाल्मीकि, अजय श्रीवास्तव शीलू, पदम मोहन मिश्रा, किरण गुप्ता, विनोद अवस्थी, सुनील वाल्मीकि आदि कांग्रेस नेता और पीड़ित परिवार उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी से अपनी बात कहते अग्निकांड पीड़ित व कांग्रेस नेता।

- कांग्रेस ने पीड़ितों के लिए डीएम से की 10 लाख मुआवजे की मांग

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

राजमिस्त्री की हत्या में मुकदमा

कानपुर। चकेरी के पीएसी मोड़ निवासी राजमिस्त्री की हत्या में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मूलरूप से हमीरपुर के कालपी चौराहा निवासी 30 वर्षीय राजमिस्त्री आशीष शर्मा उर्फ कन्हैया एक साल से अकेले पीएसी मोड़ मंदिर के पास किराए पर रहते थे। बीती दो अप्रैल को आशीष की गला घोंटकर हत्या की गई थी। आशीष का शव कमरे में मिला था। मृतक की पत्नी आरती ने आशीष का मोबाइल, रुपये व पर्स गायब होने व मकान मालिक पर विवाद के चलते हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतक के साले इटावा निवासी रामयश की तहरीर पर अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आशीष के मकान मालिक से पूछताछ के बाद पुलिस को आशंका है कि हमीरपुर से ही हत्या के तार जुड़े हैं।

जमीन घोटाले में वादी को घेरकर जान की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित की तहरीर पर आरोपी व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार। कचहरी परिसर में जमीन घोटाले की लड़ाई लड़ रहे रवि प्रताप सिंह को घेरकर किए हुए हमले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी शैलेंद्र कुमार शर्मा व उसके 3-4 साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पूर्व में चर्चित अधिवक्ता खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। यह भी आरोप है कि आरोपी खुद को अधिवक्ता बताता है, लेकिन है नहीं।

बाबूपुरवा के बगाही भट्ठा निवासी रवि प्रताप सिंह श्रीराधा रमण शिष्य संप्रदाय फाउंडेशन के सलाहकार मंडल सदस्य व गंगा समग्र गंगा वाहिनी में प्रांत स्तर पर सह-प्रमुख हैं। दी तहरीर में उन्होंने बताया कि वह 3.21 करोड़ रुपये की जमीन घोटाले की लड़ाई लड़ रहे है। बीती छह फरवरी को वह कचहरी गए थे, तभी आरोपी शैलेंद्र कुमार शर्मा अपने साथियों के साथ उन्हें रोककर घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज की। दबाव बनाया कि यदि उन्होंने धोखाधड़ी व रंगदारी के मुकदमे को वापस नहीं लिया तो हत्या, बलात्कार व अन्य झूठे मामलों में फंसाकर जेल भिजवा दिया जाएगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की थी। आरोप लगाया था कि आरोपी लगातार पीछा करते हैं। जिससे उन्हें व परिवार की सुरक्षा का खतरा है। आरोप है कि आरोपी ने पूर्व में चर्चित अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने शैलेंद्र कुमार पर फर्जी तरीके से अधिवक्ता की वेशभूषा धारण कर कचहरी में सक्रिय रहने, गिरोह चलाने व निर्दोष लोगों को गुमराह कर ठगी करने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार कचहरी परिसर में सरेआम घेरकर जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी शैलेंद्र कुमार शर्मा व उसके साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर ऐसी घटनाएं रोकने की मांग भी उठाई गई है।

सड़क सुधार | प्रमुख लिंक मार्ग होने के बावजूद एक साल से सड़क थी लापता

पांडु नगर सड़क का चौड़ीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेशुमार गड्ढों में वाहन फंसने से लगता था जाम
- दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ी की जा रही सड़क

अमृत विचार। नीरक्षीर चौराहा पांडु नगर से नहरिया चौराहे तक करीब 300 मीटर सड़क के चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। अभी इस सड़क की चौड़ाई सात मीटर है, जिसे दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर का विस्तार देकर 10 मीटर चौड़ा बनाया जा रहा है, इसके लिए सड़क के दोनों ओर खोदाई और समतलीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है।

नीरक्षीर चौराहा से पांडु नगर गुरुद्वारा होते हुए नहरिया चौराहा मार्ग पर वाहनों का भारी दबाव रहता है। पिछले कुछ समय से इस मार्ग पर अनेक व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी खुल चुके हैं। यह मार्ग पांडु नगर को शास्त्री नगर, जेके टेंपल रोड, शिवाजी नगर, लाजपत नगर और सर्वोदय नगर से जोड़ता है, लेकिन बेशुमार गड्ढों के कारण इस मार्ग पर सड़क का नामोनिशान ही नहीं बचा है।

पांडुनगर गुरुद्वारा वाली सड़क बदहाल है। अमृत विचार

ध्वस्त सड़क पर वाहनों के फंसने से पूरे दिन जाम लगा रहता है, और धूल उड़ती है, जबकि बारिश होने पर जलभराव में गड्ढे खतरनाक हो जाते हैं। पिछले एक वर्ष से क्षेत्रीय लोग इस सड़क को बनाए जाने की मांग कर रहे थे। नगर निगम ने अब इस सड़क का चौड़ीकरण करके सुधारने की पहल की है। निगम अभियंता का कहना है कि एक माह के भीतर सड़क का काम पूरा कर लिया जाएगा।

खलासी की मौत चालक पर हत्या का आरोप

कानपुर। सचेंडी में ट्रक खराब होने की सूचना पर पहुंचे मालिक को केबिन में खलासी का शव मिला था। परिजनों ने चालक पर हत्या का आरोप लगाया था। कानपुर देहात के रनिया जैनपुर निवासी 22 वर्षीय साजन सविता ट्रक का खलासी था। परिवार में भाई मुन्ना व दीपू है। परिजनों ने बताया कि साजन गांव के ट्रक चालक मोनू के साथ ट्रक में गया था। मार्च माह के आखिरी सोमवार की रात को सचेंडी हाईवे पर ट्रक खराब हो गया। इस दौरान चालक ने ट्रक मालिक को सूचना दी। जब मालिक मौके पर पहुंचे तो उन्हें केबिन में साजन मृत हालत में मिला था। उन्होंने ड्राइवर से पूछा तो वह भाग निकला था। तत्काल ट्रक मालिक ने घटना की जानकारी परिजन व पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों ने ट्रक चालक पर हत्या का आरोप लगाया था। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि बिसरा सुरक्षित है। आशंका है युवक की हत्या की गई थी।

दो सिपाही सेक्स रैकेट सरगना के साथी निकले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केक काटकर जश्न मनाने का वीडियो वायरल होने पर सस्पेंड किए गए

अमृत विचार। सेक्स रैकेट सरगना के साथ केक काटकर जश्न मनाते दो सिपाहियों का वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वर्दी की गरिमा को धूमिल करने के आरोप में डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बर्रा थाने के दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया। वहीं इसी मामले में सरगना व उसके साथी का युवक को बेरहमी से पीटने और उस पर पेशाब करने का वीडियो भी सामने आया था। इस पर दूसरे आरोपी साहिल उर्फ मुसीबत की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगी हैं। कल्याणपुर पुलिस ने हाल ही में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। जिसमें बर्रा निवासी संचालक रोहित वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में रोहित और उसका साथी साहिल उर्फ मुसीबत एक युवक को क्रूरता से पीटते नजर आए। एक वीडियो में आरोपी युवक को पीटने के बाद उस पर पेशाब करते दिखाई दिया। वहीं दूसरे वीडियो में रोहित केक काटकर जश्न मनाता दिखा। जिसमें दो सिपाही भी उसके साथ मौजूद होकर केक काटते दिखे। नाचते नजर आए। जांच में दोनों सिपाहियों की पहचान दीपक चौधरी और धर्मेंद्र सिंह के रूप में हुई, जो मौजूदा सेन पश्चिम पारा में तैनात थे। घटना के समय दोनों बर्रा थाने में तैनात थे। वहीं पीड़ित युवक छेदी सिंह का पूरवा का वाला बताया जा रहा है। मामले के तूल पकड़ते ही डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आरोपी साहिल उर्फ मुसीबत की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

सिटी ब्रीफ

ज्वाइंट सीपी पहुंचे नरवल अग्निशमन केंद्र, व्यवस्थाएं देखीं

कानपुर। गर्मी में किसानों की फसलों को आग से बचाने के लिए अग्निशमन व्यवस्था देखने के लिए अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड आर्डर डॉ. विपिन टाडा ने अग्निशमन केंद्र नरवल का औचक निरीक्षण किया। परिसर, गैराज, भवन, आवास, वाचरूम इत्यादि को चेक किया गया जिसमें वाचरूम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी की तथा टर्नआउट कराकर रिस्पांस टाइम भी चेक किया। ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करके उनकी समस्याओं को सुना। क्षेत्रीय अधिकारियों, अग्निसचेतक, आपदा मित्रों के साथ ग्राम प्रधानों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ गोष्ठी की। उपजिलाधिकारी नरवल, वीडीओ, पुलिस अधिकारी, विद्युत विभाग, नलकूप विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

सपा छात्र सभा में शाकिब राष्ट्रीय सचिव

शाकिब।

कानपुर। समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मोहम्मद शाकिब अब्बासी को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है।

मक्का-मदीना में भटकेंगे नहीं हज आजमीन-मंत्री

कानपुर। उत्तर प्रदेश के हज एवं वक्फ राज्य मंत्री दानिश अंसारी का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हज आजमीन को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। कई बार हज आजमीन मक्का और मदीना में भीड़ के कारण अपना आशियाना भूल जाते हैं, ऐसे में सभी आजमीन को एक स्मार्ट वाच दी जाएगी जो हर कदम पर आजमीन की सहायता करेगी। मंगलवार को हज एवं वक्फ राज्य मंत्री केडी पैलेस में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आये थे। उन्होंने कहा कि हज आजमीन की पहली फ्लाइट लखनऊ से 22 अप्रैल को रवाना होगी।

ट्रक दलदल में धंसा

कानपुर। बेगमपुरवा चार राड चौराहा के पास गैस सिलेंडर से भरा ट्रक दलदल में धंस गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बीते माह यहां सीवर लाइन डाली गयी थी और ट्रक में अधिक लोड होने के कारण हादसा हो गया। गनीमत है जनहानि नहीं हुई।

अब नगर सीमा के बाहर नहीं जा पाएंगी ई-बसें

घाटमपुर, बिंदकी, जहानाबाद, चौडगरा की बसें नहीं चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। इलेक्ट्रिक बसें अब कानपुर नगर सीमा के बाहर नहीं जाएंगी। जो बसें सीमा के बाहर तक जा रही थीं, उनका संचालन बंद कर दिया गया है और अब वहां से हटाई गई बसों को नगर के विभिन्न नए रूटों पर चलाया जाएगा। इस फैसले से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों राहगीरों को भारी दिक्कत होगी।

चकेरी स्थित विमान नगर ई बसों के डिपो से बसों का संचालन होता है, वर्तमान में 93 ई बसें रूट पर हैं। घाटमपुर, जहानाबाद, बिंदकी, चौडगरा, अकबरपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों में ये बसें चल रही थीं जिनपर रोक लगा दी गयी है। उच्चाधिकारियों ने निर्देशित किया है कि ई बसों को कानपुर नगर की सीमा के अंदर ही चलाएं। ई बसों के प्रधान प्रबंधक अभिनव निगम का कहना है कि नगर सीमा में ही ई बसें चलेंगी ताकि शहरवासियों को अधिक से अधिक संसाधन मुहैया कराया जा सके।

ई बस।

स्टापेज पर ही रुकेंगी ई बसें

- शहर में विभिन्न मार्गों पर नगर निगम एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्टापेज बनाये गये हैं। ई बसों के चालकों को निर्देशित किया गया है कि जगह जगह बसें नहीं रोकें बल्कि जहां स्टापेज है, वहीं बस को रोकें और वहीं से सवारी लें।

शहर में ई बसों की स्थिति

- कुल बसों की संख्या 100
- रूट पर संचालित बसें 93
- शहर में दौड़ रही बसें 49

इन रूटों पर इतनी बसें बंद

रूट	बसें
बिंदकी	17
घाटमपुर	12
जहानाबाद	10

अनफिट स्कूली वाहन दौड़ रहे, अभियान ठंडा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश शासन के आदेश पर 1 से 15 अप्रैल तक चल रहा अभियान
- सैकड़ों छोटे और बड़े वाहन कर रहे स्कूलों में डग्गामारी

अमृत विचार। शासन के निर्देश पर शहर में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश हैं लेकिन अभियान चलाने वालों को मासूम बच्चों की जिंदगी की कोई चिंता नही हैं। अनफिट एक-दो नहीं सैकड़ों की संख्या में छोटे बड़े वाहन स्कूली बच्चों को ढोने में जुटे हैं।

संभागीय परिवहन अधिकारी के द्वारा गठित टीम स्कूलों में जाकर स्कूली बसों के कागजात, फिटनेस तो चेक कर रही है लेकिन सड़क पर दौड़ रही सैकड़ों की संख्या में वैन व अन्य वाहनों में कोई मानक नहीं है। इन स्कूली छोटे वाहनों में छोटे छोटे बच्चे भरे रहते हैं, वैन में 6 लोगों के बैठने की क्षमता है लेकिन 12 से 15 बच्चे भरे रहते हैं। कई ऐसे वाहन हैं जो सीएनजी, एलपीजी से भी चलते हैं लेकिन इनमें कोई सुरक्षा के मानक नहीं हैं। कई वाहन तो युवा चलाते दिखाई देते हैं जिनके पास न तो कोई हैवी लाइसेंस हैं और न ही उनके वाहन के गति की कोई सीमा होती है।

क्या हैं स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानक

- **सुरक्षा उपकरण :** वाहन के अंदर प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स और अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य।
- **डिवाइस :** सभी स्कूली वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस यानी जीपीएस और सीसीटीवी कैमरा और स्पीड गवर्नर (गति को 40 से 50 किमी तक सीमित करने का उपकरण) होना अनिवार्य है।
- **पीला रंग :** वाहन का रंग अनिवार्य रुप से पीला होना चाहिए। बस के आगे पीछे स्कूल बस और स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर स्पष्ट शब्दों में लिखा होना चाहिए।
- **स्कूली वाहनों की उम्र :** स्कूली वाहनों की उम्र 15 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
- **ड्राइवर और स्टाफ :** ड्राइवर के पास भारी वाहन चलाने का लगभग 5 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। चालक को खाकी रंग की वर्दी में होना चाहिए। बस में एक कंडक्टर होना जरुरी है।
- **इमरजेंसी दरवाजा :** बस में कम से कम दो आपातकालीन निकास द्वार होना चाहिए।
- दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था : दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था स्कूली वाहन में होना चाहिए। सीट के नीचे बैग रखने के लिए रैक होना चाहिए।
- **खिड़की और सुरक्षा :** बस की खिड़कियां मजबूत ग्रिल (स्टील की छड़ें) होना चाहिये जिसमें दो छड़ों के बीच का अंतर 5 सेमी से अधिक नहीं हो।

स्कूली वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी लगना अनिवार्य

- शासन ने निर्देशित किया है कि स्कूली वाहनों में जीपीएस और सीसीटीवी कैमरे लगना अनिवार्य है, गति 40 से 50 किमी से अधिक नहीं होना चाहिये। स्कूली वाहन पीले रंग का है या नहीं, इन सभी पहलुओं की जांच के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

स्कूल झाड़ लेते पल्ला, बच्चे को भेजने की जिम्मेदारी आपकी

- जब कोई अभिभावक अपने बच्चे का एडमीशन कराने के लिए स्कूल जाता है तो स्कूल प्रबंधन अपने को साफ साफ बचाते हुए कह देता है कि बच्चा कैसे स्कूल आएगा, ये आपकी जिम्मेदारी है, स्कूल से कोई लेना देना नही हैं। अब मजबूरी में वैन व अन्य वाहनों से अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने को मजबूर हो जाते हैं, जब कोई बात होती है तो स्कूल प्रबंधन साफ बच निकलता है कि हमसे कोई मतलब नहीं है, अभिभावक अपने बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था करता है।

कैंसर, थैलेसीमिया से बचाव को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कल्यानपुर स्थित वुड वाइन गार्डेनिया स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर 800 बच्चों को सर्वाइकल कैंसर व थैलेसीमिया की रोकथाम, एनीमिया व पीसीओएस जैसी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। इससे होने वाली गंभीर बीमारी, शुरुआती संकेत, भविष्य में होने वाली जटिलताओं और लक्षण की जानकारी देकर बच्चों को जागरूक किया। सर्वाइकल कैंसर व थैलेसीमिया अवेयरनेस क्विज में 65 बच्चों में विजेता को कैंसर से बचाव के लिए निशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष व प्रोफेसर डॉ.नीना गुप्ता ने विन अगेन सर्वाइकल कैंसर (डब्ल्यूएसीसीए प्राजेक्ट) के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ.नीना गुप्ता ने बताया कि 09 वर्ष से लेकर 14 वर्ष की बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। 15 से 26 वर्ष तक की लड़कियां व महिलाएं भी इस वैक्सीन को लगवा सकती है। वैक्सीन एसपीवी संक्रमण के खिलाफ 93-100 फीसदी तक असरदार है। उन्होंने लड़कियों व महिलाओं में होने वाली खून की कमी के लक्षण बताए। बचाव के लिए आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थ में पालक, गुड़, खजूर, अनार, दालें, फल व हरी सब्जियों का सेवन अधिक करने और फास्ट फूड व जंक फूड से दोस्ती न के बराबर करने की जानकारी दी। कहा कि इन सबके साथ ही थैलेसीमिया की बीमारी की रोकथाम भी बहुत जरूरी है। क्योंकि यदि माता-पिता दोनों को थैलेसीमिया माइनर है, तो बच्चे को थैलेसीमिया मेजर होने का जोखिम होता है। ऐसे में डॉक्टर की सलाह व जेनेटिक काउंसलिंग अनिवार्य है। विवाह से पहले थैलेसीमिया माइनर की जांच बहुत जरूरी है। क्विज में स्वरा त्रिपाठी, वाणी गौतम व अरनव गौतम विजेता रहे, जिनको मेडिकल कॉलेज के विशेष प्रयास से सर्वावेक कंपनी द्वारा फ्री एचपीवी वैक्सीनेशन करवाया जाएगा।

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की प्रो.नीना गुप्ता ने बच्चों को दी जानकारी

छात्राओं को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करती डॉ.नीना गुप्ता। अमृत विचार

भाइयों के विवाद में दबंगई, काट रहे पेड़

कानपुर। तहसील नरवल के शाहपुर गांव में सरकारी जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद डीएम कार्यालय तक पहुंच गया है। पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि पुलिस में तैनात एक भाई के प्रभाव के कारण विपक्षी खुलेआम पेड़ों की कटान कर रहे हैं। डीएम ने मामले की सही जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। पीड़ित ने पेड़ों की कीमत व बचे पेड़ों को काटने से रोक की मांग की है। बता दें कि रामसजीवन का अपने भाइयों रामपाल और रामबाबू के साथ बंटवारे का मामला चल रहा है। आरोप है कि रामपाल ने बांस के पेड़ों को जबरन कटवा दिया। इसके अलावा, खेत से शीशम के और बबूल के पेड़ काटकर बेच दिए। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने 112 नंबर पर शिकायत की और पुलिस चौकी बिरहर में भी आवेदन दिया। भाई रामबाबू के उपनिरीक्षक हैं तो पुलिस सुनती नहीं।

मैरिज हॉल में लिफ्ट का तार टूटने से दूल्हे का भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वलीमा में तीसरी मंजिल पर लकड़ियां चढ़ाते हुआ हादसा

अमृत विचार। बाबूपुरवा में मैरिज हॉल में लिफ्ट टूटने से अफरातफरी मच गई। अस्थायी लिफ्ट से वलीमा के लिए तीसरी मंजिल पर लकड़ियां चढ़ाने के दौरान तार टूटने से दूल्हे का भाई नीचे जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में उसे हैलट अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मैरिज हॉल के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जांच-पड़ताल की।

न्यू लेबर कालोनी निवासी मो. वसीम के अनुसार उनके भतीजे उस्मान का दो दिन पूर्व निकाह हुआ है। निकाह के बाद इलाके के मुबारक मैरिज लॉन में वलीमे का आयोजन था। उस्मान का भाई जैनुल गेस्ट हाउस में लगी अस्थायी लिफ्ट के जरिये तीसरी मंजिल पर लकड़ियां ले जा रहा था। खुद भी लिफ्ट में सवार होने के कारण अचानक लिफ्ट के तार में लकड़ी फंस गई, जिससे तार टूट गया। तार टूटने से लिफ्ट और लकड़ियों के साथ जैनुल नीचे आ गिरा। तेज धमाके जैसी आवाज सुनकर परिवार के लोग भागकर पहुंचे। तत्काल जैनुल को बाहर निकाला और घायल अवस्था में अस्पताल लेकर भागे। चाचा नईम ने बताया कि अचानक जमीन पर गिरने से उसकी ठोढ़ी में गहरा घाव हो गया है। चार से पांच टांके लगे हैं। खबर पाकर बाबूपुरवा थानाप्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि लिफ्ट का तार टूटने से हादसा हुआ है। परिजनों ने आरोप नहीं लगाया है।

शहर में बैठक करेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- विस 2027 चुनावों को लेकर बूथ और सेक्टर मजबूत करने पर रहेगा जोर
- सभी मंडल प्रभारी, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारियों को बैठक में बुलाया गया

अमृत विचार। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी तैयारियों में लग गई है। 10 अप्रैल शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहली बार (प्रस्तावित) क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेंगे। सभी मंडल प्रभारी, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारियों को बैठक में बुलाया गया। सभी बूथ और सेक्टर प्रभारियों से उनके कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष की बैठक को लेकर कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। क्षेत्रीय मुख्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष ने शिरकत की। तय किया गया कि जाजमऊ पुल पर से लेकर क्षेत्रीय कार्यालय आने तक जगह-जगह उनका स्वागत किया जाएगा। उनके दौरे को लेकर क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रकाश पाल ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष की बैठक व आगमन ऐतिहासिक होनी चाहिए। माना जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा चुनाव से पहले संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बूथ और सेक्टर प्रभारियों को विशेष रूप से चुनाव से पहले जनता के बीच जाकर योजनाओं की चर्चा के लिए गुरुमंत्र मिल सकता है। सभी पदाधिकारियों के फोन नंबर अपडेट रखने के लिए बोला जा सकता है। क्षेत्र की समस्या हर जिम्मेदारी अधिकारी तक समय से पहुंचाने के लिए रूट बताया जाएगा। मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि पंकज चौधरी दोपहर 1 बजे जाजमऊ पुल पहुंचेंगे। क्षेत्रीय कार्यालय में वे कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल प्रवासियों के संग बैठक करेंगे। बैठक में अनीता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, अनिल दीक्षित, रीता शास्त्री और भूपेंद्र त्रिपाठी रहे।

बैठक में मौजूद भाजपा नेता।

गोविंदपुरी होते हुए बनारस की ट्रेन

कानपुर। रेलवे ने लोकमान्य टर्मिनल से गोविंदपुरी होते हुए बनारस तक के लिए विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 01073 लोकमान्यतिलक से प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 6 अप्रैल से संचालित हुई है जो 7 जुलाई मंगलवार को कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन पहुंची। ये गाड़ी 15 जुलाई 2026 तक चलेगी। गाड़ी संख्या 01074 बनारस से शुक्रवार एवं शनिवार को 8 अप्रैल से 17 जुलाई 2026 तक चलेगी। इस गाड़ी में 09 स्लीपर, 01 एसी द्वितीय, 04 सामान्य एवं 06 थर्ड एसी कोच होंगे।

यूपी बोर्ड ने कसी नकेल, एनसीईआरटी ही अब बनेगी पढ़ाई की आधारशिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मनमानी पुस्तकों पर रोक, छात्रों पर अतिरिक्त बोझ खत्म करने की पहल

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को अनिवार्य कर दिया है। किसी भी विद्यालय में अनधिकृत या निजी प्रकाशकों की किताबें नहीं चलेंगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक राजेश कुमार वर्मा ने बताया हाईस्कूल (कक्षा 9-10) और इंटरमीडिएट (कक्षा 11-12) स्तर पर अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान समेत कुल 36 विषयों की पढ़ाई केवल निर्धारित पुस्तकों से कराई जाएगी। इसके लिए एनसीईआरटी, नई दिल्ली की करीब 70 पुस्तकों को अधिकृत किया गया है, जिनमें हिंदी, संस्कृत और उर्दू विषय भी शामिल हैं। पुस्तकों के मुद्रण और वितरण के लिए परिषद ने तीन प्रकाशकों को अधिकृत किया है, जो आगरा, लखनऊ और झांसी से संचालित होंगे। इन प्रकाशकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एनसीईआरटी के तय मानकों के अनुसार ही कागज और प्रिंटिंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सामग्री मिल सके। छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से परिषद ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान एक से 10 अप्रैल और एक से 15 जुलाई तक चलेगा, जिसके तहत विद्यालयों की निगरानी की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी स्कूल अनधिकृत किताबें न थोपे। संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल ने सभी विद्यालयों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का पालन कराने को कहा है।

हेल्थ जोन

मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में खुली क्लीनिक

महिलाओं को मानसिक रोग से बचाने के लिए काउंसिलिंग होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्भावस्था और बाद में महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव होते हैं और प्रसव को लेकर मन में काफी चिंता और डर होता है, जिसकी वजह से कई महिलाएं अवसाद, एन्जाइटी या पोस्टपार्टम सइकोसिस की गिफ्त में आ जाती हैं। प्रसव के बाद कुछ महिलाएं बेबी ब्लूज (2 सप्ताह तक) या अधिक गंभीर पोस्टपार्टम डिप्रेशन का शिकार तक हो जाती हैं, जिसका असर न सिर्फ मां पर, बल्कि बच्चे पर भी पड़ता है। जिसके लिए मेडिकल कॉलेज में पहली बार नई क्लीनिक की शुरुआत की गई है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में वूमन वेलनेस क्लीनिक की शुरुआत की गई। इस क्लीनिक में मानसिक रोग विभाग की मदद से ऐसी गर्भवाती की काउंसलिंग की जाएगी, जो किसी वजह से मानसिक रोग से ग्रस्त हैं। लेकिन वह अपने परिवार के सदस्य को इस बात की भनक तक भी नहीं लगने देती। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह क्लिनिक केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी समान रूप से ध्यान देने का काम करेगी। मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.धनंजय चौधरी ने बताया कि ओपीडी में 10 से 15 फीसदी गर्भवतियां इलाज के लिए आती हैं, जिनको अवसाद, एन्जाइटी व खुद को और बच्चे को लेकर नाकारात्मक सोच होती है। जब क्लीनिक में उनकी काउंसिंग की जाएगी तो उनके सोचने का तरीका बदला जाएगा, ताकि वह पॉजिटिव रहे और भावनात्मक जुड़ाव से सकारात्मक रहें। अगर ऐसे सुधार नहीं आता है तो दवा भी दी जाएगी। यहां पर मंगलवाल और शुक्रवार को डॉ.कृतिका व डॉ.आयुषी अपने चार एसआर के साथ मरीजों की काउंसलिंग करेंगी। इस दौरान डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.सीमा द्विवेदी, डॉ.शैली अग्रवाल, डॉ.उरुज जहां, डॉ.पाविका लाल, डॉ.वंदना, डॉ.यशवंत राव, सीएमएस डॉ.अनीता गौतम समेत आदि डॉक्टर मौजूद रहे।

वूमन वेलनेस क्लीनिक की शुरुआत करते प्राचार्य प्रो.संजय काला, उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी, प्रो.रेनू गुप्ता, प्रो.धनंजय चौधरी। अमृत विचार

50 से 80 फीसदी महिलाओं में पोस्टपार्टम ब्लूज

- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रेनू गुप्ता ने बताया कि भारत में गर्भावस्था व प्रसवोत्तर अवधि के दौरान मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य विषय के रूप में उभर रही हैं। विभिन्न भारतीय अध्ययनों के अनुसार, लगभग 50–80 फीसदी महिलाओं में पोस्टपार्टम ब्लूज, 10–20 फीसदी में पोस्टपार्टम डिप्रेशन और 1000 प्रसव में से एक या दो में पोस्टपार्टम साइकोसिस देखी जाती है। कई महिलाओं में ये समस्याएं समय पर पहचान न होने पर उपचार से वंचित रह जाती हैं। उनमे समस्या और गंभीर होने पर बच्चे की ग्रोथ पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा कुछ महिलाएं अपना आपा भी खोने लगती है।

एक ही स्थान पर होगी जांच व इलाज

- उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरा ने बताया कि वूमन वेलनेस क्लीनिक में गर्भावस्था, प्रसवोत्तर अवधि व स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के साथ पोस्टपार्टम ब्लूज, अवसाद व चिंता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान, परामर्श व इलाज अब आसानी से होगा। खास बात ये है कि जांच व इलाज के लिए एक से दूसरे कमरे में नहीं जाना पड़ेगा। यह क्लिनिक महिलाओं को व्यक्तिगत देखभाल, तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य परामर्श व निरंतर सहयोग प्रदान करेगा। इसका लाभ न सिर्फ गर्भवतियों, बल्कि, 15 वर्ष से लेकर अधिक उम्र तक की महिलाओं को मिलेगा।

जानकारी लेते अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम।

प्रत्येक गोवंश को रोज 4 किलो हरा चारा व भूसा

कानपुर। कानपुर व आसपास के जिलों में गोवंशों को हरे चारे व भूसे की कमी न हो इसके लिए किसानों से अनुबंध किया जाएगा। जिससे सालभर गोशालाओं में भूसे का भंडार बना रहे। स्वदेशी नस्ल की गायों को बचाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान करने पर जोर दिया गया। जिससे इन्हें संरक्षण मिल सके। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर उत्पादों की बिक्री पर योजना तैयार करने को कहा गया है। मंगलवार को पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम कानपुर पहुंचे। उन्होंने मंडलायुक्त के .विजेंद्र पांडियन के साथ कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक कर गो–संरक्षण और संवर्धन योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। अपर मुख्य सचिव ने मुख्य रूप से नंद बाबा मिशन योजना पर बिंदुवार आंकड़े जानें।अपर मुख्य सचिव ने गोशालाओं में भूसा, हरा चारा सहित चोकर और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोवंशों की नियमित स्वास्थ्य जांच और टैगिंग पर भी जोर दिया गया। अस्थाई गोशाला में गोवंशों के लिए हर रोज 4 किलो भूसे के मानक के अनुसार सालभर की व्यवस्था की जाए। इसके लिए भूसा भंडारण, कूप निर्माण, किसानों से अनुबंध और सीएसआर व दान के माध्यम से भूसा बैंक स्थापित करने के निर्देश दिए गए। स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने के लिए अभियान चलाने तथा गोबर से वर्मी कंपोस्ट, बायोगैस और अन्य उत्पाद तैयार कर गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर भी जोर दिया गया।

सिटी ब्रीफ

जांच के बाद छात्रों का निलंबन वापस

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज में बीएमएलटी पाठ्यक्रम से जुड़े मामले में निलंबित छात्रों को राहत मिली है। छात्रा के अभिभावक की शिकायत पर गठित आंतरिक शिकायत समिति ने जांच रिपोर्ट कुलपति को सौंपी। रिपोर्ट के अवलोकन के बाद कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को निदेशक को निर्देश जारी कर रितेश निर्मल, अनुज विश्वकर्मा और वैभव मिश्रा का निलंबन वापस लेने को कहा। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस फैसले से छात्रों में राहत का माहौल है, वहीं मामले को लेकर पूर्व में काफी चर्चा रही थी।

गुमटी व्यापार मंडल अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष निर्विरोध

कानपुर। गुमटी नं- पांच व्यापार मंडल के चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर राजे गुप्ता और कोषाध्यक्ष पद पर राजेश भसीन के अलावा किसी अन्य ने नामांकन नहीं किया, जिससे दोनों निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं महामंत्री पद के लिए नरेश भाटिया (गोलू) और कुलवीर सिंह महाजन के बीच मुकाबला होगा। इस पद के लिए 12 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चुनाव अधिकारी मुकेश शुक्ला ने बताया कि परिणाम उसी दिन शाम 6 बजे घोषित कर दिए जाएंगे। व्यापारियों में चुनाव को लेकर उत्साह बना हुआ है।

सामूहिक जाप का आयोजन 9 अप्रैल को

कानपुर। वैश्विक शांति एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन द्वारा 9 अप्रैल 2026 को 'विश्व नवकार दिवस' का अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किया जाएगा। कानपुर चैप्टर की ओर से श्री श्याम महोत्सव स्थल, नाना राव पार्क माल रोड पर प्रात: 8:01 से 9:36 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र जाप आयोजित होगा।

ग्रेजुएट, रोवर्स कानपुर इग्लेट वान्डर्स विजयी

कानपुर। केडीएमए क्रिकेट लीग में खेले गए मुकाबलों में विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में रोवर्स क्लब ने ओलंपिक रजि.को 88 रन से हराया। रोवर्स ने 40 ओवर में 8 विकेट खोकर 252 रन बनाए। आदेश और घनश्याम ने 62-62 रन की पारी खेली। जवाब में ओलंपिक रजि. 164 रन ही बना सकी। दूसरे मैच में ग्रेजुऐट क्लब ने आदर्श क्लब को 24 रन से हराया। ग्रेजुऐट क्लब ने अनमोल यादव (55) और युवराज यादव (39) की पारी की बदौलत 215 रन बनाए। वहीं, आदर्श क्लब 191 रन पर ही सिमट गई। तीसरे मुकाबले में वंडर्स क्लब ने भारत क्रिकेट क्लब को 18 रन से हराया। वंडर्स ने 188 रन बनाए, जबकि भारत क्रिकेट क्लब 170 रन पर पैवेलियन लौट आई। चौथे मैच में कानपुर इग्लेट क्लब ने कैंट लॉयंस क्लब को 82 रन से हराया। इग्लेट क्लब ने 191 का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में कैंट लॉयंस 109 रन बना सकी। पांचवें मैच में चित्रा क्रिकेट एकेडमी ने किंग्स क्लब को 8 विकेट से हराया। किंग्स क्लब 101 रन पर सिमटी, जबकि चित्रा एकेडमी ने लक्ष्य 14.5 ओवर में हासिल कर लिया।

सीएसजेएमयू में एडमिशन पाने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

175 कोर्सों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस में संचालित 13 स्कूलों के 175 कोर्सों में अकादमिक सत्र 2026-27 में ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। परिसर में संचालित कुल कोर्सों में से 18 में प्रवेश विभिन्न प्रकार की प्रवेश परीक्षा के जरिये होगा। यूआईईटी की सभी ब्रांचों में प्रवेश जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन के जरिए व फार्मेसी में जीपैट ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट के जरिये छात्र प्रवेश ले सकेंगे। उधर बीएड में जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम के जरिये व इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम साइंस एंड आर्ट्स में एनटीए के जरिए युवा प्रवेश हासिल कर सकेंगे।

प्रवेश प्रक्रिया पर विश्वविद्यालय की डीन ऐकडेमिक प्रो.बृष्टि मित्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के अन्य कोर्सों जैसे मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन, मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एमए क्लिनिकल साइकोलॉजी, बीएससी क्लिनिकल साइकोलॉजी, एमएड,बीफार्मा में विश्वविद्यालय के द्वारा करायी

- 18 कोर्सों में प्रवेश के लिए होगी परीक्षा

जाने वाली प्रवेश परीक्षा के जरिये प्रवेश होगा। वहीं 157 कोर्सों में मेरिट बेस डायरेक्ट एडमिशन में पर्सनल इंटरव्यू व कुछ कोर्सों में ग्रुप डिस्कशन के जरिये प्रवेश होगा। प्रवेश पर विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.दिवाकर अवस्थी ने बताया कि छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.csjmu.ac.in के होमपेज पर दिये गये लिंक के जरिये ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण वाले वेबपेज पर एडमिशन ब्रोशर भी दिया गया है। जिसमें सभी 13 स्कूलों के 175 कोर्सों में सीटों की संख्या, फीस, कोर्स कोऑर्डिनेटर का नाम और मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीकरण करते समय फ़ोटो, साइन, शैक्षणिक व व्यक्तिगत जानकारी के साथ 3 सौ रूपये ऑनलाइन फीस जमा करके पंजीकरण पूरा कर सकेंगे। छात्र अन्य जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट के जरिए सीधे संबंधित विभागों से भी संपर्क कर सकते हैं।

सीएसजेएमयू में 9 अप्रैल को गूंजेगा नवकार महामंत्र

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में विश्व शान्ति और वैश्विक सद्भाव की कामना को लेकर 9 अप्रैल को सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सहित विश्व के 108 देशों के साथ एक ही समय पर आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के सेनानायक तात्याटोपे सिनेट हॉल में प्रात: 8:30 बजे से यह आयोजन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में तथा उप-कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी और कुलसचिव राकेश कुमार मिश्र की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस आयोजन का संचालन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के तत्वाधान में विश्व नवकार दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ, सीएसजेएमयू द्वारा इसे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक राजीव जैन ने बताया कि इस सामूहिक जाप के माध्यम से पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सीए अरविंद जैन ने कहा कि नवकार महामंत्र का सामूहिक उच्चारण वैश्विक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय परिवार और समाज के सभी वर्गों से इस आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है। डॉ. कोमलचंद्र जैन ने कहा कि इससे समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण सुदृढ़ होगा।

हैक आईआईटी ग्रैंड फिनाले 9 और 10 को

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब द्वारा हैक आईआईटीके 2026 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 9 और 10 अप्रैल को संस्थान परिसर में किया जाएगा। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नवाचार, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला यह हैकाथॉन अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय "क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी" रखा गया है, जिसके अंतर्गत नेटवर्क सुरक्षा, क्रिप्टोग्राफी, हार्डवेयर सुरक्षा, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक और साइबर अपराध रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। आयोजन में सी3आईहब द्वारा विकसित "सी3आईहब अरीना" प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन, लाइव सीटीएफ प्रतियोगिता और समाधान सबमिट करने जैसी सुविधाएं एक ही मंच पर प्राप्त कर सकेंगे। दो महीने तक चली चयन प्रक्रिया में नौ हजार से अधिक प्रतिभागियों ने 13 हजार से अधिक टीमों के रूप में भाग लिया। कठिन चरणों को पार करने के बाद कुल 48 टीमों का चयन किया गया है।

25 से उदयपुर में दम दिखाएंगे पहलवान

प्रतियोगिता

- देशभर से 25 राज्यों के खिलाड़ी पहुंचेंगे, यूपी के 84 प्रतियोगी लेंगे हिस्सा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग और डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 अप्रैल तक उदयपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश की ओर से पुरुष और महिला वर्ग के 53 पावरलिफ्टर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे, जबकि डेडलिफ्ट स्पर्धा में 31 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव राहुल कुमार शुक्ला ने बताया कि टीम का चयन विष्णुपुरी में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में कानपुर, लखनऊ, बरेली, हापुड़, उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, लखीमपुर और गाजियाबाद के प्रतिभागी शामिल हैं। पुरुष वर्ग में कुलदीप शर्मा, आलोक चौरसिया, अशोक मौर्य, प्रत्यूष राठौर, शाश्वत दुबे, सिद्धार्थ भास्कर, ऋषभ जायसवाल, विराट बाजपेई, हिमांशु निगम, भूपेंद्र कुमार, उत्कर्ष पांडे सहित कई खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

वहीं महिला वर्ग में ओजल बाजपेई, सिया यादव, सपना भारती, ऋषिमा पटेल, अंजू पाल, इशिता शाह, यशस्वी सिंह, प्रीति कमल और आभा शर्मा को टीम में स्थान मिला है।

उप्र की डेडलिफ्टिंग टीम

- ओपन डेडलिफ्ट (पुरुष वर्ग) में कुश चतुर्वेदी, अशोक मौर्य, कुलदीप शर्मा, कुणाल गौतम, रविंद्र सिंह चौहान, तरुण वर्मा, सुजीत, अभिषेक विश्वकर्मा, राहुल वाजपेई, सिद्धार्थ भास्कर, आशीष कुमार, विजय त्रिवेदी, नागेंद्र प्रताप, हिमांशु निगम, मयंक गुप्ता, विराट बाजपेई, मनोज कुमार सैनी, समीर सिंह कुशवाहा, दिव्यांशु दुबे हैं। वहीं महिला वर्ग में स्नेहा कनौजिया, अवंतिका, साधना, ओजल बाजपेई, कामिनी सिंह, संध्या, सिया यादव, सपना भारती, रेशमा पटेल, अंजू पाल, इशिता शाह, यशस्वी सिंह, आभा शर्मा अपनी प्रतिभा दिखाएंगी।

युवा डॉक्टरों की भागीदारी हेल्थ फॉर ऑल मुहिम के लिए अहम

कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. बीएन त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

- नारायना मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर कार्यशाला का आयोजन
- पूर्व महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा ने युवा चिकित्सकों को समर्पित भाव से सेवा के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नारायना मेडिकल कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा प्रो. डॉ. वीएन त्रिपाठी ने युवा चिकित्सकों को समर्पित भाव से सेवा के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम सभी के लिए स्वास्थ्य पर आधारित है। इस थीम का मुख्य उद्देश्य यह है कि हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को बढ़ावा मिले। स्वस्थ जीवनशैली ही रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सरल उपायों जैसे सही खान-पान, नियमित शारीरिक गतिविधि और पर्याप्त विश्राम को अपनाने की सलाह दी।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि हेल्थ फॉर ऑल के लिए युवा चिकित्सकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। युवा केवल रोगों के उपचार में ही नहीं बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य के संवर्धन, जागरूकता फैलाने और निवारक चिकित्सा में भी सक्रिय भूमिका निभाएं। विशिष्ट अतिथि डॉ. सुबोध प्रकाश ने कोविड-19 महामारी के दौरान नारायना मेडिकल कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। छात्रों ने इस अवसर पर प्रभावशाली रोल प्ले और नाटक (स्किट्स) प्रस्तुत किए, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे वैश्विक मुद्दों को उजागर किया गया। इस अवसर पर रहे प्रो. डॉ. विजय कुमार, प्रो. आरपी गुप्ता, प्रो. डॉ. सुजाता गुप्ता, डॉ. अस्फिया, डॉ. तरुण सिंह, प्रो. डॉ. फैजान, उप प्राचार्य डॉ. अंकिता तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोहिणी सहित अन्य वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

सुनेत्रा क्लिनिक में आंखों का आधुनिक इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्वरूप नगर स्थित सुनेत्रा कॉर्निया क्लिनिक में विश्व अंधता सप्ताह के तहत नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अंधता की रोकथाम, समय पर जांच और आधुनिक उपचारों के महत्व पर चर्चा की गई।

कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ.आकाश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का वैश्विक विषय ''ग्लूकोमा-रहित विश्व के लिए एकजुट हों'' - समाज, चिकित्सकों और जागरूकता के सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित करता है, ताकि समय पर पहचान और उपचार के माध्यम से दृष्टि हानि को रोका जा सके। कहा किअधिकांश नेत्र रोगों का समय पर निदान व उचित उपचार द्वारा प्रभावी रूप से प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने नियमित नेत्र जांच, मधुमेह व उच्च रक्तचाप के मरीजों में विशेष सतर्कता और कॉर्निया से संबंधित समस्याओं के आधुनिक उपचारों पर जानकारी दी। कहा कि जोड़ों के दर्द एवं रूमेटाइड आर्थराइटिस से ग्रसित मरीजों में आंखों का सूखापन अधिक पाया जाता है, जो गंभीर स्थिति में कॉर्नियल परफोरेशन (छेद) तक पहुंच सकता है।

जानकारी देते डॉ. आकाश शर्मा, डॉ. शरद बाजपेयी व डॉ कंचन शर्मा अमृत विचार

धर्मार्थ कार्य में लगाया धन ही धन्य : चन्द्रदास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बिधनू कठेरुआ स्थित कष्टभंजन हनुमत सिद्ध धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को कथावाचक चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने धर्म और भक्ति का महत्व विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि धर्मार्थ कार्य में लगाया गया धन ही वास्तव में धन्य होता है, जबकि व्यसनों में खर्च किया गया धन व्यक्ति को ईश्वर की कृपा से दूर कर देता है।

कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीला का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जीव और परमात्मा के मिलन को ही महारास कहा जाता है और रासलीला भगवान की सर्वोत्तम लीला है। यह कथा काम को बढ़ाने की नहीं, बल्कि उस पर विजय प्राप्त करने का संदेश देती है। उन्होंने यह भी कहा कि रासलीला को सांसारिक दृष्टि से देखना या उस पर संदेह करना पाप है। प्रसंग में गोवर्धन पूजा का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना।

चंद्रदास महाराज। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैने अपने पुत्र विराज (जन्मतिथि 9/10/2023) का नाम बदलकर राजविक कर लिया है सभी शैक्षिक दस्तावेजों आधार में राजविक नाम से जाना व पहचाना जाय। **विकास कुमार** 125 A -W2 **संकल्प सदन अपार्टमेंट फ्लैट न 2 जूही कला कानपुर नगर**

सूचना
मैं अनुज कुमार पुत्र श्री कृष्ण बाबू ,निवासी ग्राम दुवाई, पो0- गडाथा घाटमपुर जनपद- कानपुर नगर, मेरा हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1281217 का अंक पत्र प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना
मैंने अपने पुत्र सुधीर व पुत्रवधू सुधा पत्नी सुधीर के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें- **रामसिंह पुत्र रामेश्वर दयाल -निवासी- ग्राम व पोस्ट उमरैन-थाना ऐरवाकटरा-तहसील-बिधूना-जिला -औरैया।**

सूचना
I SATYAVATI IS MOTHER OF ARMY NO 14659427P HAV SHIV KUMAR TIWARI IS SERVING AT 201 FD WKSP COY EME C/O 56 APO AT VILL SIRHI POST ITARA DIST KANPUR NAGAR STATE UP PIN 209214 I HAVE CHANGED MY NAME FROM SATYAVATI TO SATYAWATI AND DOB FROM 01/07/1966 TO 04/06/1964 IN MY ALL DOCUMENTS AFFIDAVITE DATE 07 APR 2026 BEFORE THE DISTRICT COURT KANPUR NAGAR (UP)

सूचना
मैने अपना नाम VIJAY KUMAR से बदलकर VIJAY KUMAR SINGAL रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ROOPCHAND SINGAL ADD-B-5 SECTOR-E, PO-ALIGANJ DIST-LUCKNOW-226024 (U.P.)

सूचना
This is to inform the general public that my daughter, Akanksha Srivastava, is a student of Class 9-C at St. Joseph Montessori School, Rajajipuram, Lucknow. While all her records list her father's name as Pawan Kumar Srivastava and her mother's name as Shalinee Shree. The school records erroneously list her mother's name as Shalini Srivastava. The correct name is Shalinee Shree, which should be duly recorded in the school records. Resident: C-2292, Rajajipuram, Lucknow

सूचना
मैंने अपना नाम ABDUL AHAD से बदल कर ABDUL AHAD AB RAUF KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: ABDUL RAUF R/O: POORE GANESH SEWARA PO SUKUL KA BAZAR AMETHI UTTAR PRADESH - 227405

सूचना
मै **विपिन कुमार पुत्र रामफेर पाल , निवासी- ग्राम पूरे शीतल मजरे खालिसपुर ब्लाक बहादुरपुर तहसील तिलोई, जनपद -अमेठी,** मेरी तीन सन्तानें कमशः 1. ऐल्जा पाल, 2. ऐल्सा पाल, 3. आयू पाल है तथा जन्मतिथि-17/07/2021 है। जिनका नाम बदलकर मैने क्रमशः 1. ऋषिका पाल, 2. हर्षाली पाल, 3. प्रतीक पाल रख लिया है। भविष्य में उन्हें उपरोक्त नामों से ही जाना व पहचाना जाय।

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम राकेश कुमार सक्सेना है परन्तु मैने अपने सभी अभिलेखो मे अपने पिता के नाम का सरनेम सक्सेना हटा दिया है। अब मुझे हर्ष श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाय। **हर्ष श्रीवास्तव पुत्र राकेश कुमार, निवासी-सी 4124 से0-12 राजाजीपुरम् लखनऊ।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै अपने बड़े पुत्र सतीश कुमार के गलत चाल-चलन एवं चरित्र से मै और मेरा पूरा परिवार काफी परेशान हो गया है, मै अपने पूरे होश-हवाश में अपने बड़े पुत्र सतीश कुमार को अपने संपूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, सतीश कुमार द्वारा किये गए किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं होगी। **प्रेम चन्द पुत्र राम लाल ग्राम-गायघाट, वि.ख.एवं थाना-छपिया, तहसील-मनकापुर, जिला-गोण्डा।**

खेल जगत

अनिरूद्ध सिंह के खेल से टीम की जीत, बने मैन आफ द मैच

25 ओवर में 75 बना पाया डीसीए, 66 गेंद में जीता केडीएमए

कार्यालय संवादाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से खेली जा रही प्रथम सुनील तिवारी स्मारक अंडर-13 इंटर क्रिकेट एकेडमी लीग में केडीएमए ने डीसीए क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। मुकाबला कानपुर साउथ-बी मैदान पर खेला गया। डीसीए क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवरों में 75 रन बनाकर आल आउट हो गई। डीसीए की ओर से उदित ने 34 रन बनाए। केडीएमए ने 76 रनों का लक्ष्य महज 71 गेंदों में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अनिरुद्ध सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर 3 विकेट झटके। टीम की जीत में योगदान के लिए अनिरूद्ध को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, शिवांश राय ने 11 रन देकर 3 विकेट और माधव गुप्ता ने 8 रन देकर 2 विकेट लिए। केडीएमए के लिए वीर सिंह ने नाबाद 31 रन और तनुष अवस्थी ने 20 रन बनाए।

मैन आफ द मैच पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

कानपुर पैंथर्स ने रेनू ब्रांडबैंड को 17 रन से हराया

कानपुर। सुपर प्रीमियर लीग (केएसपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को कानपुर पैंथर्स ने रेनू ब्रांडबैंड को 17 रन से पराजित किया। गंगा बैराज स्थित बीसीए मैदान पर खेले गए मुकाबले में कानपुर पैंथर्स ने 22 ओवर में सात विकेट पर 183 रन बनाए। टीम से रिजवान अंवारी ने 54 रन, मनिंदर सिंह ने 59 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली, तो गेंदबाजी में रविकांत व दीपक ने दो-दो विकेट अपने नाम किए। जवाब में रेनू ब्रांडबैंड की पूरी टीम 22 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। टीम से शिवम त्रिपाठी ने 63 रन की संघषपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत न दिला सके। तो गेंदबाजी में देवेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अंडर 19 में खेलेंगे

कानपुर। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (सत्र 2026-27) के तहत आयोजित अंडर-19 ट्रायल मैच मंगलवार को सप्रू मैदान पर हुआ। इस मुकाबले में टीम डी और टीम ई के बीच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कौशल कुमार सिंह के अनुसार मैच में बल्लेबाजों में अवयक्त पाण्डे, यथार्थ यादव, दिव्यांश कुमार, वंश निगम, जैद सलीम, सृजन राय और सरस यादव ने प्रभावी पारियां खेलीं। वहीं गेंदबाजी में आयुष कश्यप, निजाम और आर्यन पाल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी मजबूत की। ट्रायल के बाद चयनकर्ताओं की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन यूपी अंडर-19 टीम के लिए किया जाएगा।

खो-खो खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

केंद्रीय विवि जम्मू और देव संस्कृत विवि के नहीं आने से वॉकओवर मिला

कानपुर। सीएसजेएमयू में आयोजित उत्तर क्षेत्र पुरुष खो-खो चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय और पंजाब विश्वविद्यालय ने अपने-अपने मैच जीतकर बढ़त बनाई। वहीं केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू और देव संस्कृत विश्वविद्यालय को प्रतिद्वंद्वी टीमों के नहीं पहुंचने पर वॉकओवर मिला। दूसरे दिन की शुरुआत प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा और वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। मुकाबलों में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने कुमाऊँ विश्वविद्यालय को 33-28, लखनऊ विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा को 45-20 और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को 48-04 से हराया।

न्यूज ब्रीफ

बच्चों को पुस्तक देते अध्यक्ष।

छात्रों को बांटी गईं नवीन सत्र की पुस्तकें

उन्नाव, अमृत विचार : विकासखंड बिछिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय कटियान (कंपोजिट 1 से 8) में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सरोजनी व इंचार्ज शिक्षिका विमला देवी ने छात्रा जाह्नवी कक्षा 6 व विद्यालय के सभी बच्चों को नवीन पाठ्य पुस्तक सत्र 2026-27 वितरित किया। इस दौरान अनुदीप श्रीवास्तव, मधु शुक्ला, पूर्णिमा तिवारी, रंजना बाजपेई, फूलमती, विप्रा भट्ट, ज्योति मिश्रा, अंतिम दीक्षित, आस्था शर्मा, कांति आदि रहे।

टीमों का चयन आज

उन्नाव, अमृत विचार : जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत टीमों का गठन 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज उन्नाव में होगा। सभी पंजीकृत खिलाड़ी समय पर कॉलेज पहुंचकर गठन की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

आज 6 घंटे बाधित रहेगी बिजली

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : री-वैम्प योजना के तहत आज बिंदा नगर मेन रोड के पास जर्जर एबीसी केबिल बदलने का कार्य होगा। इससे 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र शुक्लागंज से निकलने वाले 11 केवी शुक्लागंज फीडर नंबर-4 से जुड़े क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार सुबह 11 से शाम 5 बजे तक 6 घंटे आपूर्ति बंद रहेगी।

आंधी में पेड़ गिरने से किसान की दबकर मौत, 3 घायल

तेज आंधी-बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, विद्युत व्यवस्था बाधित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: मंगलवार शाम आई आंधी व बारिश से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज हवाओं से कई जगह पेड़ व बिजली के पोल गिरने से आवागमन व बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

सदर कोतवाली अंतर्गत पहली खेड़ा गांव निवासी सूर्य नारायण यादव (76) खेती करते थे। मंगलवार को वह गांव के बाहर अपने खेत में ट्यूबवेल पर गए थे। अचानक मौसम बिगड़ने से वह घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में सड़क किनारे लगा पेड़ तेज आंधी से अचानक गिर गया। इससे वृद्ध किसान उसके नीचे दब गए। यह देख परिजन ग्रामीणों की मदद से उन्हें किसी तरह नीचे से निकालकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाए। जहां ईएमओ डॉ. दिलीप अग्रवाल ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं जिले के सदर व सफीपुर तहसील क्षेत्र के मरौंदा सूचित गांव में विक्रम पुत्र सजीवन राजपूत के दरवाजे पर लगा एक नीम का पेड़ आंधी में अचानक गिर गया। पेड़ के नीचे बंधी एक गाय की दबकर मौत हो गई। इसी घटना में घर के बाहर मौजूद सजीवन की 18 वर्षीय दिव्यांग भांजी रेनू पेड़ की चपेट में आने से लहूलुहान हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, मरौंदा मझवारा गांव में राजू सिंह के घर के बाहर गिरा नीम का पेड़ एक ट्रैक्टर पर जा गिरा। जिससे ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। गांव में बिजली का पोल टूटने से मुख्य मार्ग बाधित है। वहीं सफीपुर क्षेत्र में भी आंधी का तांडव देखने को मिला। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डाक बंगले की पुलिया के पास वन विभाग का एक सूखा पेड़ सड़क पर गिर गया। इसकी चपेट में आने से एक ऑटो रिक्शा व साइकिल सवार गंभीर घायल हो गए। जानकारी पर प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पेड़ कटवाकर सड़क से हटवाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने व सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

बीच रोड पर गिरा पड़ा पेड़ जिससे घंटों बाधित रहा यातायात। ● अमृत विचार

आंधी-बारिश से 43 बिजली पोल क्षतिग्रस्त, 4 दिन बाद भी कई गांव अंधेरे में

शुक्लागंज, उन्नाव : शनिवार को आई तेज आंधी-बारिश ने ऐरा भदियार सब स्टेशन क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। एचटी लाइन के करीब 43 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। जिससे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। 4 दिन बाद भी एक दर्जन से अधिक गांव अंधेरे में डूबे हैं। विद्युत विभाग द्वारा युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। अब तक 7 पोल खड़े किए जा चुके हैं। जिससे शुक्लागंज छोर के करीब 30 गावों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। हालांकि शंकरपुर, पिपरी, लंगड़ापुर, लालूपुर, सन्नी, सराय समेत करीब एक दर्जन गावों में अब भी बिजली नहीं पहुंची है। कुछ प्रभावित गांव सरोसी ब्लॉक व कोतवाली सदर क्षेत्र में भी आते हैं। जेई आशीष गुप्ता ने बताया कि एक साथ इतने पोल क्षतिग्रस्त होने से विभाग को भारी नुकसान हुआ है। मरम्मत में विभागीय व निजी मजदूर जुटे हुए हैं। बताया कि पूर्ण रूप से आपूर्ति बहाल होने में अभी 2 से 3 दिन और लग सकते हैं। लगातार 3 दिनों से बिजली न होने से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित है। पेयजल संकट के साथ कृषि कार्य भी बाधित हो रहे हैं।

ट्रेन की चपेट में आकर युवक की गई जान

उन्नाव, अमृत विचार : कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग पर जैतीपुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग स्थित जैतीपुर रेलवे स्टेशन के डाउन ट्रैक पर यार्ड सेक्शन में एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मालगाड़ी के चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर राहुल ने जीआरपी व आरपीएफ को मेमो भेजा। रेल पुलिस ने जांच कर शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। युवक की पहचान अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गौरा कठेरुआ गांव निवासी बसंत शर्मा (35) पुत्र रामराज के रूप में उसके भाई विमलेश ने की। चर्चा रही कि युवक वहीं पास में शराब पी रहा था। इसके बाद वह नशे में ट्रैक किनारे चला गया। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। एसओ जीआरपी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेशन मास्टर से रनओवर का मैसेज मिला था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

एडीएम व एएसपी ने जांची कोर्ट की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: एडीएम सुशील कुमार ने एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह के साथ मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने न्यायालय परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल, अधिवक्ता कक्ष, न्यायालय भवन का निरीक्षण कर वहां तैनात पुलिस बल की मौजूदगी, सुरक्षा उपकरणों व चेकिंग व्यवस्था की स्थिति को भी परखा। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता से अपने दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए।

एएसपी ने कहा कि परिसर में हर व्यक्ति को सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। साथ ही परिसर में अनावश्यक भीड़ न लगे इसके लिए पुलिस कर्मियों को नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, बैरिकेडिंग व्यवस्था व वाहन प्रवेश नियंत्रण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा व पदाधिकारियों से भी अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वार्ता की।

न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था जांचते अधिकारी। ● अमृत विचार

● जांच के बाद ही लोगों को कोर्ट परिसर में जाने देने का निर्देश

लूट करने के बाद हरियाणा भाग जाता था इरफान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार: एसओजी व सर्विलांस की मदद से पुरवा पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ में एक इनामी लुटेरे व उसके साथी को पकड़ा था। पूछताछ में सामने आया कि वह लूट को अंजाम देकर हरियाणा के गुरुग्राम जाकर दिखावे के लिए मजदूरी करने लगता था। संयुक्त टीम ने उससे पूछताछ के बाद लूट का माल ठिकाने लगाने वाले 5 सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिसमें कबाड़ी व एक ज्वैलर्स भी शामिल है।

एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने फरवरी माह में महिला से हुई लूट के खुलासे के लिए पुरवा पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम लगाई थी। बीती देररात चेकिंग के दौरान पुरवा-अचलगंज मार्ग स्थित शारदा नहर पुलिस के पास चेकिंग के दौरान भागते समय पुलिस से हुई मुठभेड़ में कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य की गोली लगने से इरफान अहमद निवासी हाल पता ताड़ बगिया जाजमऊ थाना चकेरी कानपुर मूल पता त्रिवुभनखेडा निकट बियर बार गंगाघाट घायल हो गया था। वहीं दरोगा रामेश्वर सिंह ने दौड़ाकर उसके साथी प्रेम सिंह सिंह निवासी वाहेपुर थाना जसराना जिला फिरोजाबाद को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि इरफान शातिर लुटेरा है। उसका अपना कोई स्थाई घर नहीं है। वह साथी अब्दुल मजीद के घर रुकता था। वह लूट को अंजाम देकर हरियाणा के गुरुग्राम चला जाता था। महिला से लूट के पूर्व उसने एक बाइक चोरी की फिर उसे ठिकाने लगाने के लिये परिचित कबाड़ का काम करने वाले जमीलुद्दीन, शादाब निवासी आजाद नगर सुपासी व विपिन जायसवाल निवासी मोहल्ला श्यामनगर बाईपास थाना बिधनू कानपुर नगर को दे दी। जिन्होंने लूट में प्रयुक्त बाइक काटकर उसके पुर्जे अलग-अलग कर बेच दिया। महिला से लूटी गई हाफ पेटी गलाने के उद्देश्य से अब्दुल मजीद को दे दी। जिसे उसने ज्वैलर्स फाजिल उर्फ लकी निवासी मोतीनगर मदिना मस्जिद थाना जाजमऊ कानपुर नगर को दे दी। एसएसपी ने बताया कि सभी को जेल भेजा जा रहा है।

लुटेरों के बारे में जानकारी देते एसएसपी। ● अमृत विचार

● कबाड़ी और ज्वैलर्स सहित पांच साथी भी चढ़े पुलिस के हत्थे

पालिका की बैठक में 114 करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : नगर पालिका गंगाघाट के आगामी विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को राजमार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में बजट बोर्ड बैठक हुई। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय व ईओ मुकेश मिश्रा की मौजूदगी में विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा हुई। इस दौरान सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, सड़कों के निर्माण, प्रकाश व्यवस्था व जलनिकासी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान 28 वार्ड सदस्यों की सहमति से 1 अरब 14 करोड़ 48 लाख 88 हजार 516 रुपये 34 पैसे का बजट पारित किया गया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने करीब 114 करोड़ रुपये का विकास परक बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष-2017 में नगर पालिका में शामिल किए गए क्षेत्रों में सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा विद्युत पोल, स्ट्रीट लाइट, जलनिकासी व पेयजल आपूर्ति को सभी वार्डों में बेहतर बनाने की योजना है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कूड़ा पृथक्करण व डोर-टू-डोर कलेक्शन को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त वाहनों की खरीद भी प्रस्तावित है। साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में भूमि उपलब्ध होने पर अटल लाइब्रेरी की तर्ज पर पुस्तकालय व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक पार्क विकसित करने की योजना बनाई गई है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जिससे शुक्लागंज को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बनाया जा सके।

सांसद के बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन

शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार: नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक पर जिले के सांसद साक्षी महाराज के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता मयंक बाजपेयी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सांसद के इस्तीफे की मांग की।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित वीडियो में सांसद द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जो निंदनीय है। आरोप लगाया कि सांसद लगातार ब्राह्मणों का अपमान करते हैं और भाजपा सरकार में इस समाज को दोयम दर्जे का समझा जा रहा है। कहा कि कांग्रेस सरकारों में ब्राह्मणों को हमेशा सम्मान मिला। जबकि यह सरकार उन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखती है। आरोप लगाया कि सांसद समाज में जातिगत दुर्भावना फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसे कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। इस दौरान ब्राह्मणों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में और साक्षी महाराज इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन में दूधनाथ वर्मा, रामकिशोर पाल, अकबाल अवस्थी, निर्मल बाजपेई, संजय सिंह, पिंटू तिवारी, संजय बाजपेई, बाबूलाल गुप्ता, महेश मिश्रा, मो. हनीफ, विचित्र वीर सिंह, गंगाविशनु आदि मौजूद रहे।

सांसद के विरुद्ध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

फर्जी दस्तावेजों से जमानत कराने वाले दो दबोचे गए

उन्नाव, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत कराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा है। अचलगंज थानाक्षेत्र के रिठनई गांव निवासी संजय कुमार की तहरीर पर 30 मार्च-2026 को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि जांच में सामने आया कि जेल में बंद गुफरान की जमानत की सोहेल अहमद ने जिम्मेदारी ली थी। इसके लिए गुफरान के पिता से उसने 22 हजार रुपये लिए थे। इसके बाद साथियों की मदद से संजय का फर्जी आधारकार्ड, निवास प्रमाणपत्र व अन्य दस्तावेज तैयार कर सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में प्रस्तुत कर जमानत करा दी थी। बीती रात कोतवाली प्रभारी ने फोर्स के साथ दबिश देकर कांशीराम मोड़ से गुफरान व सोहेल को गिरफ्तार किया। सोहेल के पास 8 फर्जी मुहर, 11 आधारकार्ड बरामद हुए है।

सीयू यूपी में पहला सीयू फेस्ट संपन्न, ध्वनि भानुशाली की प्रस्तुति ने बांधा समां

उन्नाव, अमृत विचार : नवाबगंज स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में पहला 'सीयू फेस्ट 2026' धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विभिन्न प्रतियोगिताओं व म्यूजिकल नाइट ने आयोजन को यादगार बना दिया। म्यूजिकल नाइट में लोकप्रिय सिंगर ध्वनि भानुशाली की लाइव प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। उनके सुपरहिट गीतों पर छात्र-छात्राएं झूम उठे और पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। डिबेट प्रतियोगिता में प्रज्ञा शुक्ला व शोना मरियम ने प्रथम स्थान पाया। जबकि अंकुल व जानवी द्वितीय और जया सिंह व पार्थ सनाठी तृतीय स्थान पर रहे। स्किट प्रतियोगिता में दिव्यांश एंड टीम प्रथम व यामिनी एंड टीम द्वितीय रही। मिमिक्री में प्रभलीन कौर व क्ले मॉडलिंग में रवि प्रताप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान अंशदीप कौर को 'मिस सीयू फेस्ट' व निखिल शर्मा को 'मिस्टर सीयू यूपी फेस्ट' का खिताब मिला। प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टीपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ कला, संस्कृति व खेलों को भी समान महत्व देता है। ऐसे आयोजन छात्रों के समग्र विकास व प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच देते हैं।

म्यूजिकल नाइट में प्रस्तुति देती गायिका।

विवेकानंद की छात्रा अदिति बनी एक दिन की डीएम

उन्नाव, अमृत विचार : मिशन शक्ति-5 अभियान के दृष्टिगत डीएम गौरांग राठी की उपस्थिति में विवेकानंद इंटर कॉलेज मोती नगर की 11वीं की छात्रा अदिति को एक दिन का डीएम बनाया गया। जिलाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए अदिति ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारी को फोन पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सोनेलाल पुत्र केशव निवासी बरौली थाना आसीवन तहसील बीघापुर के पैमाइश संबंधी प्रार्थनापत्र, रामविलास पुत्र स्व. साहबलाल निवासी पटवरगंज मजरा फतेहपुर चौरासी के रास्ता बंद होने से रास्ता को खुलवाने संबंधी व शहजादी उर्फ शायरा बानो मिर्जापुर कला मियागंज तहसील हसनगंज के पेंशन संबंधी प्रार्थनापत्र को पढ़कर संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। डीएम गौरांग राठी ने अदिति को जिलाधिकारी के अधिकार कर्तव्य व दायित्वों के बारे में बताया। उन्होंने अदिति को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, स्टेशनरी किट व मिठाई देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कई अधिकारी भी रहे।

धवन रोड पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: शहर के मुख्य बाजार धवन रोड पर मंगलवार को प्रशासन ने दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से किये गए अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए बुलडोजर अभियान चलाया। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज के नेतृत्व में चले अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

सबसे पहले भारी फोर्स की मौजूदगी में सड़क पर किए गए अस्थाई निर्माण हटाकर रास्ता साफ कराया गया। धवन रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैलाए गए अस्थाई अतिक्रमण से यह मार्ग बेहद संकरा हो गया था। आलम यह था कि आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस या दमकल का यहां से निकलना पूरी तरह नामुमकिन था। स्थानीय निवासियों व राहगीरों को आएदिन घंटों जाम से जूझना पड़ रहा था। इसकी शिकायतें लगातार उच्चाधिकारियों को मिल रही थीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, ईओ नगर पालिका संजय गौतम व कोतवाली प्रभारी ने फोर्स के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर रखे सामान, अवैध चबूतरे व अस्थाई छज्जों को हटवाया। प्रशासन की यह कार्रवाई देख कई दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। नगर पालिका और पुलिस ने दुकानदारों को हिदायत दी कि सड़क की पटरियों पर दोबारा दुकान न सजाएं।

अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। ● अमृत विचार

● अभियान के तहत अतिक्रमण किये गए ध्वस्त

एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई शपथ

शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार: नगर पालिका गंगाघाट में मंगलवार को 5 नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह राजमार्ग स्थित एक गेस्टहाउस में हुआ। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा सहित कई जन प्रतिनिधि व सभासद मौजूद रहे।

समारोह में एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी ने नामित सभासद विजयराज सिंह, धीरज सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, गीता कोरी व सुंदरलाल तिवारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद सभासदों ने ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। विधायक पंकज गुप्ता ने नव-नियुक्त सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें और क्षेत्र के विकास कार्यों को गति दें। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने भी सभासदों से अपेक्षा की कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए नगर के विकास में योगदान देंगे। नव नियुक्त सभासदों ने भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र की समस्याओं के समाधान व जनकल्याण के लिए प्रयासरत रहेंगे। समारोह में पालिका के सभासद व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

नामित सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम सदर। ● अमृत विचार

● सदर विधायक, पालिकाध्यक्ष, ईओ व कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

शिविर में युवाओं ने उत्साह से किया महादान

उन्नाव, अमृत विचार : श्री सेवार्थ फाउंडेशन की प्रथम वर्षगांठ व विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। संरक्षक रामप्रकाश चौरसिया ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त दिलाना व समाज में जागरूकता फैलाना है। अध्यक्ष प्रथम श्रीवास्तव ने रक्तदान को 'महादान' बताया। कोषाध्यक्ष निर्भय निगम ने लोगों से अपील की कि वे नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहें। रक्तदाताओं को संस्था द्वारा प्रमाणपत्र व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। लाइफ सेवर्स के संस्थापक अनुराग सिंह राठौर के समन्वय में आयोजित शिविर में सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानु', व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, निम्मी अरोरा, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, जीएस भदौरिया, अमित मिश्रा, मोनिका सिन्हा, अखिलेश अवस्थी, केके श्रीवास्तव, वीरेश बहादुर, दिव्यांशी अवस्थी, ममता सिंह, निर्मेष पटेल आदि मौजूद रहे।

महादानी का हौसला बढ़ाते सदर विधायक व अन्य।

डीआईओएस बने स्काउट गाइड मुख्य आयुक्त

उन्नाव, अमृत विचार : भारत स्काउट गाइड के प्रादेशिक मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार द्वारा डीआईओएस सुनील दत्त को जिले का स्काउट गाइड मुख्य आयुक्त नियुक्त किया गया। है। उनका अधिकार पत्र लखनऊ मंडल से जिला संगठन आयुक्त पूनम संधू ने उन्हें प्रदान किया। जिला मुख्य आयुक्त/डीआईओएस ने छात्रों को स्काउट गाइड की सभी सुविधाएं व प्रशिक्षण को महत्वपूर्ण बता जिले के सभी विद्यालयों तक स्काउट गाइड शाखा स्थापित करने के लिए कहा। कहा कि इसके लिए जल्द ही प्रधानाचार्यों के साथ एक मीटिंग की जाएगी। इस दौरान जीआईसी प्रधानाचार्य परमात्मा शरण, जिला आयुक्त स्काउट व प्रधानाचार्य अजब सिंह, जिला कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्या पूजा कनौजिया, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड नीता सिंह व जिला स्काउट गाइड सचिव रवि कुमार पांडे मौजूद रहे।

योजना एचबीम स्लीपर डालने के काम में आई तेजी, परियोजना को समय पर पूरा करने का प्रयास जारी

छठे दिन लगे 55 स्लीपर, मजदूरों ने उठाए भोजन व सुविधाओं पर सवाल

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार: रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य को गति देने के लिए मंगलवार को छठे दिन सुबह 9:50 से शाम 5:50 बजे तक मेगाब्लॉक लेकर कार्य हुआ। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में एचबीम स्लीपर डालने का काम तेजी से हुआ। जिससे परियोजना को समय पर पूरा करने का प्रयास जारी है।

सीनियर डीईएन प्रवींद्र कुमार, एडीएन प्रथम उन्नाव राकेश प्रसाद व एडीएन द्वितीय आदि अधिकारियों की मौजूदगी में कार्य हुआ। अधिकारियों के अनुसार सोमवार को 55 एचबीम स्लीपर लगाए गए और करीब 26 मीटर तक ट्रैक पर काम पूरा किया गया। वहीं दूसरी ओर कार्य में लगे मजदूरों ने भोजन व बुनियादी सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई है। मजदूर संत लाल, प्रमोद सिंह, राजेंद्र कुमार व मीना मनोहारी आदि ने बताया कि उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा है। सुबह नाश्ता व चाय तक नहीं दी जाती है। जबकि दी जाने वाली सब्जी में स्वाद व गुणवत्ता का अभाव रहता है। आरोप लगाया कि भोजन में मसाले की कमी व पानी अधिक होता है। जिससे खाना बेस्वाद रहता है। उनका कहना है कि कुछ लोग घर से खाना लाने को मजबूर हैं। इसके अलावा रहने की उचित व्यवस्था भी नहीं है और मच्छरों के कारण सोना मुश्किल है। आरोप लगाया कि अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। जबकि उनके लिए अलग से बेहतर भोजन की व्यवस्था की जाती है।

मरहला चौराहे के पास पाइप लाइन डालने के लिये होता खोदाई का कार्य।

रेलवे एनओसी मिलने के बाद अंडरपास पाइप लाइन का कार्य शुरू, 300 गावों को मिलेगा पेयजल

शुक्लागंज, उन्नाव : ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल दिलाने के उद्देश्य से जल निगम द्वारा अमृत पेयजल जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों को अब गति मिल गई है। सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास से पाइप लाइन डालने के लिए रेलवे से एनओसी मिलने के बाद मंगलवार को मरहला चौराहे के पास काम शुरू किया गया। जल निगम की एजेंसी मेघा कंपनी द्वारा योजना का कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के सुपर वाइजर सुहेल ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग के नीचे से पाइप लाइन निकालने के लिए अब अनुमति मिल चुकी है। इसके तहत करीब 6 फीट ऊंचाई वाले सीमेंटेड पाइप डाले जाएंगे। इसके लिए पहले खुदाई कर यह जांच की जा रही है कि शहरी क्षेत्र की मौजूदा पाइप लाइन कितनी गहराई पर है। ताकि नई ग्रामीण पाइप लाइन को उसके ऊपर सुरक्षित डाला जा सके। बताया कि इस योजना के अंतर्गत आजाद मार्ग से होते हुए बदरका चौराहा, अचलगंज की ओर मुख्य पाइप लाइन पहले ही बिछाई जा चुकी है। इस पाइप लाइन के जरिए 300 से अधिक गावों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। लोगों का कहना है कि इस योजना के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी और लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा।

अमृत विचार

बुधवार, 8 अप्रैल 2026

दुनिया में कुछ भी पूरी तरह से गलत नहीं होता। रुकी हुई घड़ी भी दिन में दो बार सही समय दिखाती है।

पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

धमकियों का युद्ध

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब कूटनीतिक संतुलन, अंतर्राष्ट्रीय कानून और वैश्विक नैतिकता की भी कठोर परीक्षा बन चुका है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को 'एक रात में खत्म कर देने' की धमकी संघर्ष को एक खतरनाक मोड़ पर ले आया है। यह बयान केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति भी है, जिसका उद्देश्य विरोधी को भयभीत कर वार्ता की मेज पर लाना है। पिछले छह हफ्तों में हजारों हमलों के बावजूद यदि निर्णायक सफलता नहीं मिली, तो 'एक रात' में लक्ष्य प्राप्त कर लेने का ट्रंप का दावा राजनीतिक बयानबाजी है। यह संकेत है कि युद्ध अपेक्षा से अधिक लंबा और जटिल होने की दशा में, अमेरिकी नेतृत्व पर त्वरित परिणाम दिखाने का दबाव है। सबसे चिंताजनक नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाने की खुली धमकी है।

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून- विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन स्पष्ट रूप से नागरिकों और उनके बुनियादी ढांचे को युद्ध से अलग रखने की अपेक्षा करता है। पॉवर प्लांट, जल आपूर्ति और परिवहन नेटवर्क पर हमले न केवल मानवीय संकट को जन्म देते हैं, बल्कि उन्हें युद्ध अपराध की श्रेणी में भी रखा जा सकता है। यदि किसी देश की रणनीति नागरिकों पर दबाव बनाकर सरकार को झुकाने की हो, तो यह आधुनिक युद्ध के स्वीकृत सिद्धांतों के विरुद्ध है। ऐसे में ट्रंप का यह कहना कि वे 'युद्ध अपराध' के सवाल को लेकर चिंतित नहीं हैं, वैश्विक व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत और अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती है। सवाल उठता है कि क्या वैश्विक संस्थाएं, जैसे संयुक्त राष्ट्र ऐसी स्थिति में प्रभावी हस्तक्षेप कर सकती है? यथार्थ यह है कि महाशक्तियों के खिलाफ इन संस्थाओं की क्षमता सीमित होती है। राजनीतिक हित, वीटो शक्ति और भू-राजनीतिक समीकरण अक्सर न्यायिक कार्रवाई को बाधित कर देते हैं। संघर्ष के लगातार बढ़ते दायरे के दौरान पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, किंतु ईरान का तीव्र प्रतिकार और अमेरिका की आक्रामक रणनीति इसकी त्वरित सफलता की संभावना सीमित करती है। यह संघर्ष अब प्रतिष्ठा और शक्ति संतुलन का प्रश्न बन चुका है, समझौता करना दोनों पक्षों के लिए राजनीतिक रूप से कठिन है। ऐसे समय में भारत की भूमिका पर भी प्रश्न उठते हैं। भारत के ईरान, अमेरिका और खाड़ी देशों सभी से महत्वपूर्ण संबंध हैं। फिर भी, इस संकट में भारत अपेक्षाकृत शांत दिखाई देता है। यह रणनीतिक संयम का हिस्सा हो सकता है, लेकिन अब जब स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी है, भारत को सक्रिय कूटनीतिक पहल पर विचार करना चाहिए। भारत के लिए प्राथमिकताएं स्पष्ट होनी चाहिए। ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता। इसके साथ ही, भारत एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर सकता है।

यह संघर्ष मात्र सैन्य शक्ति से सुलझता नहीं दीख रहा। धमकियों और विनाश की भाषा अल्पकालिक लाभ भले दे, पर दीर्घकाल में यह वैश्विक अस्थिरता बढ़ाएगी। आज आवश्यकता है, संतुलित नेतृत्व, अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान और वास्तविक कूटनीति की, अन्यथा यह युद्ध एक ऐसे दुष्चक्र में फंस सकता है, जिससे निकलना कठिन हो जाएगा।

प्रसंगवश

सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम-सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती, लेकिन दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं।

अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, 'भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ते कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।'

विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें 'पर्यावरण के अनुकूल' विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है।

चावला ने इस विषय पर गहराई से रिसर्च की। कई देशों का दौरा किया। उन्होंने जो पाया, वह चौंकाने वाला और चिंताजनक था। अपनी शोध की यात्रा ने उन्हें 'कार्मापैक्स' नामक कंपनी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो गन्ने के अपशिष्ट से बने स्ट्रॉ बनाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले स्ट्रॉ के पीछे छिपी सच्चाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम किया।

प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, 'कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।' प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं, जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है।

यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है। विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस खोई) से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अजरबैजान से भारत के सुधरते रिश्ते और भविष्य

दिग्विजय सिंह

कानपुर

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। ईरान युद्ध से उपजे संकट से उबरने में भारत की मदद अजरबैजान भी कर रहा है। उसने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है। अजरबैजान, पाकिस्तान का स्वाभाविक मित्र है और हर मोर्चे पर पाकिस्तान की हां में हां मिलाता है। बीते वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति की थी। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की उसने निंदा कर भारत की नाराजगी मोल ली थी, हालांकि अब वह रिश्तों को सुधारना चाहता है, इसीलिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की बैठकें भी हो रही हैं।

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच दुश्मनी जगजाहिर है। दोनों देशों के बीच कई बार युद्ध भी हो चुका है। भारत सरकार आर्मेनिया को हथियार उपलब्ध कराता है। यूरोप का यह छोटा सा देश भारत का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। इस देश ने 'पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम और आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम का सौदा भी किया। आर्मेनिया द्वारा भारत से हथियारों की कुल खरीद 600 मिलियन डॉलर के पार तक जा चुकी है, जबकि आर्मेनिया लंबे समय तक रूसी हथियारों पर निर्भर रहा है। उसने रूस से इस्कंदर मिसाइल सिस्टम, सु-30एसएम लड़ाकू विमान, वायु रक्षा प्रणाली और मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर जैसे उन्नत सिस्टम खरीदे थे। 2020 में अजरबैजान के साथ नागोर्नो-काराबाख युद्ध के बाद आर्मेनिया ने रूस से किनारा किया और वह भारत से सामरिक रिश्ते बनाने में जुट गया। अब यह रिश्ता अपने शिखर पर है।

यही वजह है कि अजरबैजान सरकार भारत से नाराज रहती है और पाकिस्तान का साथ देती है। वह संयुक्त राष्ट्र संघ समेत तमाम मंचों पर तुर्किए के साथ मिलकर पाकिस्तान का समर्थन करती है और भारत की नीतियों पर सवाल उठाती है, हालांकि भारत विरोध के उसके इस कदम से उसे न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुए, बल्कि भारत समर्थक कई देशों से उसके रिश्ते सामान्य नहीं रहे। भारतीय पर्यटक बड़े पैमाने पर अजरबैजान के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिए जाते रहे हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति से उनकी संख्या में कमी आई।

अजरबैजान पर्यटन बोर्ड ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए, उसके अनुसार पिछले साल भारत से अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे न सिर्फ अजरबैजान की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है, बल्कि उसकी साख पर भी बट्टा लगा है। ऐसे में अब धीरे-धीरे वहां की सत्ता में बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास होने लगा है. इसलिए वे भारत से संबंध सुधारना चाहते हैं और इसी के तहत अब वह मदद को आगे आए हैं। भारत और अजरबैजान के संबंध ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रहे हैं, पर पाकिस्तान के कारण इसमें कई बार उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहा है।

अजरबैजान सरकार से भारत ने फिर से ऊर्जा निर्यात शुरू कर दिया है। भारत सरकार भी अजरबैजान से रिश्ते सामान्य करना चाहती है, क्योंकि अजरबैजान, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा, दक्षिण काकेशस में भू राजनीतिक संतुलन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्व है। यूरोप का यह छोटा सा देश जरूर है, लेकिन भारत की यूरेशिया तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि अजरबैजान, यूरोप और एशिया के चौराहे पर स्थित है, इसलिए भारत भी नहीं चाहता कि इस महत्वपूर्ण देश से उसके रिश्ते में ज्यादा कड़वाहट आए, हालांकि भारत किसी भी सूरत में आर्मेनिया को भी नाराज नहीं करेगा, क्योंकि वह भारत का स्वाभाविक मित्र राष्ट्र है। भारत का प्रत्येक मंच पर समर्थन करता है। साथ ही सबसे बड़ा हथियार आयातक देश भी है।

आर्मेनिया ने भी ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की बड़ी मदद की है, हालांकि हाल के कुछ महीने में पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते में सुधार आया है। अब भारत सरकार को अपनी कूटनीति के आधार पर न सिर्फ अजरबैजान और आर्मेनिया को साधे रखना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि उसका स्वाभाविक मित्र राष्ट्र आर्मेनिया, पाकिस्तान के पाले में न जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान-अमेरिका युद्ध में जिस तरह मित्र राष्ट्र इजरायल, अमेरिका और ईरान को साध रहे हैं, वैसे ही वे इन दोनों देशों को भी अपने साथ रखने में कामयाब होंगे।

अजरबैजान का पाकिस्तान से अलग होना बहुत जरूरी है। जिस तरह पर्यटकों की संख्या वहां घटी है और आर्थिक रूप से झटका लगा है, उससे तो यही लगता है कि अब अजरबैजान पुनः सार्वजनिक मंच पर पाकिस्तान के समर्थन में आवाज उठाने की हिमाकत नहीं करेगा। साथ ही वह भारत के समर्थन में खड़ा नजर आएगा। 200 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में मदद करके उसने इस बात के संकेत दे दिए हैं और पाकिस्तान को भी बता दिया है कि वह इस्लामाबाद का साथ तभी तक दे पाएगा जब तक कि उसके अपने हित प्रभावित नहीं होंगे। वैसे भी अजरबैजान और इजरायल की दोस्ती अच्छी है। ऐसे में अजरबैजान पर भारत से रिश्ते सुधारने का दबाव इजरायल की तरफ से भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह रिश्ते आने वाले दिनों में मजबूत होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। अजरबैजान ने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है।

आमने सामने



अगर भारत एक और झूठा फ्लैग ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम इसे कोलकाता तक ले जाएंगे। भारत, पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए झूठे फ्लैग ऑपरेशन की योजना बना रहा है।

-ख्वाजा आसिफ
रक्षा मंत्री
पाकिस्तान

पाकिस्तान के रक्षामंत्री को ऐसा भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े थे, जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। अगर वे बंगाल पर नजर डालने की कोशिश करेंगे, तो पता नहीं इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंटेगा।

-राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री, भारत



स्त्रियों पर बंदिश फिर इसे अक्षमता बताता है समाज

सत्य प्रकाश नायक

एक्टिविस्ट

रात के ग्यारह बजे एक व्यक्ति बिजली के खंभे पर चढ़ा है। नीचे अंधेरा है और ऊपर करंट का खतरा। तस्वीर के साथ लिखा है कि जिस दिन महिलाएं भी ऐसे काम करेंगी, उस दिन सच्ची बराबरी होगी। पहली नज़र में यह तर्क सीधा लगता है, लेकिन क्या वास्तव में बराबरी का अर्थ केवल वही काम करना है, जो दिखाई देता है। क्या जोखिम ही समानता की अंतिम कसौटी है, या यह सवाल ही अधूरा है। कभी-कभी हम तस्वीरों से निष्कर्ष निकाल लेते हैं, पर तस्वीरें अक्सर कहानी का आधा हिस्सा ही दिखाती हैं। जो दिखाई देता है, वह श्रम है; जो नहीं दिखाई देता, वह त्याग है और बराबरी की चर्चा में त्याग का अदृश्य होना ही, सबसे बड़ी विडंबना है।

इतिहास बताता है कि स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाज़े बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया। उन्नीसवीं सदी में एक महिला को चिकित्सा शिक्षा पाने के लिए पुरुष की पहचान अपनानी पड़ी, क्योंकि महिलाओं के लिए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश वर्जित था। पहले रास्ते बंद किए गए, फिर पूछा गया कि महिलाएं दिखती क्यों नहीं। यह बराबरी नहीं थी, यह संरचनात्मक असमानता थी।

भेदभाव अचानक वयस्कता में शुरू नहीं होता। वह बचपन से शुरू होता है। लड़कों को खिलौनों में गाड़ियां, औज़ार और बाहर की दुनिया दी जाती है। लड़कियों को रसोई सेट और गुड़िया। लड़कों को चढ़ना, गिरना, जोखिम लेना सिखाया जाता है। लड़कियों को संभलकर चलना और सीमाओं में रहना। धीरे-धीरे यह सामाजिक प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और निर्णय लेने की क्षमता को आकार देता है। जब बचपन से ही यह संदेश दिया जाए कि कुछ काम 'तुम्हारे लिए नहीं हैं', तो बड़े होकर अवसरों की असमानता केवल परिणाम होती है, कारण नहीं।

कार्य विभाजन भी तटस्थ नहीं है। समाज ने कामों को 'पुरुष' और 'महिला' श्रेणियों में बांट दिया। भारी मशीन, निर्माण, तकनीकी मरम्मत पुरुषों के हिस्से में गई। देखभाल, सफाई, खाना बनाना, बच्चों और बुजुर्गों की जिम्मेदारी महिलाओं के हिस्से में। यह बटवारा जैविक कम और सामाजिक अधिक था। पर समय के साथ इसे प्राकृतिक मान लिया गया।

भारतीय समाज में यह असमानता और जटिल हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ से जुड़े आकलनों के अनुसार ग्रामीण भारत में पानी लाने की जिम्मेदारी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं पर है। वे रोज़ कई किलोमीटर पैदल चलती हैं और घंटों कतार में खड़ी रहती हैं। यह श्रम शारीरिक रूप से कठिन है, लेकिन इसे जोखिमपूर्ण कार्यों की श्रेणी में नहीं रखा जाता, क्योंकि यह घर के दायरे से जुड़ा है और इसके बदले वेतन नहीं मिलता।

भारत के टाइम यूज़ सर्वे 2019 के अनुसार महिलाएं, पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक समय अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्यों में लगाती हैं। ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार भारतीय महिलाएं, पुरुषों से लगभग आठ गुना अधिक समय देखभाल कार्यों में देती हैं। यदि एक पुरुष प्रतिदिन एक घंटा देता है, तो एक महिला औसतन आठ घंटे देती है। यह केवल समय का अंतर नहीं यह अवसर का अंतर है। जब किसी व्यक्ति का अधिकांश समय अवैतनिक जिम्मेदारियों में व्यतीत होता है, तो वह प्रशिक्षण, कौशल विकास, नेटवर्किंग या जोखिमपूर्ण पेशों में प्रवेश के लिए आवश्यक तैयारी कैसे करेगा।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के अध्ययन से संकेत मिलता है कि यदि घरेलू जिम्मेदारियां संतुलित रूप से बांटी जाएं, तो महिला श्रम भागीदारी लगभग छह प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यह वृद्धि केवल सांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होगी; यह लाखों महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोलेगी। मैकिंज़ी ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि महिलाओं की पूर्ण आर्थिक भागीदारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर की वृद्धि संभव है। अवसर केवल समय से नहीं रुकते। वे मानसिकता से भी रुकते हैं। अनेक घरों में आज भी लड़कियों की गतिशीलता सीमित की जाती है। देर शाम बाहर रहना, दूर शहर में प्रशिक्षण लेना, फील्ड जॉब करना, जोखिमपूर्ण काम सीखना, इन सब पर प्रश्नचिह्न लगाया जाता है। परिवार की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और परंपरा का तर्क दिया जाता है।

परिणामस्वरूप लड़कियां धीरे-धीरे अपने सपनों को छोटा करना सीख जाती हैं। लगातार यह सुनना कि तुम नाजुक हो, तुम कमजोर हो, तुम्हें सुरक्षा की ज़रूरत है, केवल बाहरी रोक नहीं है; यह भीतर भी घर कर लेता है। मनोवैज्ञानिक स्तर पर आत्मविश्वास क्षीण होता है। कई महिलाएं अवसर मिलने पर भी स्वयं को उस भूमिका के योग्य नहीं मानतीं। जब समाज बार-बार सीमाएं खींचता है, तो व्यक्ति उन सीमाओं को अपनी पहचान का हिस्सा समझने लगता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाजे बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया।

सोशल फोरम

कमलपुर की महानता

एक बार मैं कमलपुर राज्य में गया। जब वहां के राजा के साथ भ्रमण पर निकला, तो कुछ देर बाद ही मुझे अपनी नाक पर रुमाल रखना पड़ा। 'आपके यहां गंदगी कुछ जियादे ही है श्रीमान!'

'क्या कह रहे हैं। हमारे यहां रोज सफाई होती है। यहां का सूबेदार खुद यह काम करता है। वह भी रोज। बिना नागा किए हुए! इस वक्त भी वह सफाई कार्य में लगा होगा! आप चलकर खुद ही देख लें महोदय!'

अनूप मणि त्रिपाठी

लेखक

इसी के साथ राजा ने सारथी को दिशा परिवर्तन का आदेश दिया। आदेश मिलते ही रथ दूसरी दिशा की ओर चल पड़ा। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे थे, दुर्गंध से मेरा दम घुटा जाता था। कुछ दूर जाने के बाद मैंने देखा कि उनका सूबेदार अपनी भाषा में जोर-जोर से कुछ बक रहा है, पर सामने मुझे कोई नजर न आता था। मैंने उधर-उधर देखने की कोशिश की पर मुझे कोई नहीं दिखा।

अंत में हारकर मैंने राजा से पूछा, 'आपका सूबेदार ये किससे बात कर रहा है? मुझे तो कोई नजर नहीं आ रहा श्रीमान!'

राजा बोला,' यह जो पहाड़ देख रहे हैं, मेरा काबिल सूबेदार उसी से बात कर रहा है।' मुझे बहुत हैरत हुई। मुझे तो वहां कोई पहाड़ नजर नहीं आया। पर मैं नहीं जानता था कि आगे महाहैरत मेरा इंतजार कर रही है। 'क्षमा करें मान्यवर! पर मुझे तो कोई पहाड़ नजर नहीं आ रहा!' मैंने राजा को अपनी दुविधा बताई।

राजा ने मेरी मुंडी पकड़ी और अपनी उंगली से सामने की ओर इशारा करते हुए बोला, 'वो रहा पहाड़। इतना ऊंचा तो है!'

'श्रीमान यह तो कूड़े का ढेर है!' मैं लगभग चीखते हुए बोला।

'पहाड़ जितना तो ऊंचा है!'

'मगर कूड़े के पहाड़ से कह क्या रहा है आपका सूबेदार!'

'वह कह रहा है कि अकड़ मत भइये! एक दिन तो तुझे यहां से भागना होगा! एक दिन तुझे यहां से जाना होगा!'

'और ये कब से कह रहा!' मैंने खुद को संभालते हुए पूछा।

'तकरीबन आठ-दस साल तो हो ही गए होंगे!'

'लोगों को दिक्कत नहीं होती क्या!' मैंने राजा से हैरत से पूछा।

'महोदय! किसी भी चीज को लंबा चलाना-खींचना होता है बस, एक दिन वह आदत में बदल जाती है। फिर चाहे गंदगी हो या युद्ध!' अपनी नाक से खुशबूदार रुई के फाहे निकालते हुए आगे बोला, 'देख लीजिए! यहां सिर्फ आपकी नाक पर रुमाल है।'

वाकई वहां मेरी नाक पर ही रुमाल था।

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

जलवायु परिवर्तनः पान की पारंपरिक खेती पर खतरा

राजस्थान के भरतपुर जिले की बयाना तहसील के कुछ गांव आजकल किसी रिपोर्ट के आंकड़े नहीं, बल्कि एक धीमी त्रासदी की तरह सामने आते हैं। कभी यहां पान की बेलें सिर्फ खेतों में नहीं, लोगों की जिंदगी में भी लहलहाती थीं। आज वही बेलें सिकुड़ गई हैं और उनके साथ सिकुड़ गई है, एक पूरे समुदाय की आर्थिक और सामाजिक दुनिया। एक आज ये गांव खाली हो रहे हैं। वहां के ग्रामीण कामकाज के लिए बड़े शहरों में पलायन कर गए हैं।

पिछले दिनों मैंने जब इस इलाके के बारे में सुना था, तो एक बात बार-बार मन में आ रही थी कि क्या सचमुच यह सिर्फ मौसम की मार है? या फिर हम अपनी जिम्मेदारियों को 'जलवायु परिवर्तन' जैसे बड़े शब्दों के पीछे छिपा रहे हैं? यह सच है कि मौसम बदल गया है। सर्दियां पहले जैसी नहीं रही हैं, गर्मियां झुलसा देती हैं और बारिश अपने समय पर नहीं आती। पान जैसी नाजुक फसल के लिए यह बदलाव जानलेवा साबित हुआ है। मैं जब इस इलाके में गया, तो गांवों की समृद्ध अर्थ व्यवस्था को उजड़े हुए पाया। खरैरी, बागरैन और खानखेड़ा गांवों के किसान बताते हैं कि पहले पान की एक बेल पंद्रह फीट तक जाती थी, अब सात-आठ फीट पर ही दम तोड़ देती है। पत्ते कम हो गए हैं और जो हैं, वे भी अक्सर दागदार या जले हुए मिलते हैं।

अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। असल कहानी वहां से शुरू होती है, जहां किसान मौसम से लड़ते-लड़ते थक जाता है और फिर उसे अहसास होता है कि इस लड़ाई में वह अकेला है। कोई उसके साथ नहीं है। पान की खेती आज भी फसल बीमा के दायरे से बाहर है। यह एक ऐसी हकीकत है, जिसे सुनकर हैरानी नहीं, बल्कि चिंता होनी चाहिए। बड़ा सवाल यह है कि जब जोखिम बढ़ रहा है, तब सुरक्षा का दायरा क्यों नहीं बढ़ता? क्या हमारी नीतियां केवल गेहूं-चावल जैसी मुख्यधारा की फसलों तक सीमित रह गई हैं? या फिर हम उन फसलों को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो भले ही राष्ट्रीय आंकड़ों में बड़ी न दिखें, लेकिन स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं?

बयाना का खरैरी गांव इसका जीता-जागता उदाहरण है। कभी यहां पान की वजह से इतनी रौनक थी कि बैंक की मुख्य शाखा तक खुल गई थी। आज हालात ऐसे हैं कि यह बैंक भी अपना बोरिया-बिस्तर समेट चुका है। यह सिर्फ एक आर्थिक गिरावट नहीं, बल्कि एक पूरे दौर के खत्म होने की निशानी है। इसके बाद आता है पलायन। गांव के युवा अब खेतों में नहीं, शहरों की भीड़ में मिलते हैं। बड़े शहरों में कोई सिक्योरिटी गार्ड है, कोई हलवाई के यहां काम कर रहा है, कोई ऑटो चला रहा है। यह बदलाव सिर्फ पेशे का नहीं, बल्कि पहचान का भी है। जो लोग कभी अपने खेतों के दम पर समृद्ध थे, वे अब शहरों में मजदूरों की कतार का हिस्सा बन गए हैं।

सवाल यह भी है कि क्या हम गांवों को धीरे-धीरे खाली होते देखने के आदी हो चुके हैं? सरकार की भूमिका पर बात करना यहां जरूरी है, लेकिन इसे केवल आलोचना के रूप में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में सदियों पुरानी खेती खत्म होने के कगार पर है, तो क्या यह सिर्फ किसानों की समस्या है? या यह नीति-निर्माताओं के लिए भी एक चेतावनी है? पान की खेती को अगर बीमा, अनुदान, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जाता, तो शायद हालात यह न होते। आसपास मंडी नहीं है, परिवहन की सुविधा कमजोर है। ऐसे में किसान अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

इंसानियत सिखाती कठपुतलियां

आदिम काल से लेकर आज तक मनुष्य अपने फुर्सत के समय में किसी न किसी तरह के मनोरंजन के साधनों को अपनाता रहा है। कठपुतली नाट्य कला मनुष्य द्वारा अपनाए जाने वाले साधनों में एक स्वस्थ, संदेशप्रद, शालीन, सभ्य, नैतिकता से ओतप्रोत और मानवीय मूल्यों का बोध कराने वाले मनोरंजन के साधनों के रूप में सदियों से जानी जाती रही हैं। परंतु आधुनिक दौर में तकनीकी, प्रौद्योगिकी, मशीनीकरण ने हस्तकला आधारित मनोरंजन के साधनों और औजारों को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेजी से पांव पसारती उपभोक्तावादी संस्कृति टीवी, फिल्म, वेबसीरिज, तरह-तरह के धारावाहिकों, कानफोड़ू डीजे कल्चर के चक्कर और घनचक्कर में लोगों ने कठपुतली नाट्य कला को भूला दिया। मोबाइल और लैपटॉप पर होने वाली चैटिंग और विविध प्रकार के गेमो ने तो कठपुतली नाट्य कला को लगभग हाशिए पर धकेल दिया।

मनोज कुमार सिंह
साहित्यकार

कहानी कहने का सहज और आकर्षक माध्यम

कठपुतली नाट्य कला के सिद्धहस्त कलाकार परदे के पीछे से सुतली, धागे या रस्सी के सहारे मंच पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी कठपुतलियों पर जब अपनी जादुई उंगलियों को फेरते हैं, तो कठपुतलियां जीते-जागते इंसानों की तरह बोल उठती हैं। मंच पर कठपुतलियों का मनमोहक नृत्य और अभिनय दर्शकों का मन बरबस मोह लेता है। किसी कथा, कथानक और कहानी कहने का सहज सरल और आकर्षक माध्यम है कठपुतली नाट्य कला। नाट्यकला और रंगमंच के इतिहास का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के सरल, सहज, सशक्त और आकर्षक माध्यम के रूप में अत्यंत प्राचीन काल से विश्व के अधिकांश हिस्सों मे व्याप्त रही है। कालक्रमेण कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान-विज्ञान का समुचित बोध कराने, शिक्षा, सूचना और विचारों के संप्रेषण का माध्यम तथा इससे जुड़े कलाकारों के आजीविका का साधन बन गई। हमारे जनजीवन और लोक मनोरंजन से लगभग मृतप्राय: हो रही है। कठपुतली नाट्य कला कै माध्यम से शिक्षण कार्य को रोचक बनाया जा सकता है। कुप्रथाओं, कुरीतियों और अन्य सामाजिक समस्याओं को मिटाने के लिए कठपुतली विधा बेहतरीन माध्यम हो सकती है।

फ्रांस से शुरू हुई दिवस मनाने की परंपरा

कठपुतली नाट्य कला के विकास, संबर्द्धन और सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर कठपुतली दिवस मनाने का विचार सर्वप्रथम ईरान के कठपुतली नाट्य मर्मज्ञ और प्रस्तोता जावेद जोलपाघरी ने प्रस्तुत किया। वर्ष 2000 में मांडेबुर्ग में 18 वीं Union Internationale de la Marionnetee (UNIMA) सम्मेलन के दौरान यह प्रस्ताव विचार हेतु रखा गया। दो वर्ष बाद इस प्रस्ताव को जून 2002 के जून महीने में अटलांटा में काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। सर्वप्रथम फ्रांस में वर्ष 2003 में विश्व कठपुतली दिवस मनाया गया, तब से कठपुतली दिवस मनाने का चलन-चलन संपूर्ण विश्व में फैलने लगा।

शिक्षण में निभा सकती है महती भूमिका

अपनी अद्वितीय संप्रेषण दक्षता और ग्रहणशीलता के कारण कठपुतली नाट्य कला प्राथमिक स्तर तथा उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण का सशक्त और लोकप्रिय माध्यम हो सकती हैं। पौराणिक और ऐतिहासिक विभूतियों के जीवन चरित्र पर आधारित कठपुतली नाट्य कला के प्रदर्शन से चरित्र निर्माण में सहायता मिल सकती हैं। मनोरंजन के नित नवीन विकसित होते माध्यमों के कारण कठपुतली नाट्य कला लगभग विलुप्ति के कगार पर है। इसके साथ ही साथ इसके माध्यम से आजीविका चलाने वाले लोगों के समक्ष भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। नृत्य कला, चित्रकला, मूर्तिकला और संगीत कला को समिश्रित किए कठपुतली नाट्यकला भारतीय समाज में अत्यंत प्राचीन काल से चलन-कलन में रही है।

वर्द्धन वंश ने दिया संरक्षण

सामान्यतः पुतलों का प्रयोग हमारे देश के किसान अपने खून-पसीने की कमाई फसल की रक्षा के लिए करते हैं। अपनी चुनी हुई सरकार, चुने हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपने आक्रोश को अभिव्यक्त करने के लिए जनता द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम आमतौर पर देखा जा सकता है। हर वर्ष दशहरा के अवसर पर रावण का पुतला दहन करने का रिवाज सदियों पुराना है। परंतु पुतला के माध्यम नाट्यकला कौशल का उल्लेख ईसापूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी कृत अष्टाध्यायी के नटसूत्र में मिलता है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती जी का मन बहलाकर इस नाट्यकला को शुरुआत किया था। सिंहासन बत्तीसी में भी विक्रमादित्य के सिंहासन की बत्तीस पुतलियों का उल्लेख मिलता है। यह सर्वविदित तथ्य है कि राजतंत्रीय परंपराओं में हर कला का विकास राजमहलों की अनुकंपा पर निर्भर था। भारत वर्द्धन वंश के शासकों ने कठपुतली नाट्यकला को संरक्षण और प्रश्रय दिया। वर्द्धन वंश के शासकों के शासन काल में इस कला का फैलाव भारत से पूर्वी एशिया के देशों इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यान्मार, जावा श्रीलंका इत्यादि में हुआ।



संरक्षण के लिए समाज की जागरूकता जरूरी

पारंपरिक भारतीय कठपुतली नाट्यकला में पौराणिक कथाओं, मिथकों और कहानियों जैसे अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, लैला मजनूं, शीरी फरहाद तथा भारतीय इतिहास के विभिन्न कालखंडों के महापुरुषों राजा हरिश्चंद्र, भक्त पूरन मल, श्रवण कुमार, भर्तृहरि, सती-सावित्री इत्यादि के चरित्र को आधार बनाकर मंचन किया जाता था। आज इसका समसामयिक प्रयोग प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, विज्ञापन इत्यादि में किया जाता है। उत्तर भारत में राजस्थान में कठपुतली नाट्यकला आज भी लोकप्रिय है। लोक जागरण के सशक्त माध्यम कठपुतली नाट्यकला को फिर से व्यापक, विस्तारित और लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की माटी के सपूत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित उत्कृष्ट रंगकर्मी श्री मिथिलेश दुबे अपनी संस्था क्रिएटिव पपेट थिएटर के माध्यम से 'मोहन से महात्मा' कठपुतली नाट्य कला का देश के विभिन्न हिस्सों में मंचन करते आ रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी विगत आठ वर्षों से कठपुतली नाट्य कला पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी स्वाधीनता आंदोलन के नायकों के व्यक्तित्व पर आधारित कथानक तैयार कर कठपुतली नाट्य कला का मंचन देश के विभिन्न शहरों में करते आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर कथानक तैयार कर मंचन का कार्य करते हैं। जिन सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर देश के अधिकांश बुद्धिजीवी बहस करते हैं। इन समस्याओं को कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से हम जनमानस को सहजता से समझा सकते हैं। इस तरह कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से देश की विविध समस्याओं के प्रति जनमानस को जागरूक कर सकते हैं। इसके साथ कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ अपने समाज के नैतिक मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं को समाज स्थापित, विस्तारित, व्यापक और मजबूत कर सकते हैं। इस नाट्यकला के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, कुप्रथाओं और असंगत रूढ़ियों को दूर किया जा सकता है। वैसे तो कठपुतली नाट्य कला का फैलाव प्रशांत महासागर के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक पाया जाता हैं, परंतु आधुनिक दौर में भारत में यह कला बेहद संकट के दौर से गुजर रही हैं।

कठपुतली नाट्य कला को विगत वर्षों में स्कील इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से कलाप्रेमी युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा सके। कठपुतली नाट्य कला को संरक्षित करने के लिए जन जन में जागरूकता लाई जाए तथा स्वस्थ सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश निर्मित किया जा सके।

अनोखी परंपरा

पीढ़ियों का विश्वास: राम जन्म कुंडली वाचन

राजस्थान के बीकानेर शहर में एक ऐसी अनूठी धार्मिक परंपरा जीवित है, जो समय के साथ न केवल संरक्षित रही है, बल्कि आज भी लोगों की गहरी आस्था का केंद्र बनी हुई है। तेलीवाड़ा चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में पिछले लगभग 125 वर्षों से भगवान श्रीराम की जन्म कुंडली के वाचन की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। यह परंपरा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक भी है। इस परंपरा की सबसे विशेष बात यह है कि कुंडली वाचन का दायित्व पीढ़ी दर पीढ़ी एक ही परिवार द्वारा निभाया जाता रहा है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में न केवल धार्मिक अनुशासन दिखाई देता है, बल्कि परिवार की उस निष्ठा का भी परिचय मिलता है, जिसने इसे समय की धारा में बहने नहीं दिया। मंदिर परिसर में स्थापित वीर हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष यह अनुष्ठान विधिवत संपन्न होता है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे श्रद्धा के साथ देखते और सुनते हैं।

कुंडली वाचन से पूर्व पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद भगवान को अर्पित प्रसाद को भक्तों में वितरित किया जाता है। प्रसाद के रूप में पंचामृत और पंजीरी का विशेष महत्व है। पंचामृत को दूध, दही, केसर और पंचमेवा से तैयार किया जाता है, जिसकी मात्रा भी इस आयोजन की भव्यता को दर्शाती है। करीब 9 क्विंटल पंचामृत श्रद्धालुओं के बीच बांटा जाता है। यह केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और श्रद्धा का उत्सव बन जाता है। इस परंपरा का महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है। यह बीकानेर की उस सांस्कृतिक पहचान को भी उजागर करती है, जिसमें परंपराओं को सहेजकर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भाव निहित है। बदलते समय और आधुनिक जीवनशैली के बीच भी इस तरह की परंपराओं का जीवित रहना इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार, बीकानेर का यह रघुनाथ मंदिर न केवल एक आस्था का केंद्र है, बल्कि वह स्थान भी है, जहां इतिहास, परंपरा और विश्वास एक साथ जीवंत रूप में दिखाई देते हैं।

लोकायन

रंग, रिश्ते और रिवाजों का जनजातीय उत्सव

गुजरात के उत्तर-पूर्वी अंचल में जब रंग, संगीत और उत्साह एक साथ सजीव हो उठते हैं, तब कवंत का जनजातीय उत्सव अपने पूरे वैभव के साथ सामने आता है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि रथवा जनजाति के जीवन, संस्कृति और सामूहिक आनंद का जीवंत उत्सव है, जिसमें परंपरा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलता है। कवंत का यह आयोजन दरअसल एक बड़े सामाजिक मिलन का रूप ले लेता है। दूर-दराज के गांवों से लोग सजे-धजे परिधानों में यहां पहुंचते हैं और अपने रिश्तों को नया आयाम देते हैं। इस दौरान विवाह संबंधों पर चर्चा करना एक अहम पहलू होता है, जहां परिवार आपसी सहमति और परंपराओं के अनुसार रिश्तों की नींव रखते हैं। साथ ही, वस्तुओं का आदान-प्रदान भी इस उत्सव का हिस्सा होता है, जो सामुदायिक जीवन की आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस उत्सव की सबसे आकर्षक झलक इसके पारंपरिक लोक नृत्यों में देखने को मिलती है। ढोल-नगाड़ों और लोक वाद्यों की थाप पर युवक-युवतियां जब समूह में थिरकते हैं, तो पूरा वातावरण ऊर्जा और उल्लास से भर उठता है। उनके रंग-बिरंगे परिधान, पारंपरिक आभूषण और लयबद्ध नृत्य इस उत्सव को और भी मनमोहक बना देते हैं। संगीत यहां केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बन जाता है। कवंत की खासियत यह भी है कि यह अब केवल स्थानीय उत्सव नहीं रह गया है। इसकी ख्याति देश-विदेश तक पहुंच चुकी है।

हर वर्ष बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक और अनिवासी भारतीय इस अनूठे जनजातीय उत्सव को देखने के लिए यहां आते हैं। उनके लिए यह अनुभव किसी जीवंत सांस्कृतिक संग्रहालय से कम नहीं होता, जहां वे भारत की आदिवासी परंपराओं को करीब से महसूस कर पाते हैं। बदलते समय के बावजूद कवंत अपनी मूल पहचान को सहेजे हुए है। यह उत्सव आज भी उस सरल, सामूहिक और आनंदमय जीवनशैली की झलक प्रस्तुत करता है, जो आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही है। यही कारण है कि कवंत न केवल एक त्योहार है, बल्कि वह परंपरा, पहचान और समुदाय की एक ऐसी जीवित कहानी है, जो हर साल नए उत्साह के साथ दोहराई जाती है।

आर्ट गैलरी

यशोदा और कृष्ण : भारतीय कला की पुनर्पहचान

कला जगत की ताजा खबर यह है कि वैक्सीन उद्योग के अरबपति सायरस पूनावाला ने राजा रवि वर्मा की प्रसिद्ध कृति "यशोदा और कृष्ण" को 17.9 मिलियन डॉलर (लगभग 1672 करोड़ रुपये) में खरीदकर भारतीय चित्रकला की नीलामी का नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह नीलामी 1 अप्रैल को मुंबई स्थित सैफ्रौनआर्ट में हुई, जहां इस कृति ने अनुमानित मूल्य से कहीं अधिक बोली प्राप्त की और एम. एफ. हुसैन की कृति "ग्राम यात्रा" को मिली उच्चतम बोली का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तरह यह चित्र दक्षिण एशियाई कला के लिए दूसरी सबसे महंगी कृति बन गयी है। हालांकि पहला स्थान 2017 में बिकी एक बौद्ध मूर्ति के पास है। पूनावाला ने इसे "राष्ट्रीय धरोहर" बताते हुए कहा कि वे इसे समय-समय पर सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराते रहेंगे।

यह कृति रवि वर्मा के करियर के उस शिखर काल की है, जिसमें पाश्चात्य यथार्थवादी शैली और भारतीय पौराणिक विषयों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उल्लेखनीय है कि रवि वर्मा उन कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें 1972 के भारतीय कानून के तहत 'राष्ट्रीय धरोहर' घोषित किया गया है, जिसके कारण उनकी कृतियां देश से बाहर नहीं जा सकतीं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बिक्री भारतीय कला बाजार के परिपक्व होने और देश के भीतर सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने की बढ़ती प्रवृत्ति का सुखद संकेत है।

सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

"यशोदा और कृष्ण" शीर्षक वाली यह कृति केवल एक ग्रामीण दृश्य नहीं है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक स्मृति, भक्ति-परंपरा और मातृत्व के गहन प्रतीकवाद से समृद्ध एक दृश्य-आख्यान बन जाती है। राजा रवि वर्मा ने इस चित्र में पौराणिक कथा को लोकजीवन के सहज परिवेश में रूपायित कर उसे एक नई यथार्थवादी संवेदना प्रदान की है। चित्र में माता यशोदा को एक साधारण ग्रामीण स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो गाय का दूध निकाल रही हैं। उनके पीछे बालक कृष्ण का स्नेहपूर्ण आलिंगन मातृत्व और बाल-क्रीड़ा की आत्मीयता को व्यक्त करता है। यहां कृष्ण कोई अलौकिक, चमत्कारिक देवता नहीं, बल्कि एक चंचल, स्नेहमय बालक के रूप में दिखाई देते हैं-यही रवि वर्मा की सबसे बड़ी विशेषता है, अर्थात् देवत्व का मानवीकरण।

कला-इतिहास की दृष्टि से यह चित्र भारतीय भक्ति आंदोलन की उस परंपरा को दृश्य रूप देता है, जिसमें ईश्वर को एक सुलभ, प्रेमपूर्ण और मानवीय रूप में अनुभव किया जाता है। विदित है कि यशोदा-कृष्ण संबंध वैष्णव भक्ति परंपरा में 'माधुर्य' और 'वात्सल्य' भाव का प्रमुख उदाहरण है। इस चित्र में वात्सल्य रस की अभिव्यक्ति अत्यंत स्वाभाविक और प्रभावशाली है-यशोदा का शांत, ममत्वपूर्ण चेहरा और कृष्ण का स्नेहिल स्पर्श इस भाव को मूर्त रूप देते हैं।

तकनीकी दृष्टि से, चित्र में प्रकाश और छाया का सूक्ष्म उपयोग, शरीर की आयतनात्मकता और वस्त्रों की यथार्थपरक बनावट यूरोपीय अकादमिक शैली की देन है, किंतु विषय-वस्तु, भाव और प्रतीक पूरी तरह भारतीय हैं। गौ यहां केवल एक पशु नहीं, बल्कि 'गौ-माता' के रूप में भारतीय सांस्कृतिक प्रतीक है- समृद्धि, पोषण और पवित्रता का संकेत।

राजा रवि वर्मा के चित्रों में एक और महत्वपूर्ण पहलू उभरता है-पौराणिक आख्यानों का लोक-रूपांतरण। कृष्ण, जो सामान्यतः वृंदावन के दिव्य नायक या अवतार के रूप में चित्रित होते हैं, यहां एक ग्रामीण बालक के रूप में उपस्थित हैं। इससे दर्शक के साथ उनका संबंध अधिक आत्मीय और निकट हो जाता है। इस प्रकार, रवि वर्मा ने धार्मिक कथा को सामाजिक यथार्थ के साथ जोड़कर उसे जनसामान्य के अनुभव का हिस्सा बना दिया। आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो यह चित्र उस सांस्कृतिक परियोजना का हिस्सा है, जिसमें औपनिवेशिक काल में भारतीय पहचान को पुनर्परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा था। यशोदा और कृष्ण के माध्यम से 'भारतीय मातृत्व' और 'आदर्श बालक' की छवि गढ़ी गई, जो एक सांस्कृतिक आदर्श का निर्माण करती है।

अंततः "यशोदा और कृष्ण" केवल एक चित्र नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, भक्ति-संवेदना और सांस्कृतिक प्रतीकों का समन्वित रूप है। राजा रवि वर्मा ने इस पेंटिंग के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पौराणिक कथाएं केवल अलौकिक नहीं, बल्कि मानवीय अनुभवों के माध्यम से भी उतनी ही प्रभावशाली ढंग से व्यक्त की जा सकती हैं। यही कारण है कि यह कृति आज भी सौंदर्य, भाव और अर्थ- तीनों स्तरों पर अत्यंत प्रासंगिक बनी हुई है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	74,616.58	23,123.65
बढ़त	509.73	155.40
प्रतिशत में	0.69	0.68

सोना 1,53,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,000 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

चांदी 2,000 रुपये लुढ़की, सोना 600 रुपये टूटा

नई दिल्ली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये, या लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सोमवार को बाज़ार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सर्राफा बाज़ार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 600 रुपये या 0.4 प्रतिशत टूटकर 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन का त्याग पत्र

मुंबई। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन ने उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए एक समिति का गठन किया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया न्यूजीलैंड मूल के विल्सन पिछले चार वर्ष से टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे। एयरलाइन ने बयान में कहा कि विल्सन ने 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था।

एसडीएचआई को चार 'डुअल-फ्यूल' जहाज बनाने का ठेका

मुंबई। जहाज निर्माण एवं भारी ढांचा विनिर्माण कंपनी स्वान डिफेंस एंड हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एसडीएचआई) को एनर्जी वन लिमिटेड से चार डुअल-फ्यूल अमोनिया मालवाहक जहाज बनाने का ठेका मिला है। एसडीएचआई ने मंगलवार को बयान में कहा कि श्रेणी-4 के इस ठेके के तहत पहला पोत अक्टूबर 2029 तक सौंपे जाने की उम्मीद है। इसके बाद के पोत चार-चार महीने के अंतराल पर दिए जाएंगे। यह 1,501 करोड़ रुपये से 3,000 करोड़ रुपये के बीच मूल्य वाला ऑर्डर श्रेणी-4 में आता है। 229.5 मीटर लंबाई और 37 मीटर चौड़ाई वाले इन प्रत्येक जहाजों में अमोनिया ईंधन से चलने वाली प्रणोदन प्रणाली होगी।

टाटा स्टील के कच्चे इस्पात का उत्पादन 8% बढ़ा

नयी दिल्ली। टाटा स्टील ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन 8% बढ़कर 2.34 करोड़ टन रहा, जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है। कंपनी ने बताया कि उत्पादन में यह वृद्धि मुख्य रूप से उसके कलिंगनगर संयंत्र में परिचालन बढ़ने के कारण हुई है।

24 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

आठ औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा एलओसी, कई जिलों में परियोजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में करीब 24,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इन प्रस्तावों के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में आठ बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिनसे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि सरकार की ओर से इन कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए जाएंगे, जिससे परियोजनाओं के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया तेज होगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को धरातल पर साकार करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

- हजारों को मिलेगा रोजगार, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

इन जिलों में लगेंगी उद्योग इकाइयां

इन निवेश प्रस्तावों के तहत शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और मुरादाबाद में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। इससे क्षेत्रीय संतुलित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

इन कंपनियों को मिली कैबिनेट से मंजूरी

ओएफबी टैंक प्रा. लि. — शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल प्लांट (589.98 करोड़)

इंडिया ग्लाइकोल्स लि. — गोरखपुर में एथेनॉल प्लांट (669.93 करोड़)

सीईएसी ग्रीन पावर — सोलर सेल प्लांट (3805 करोड़)

बिसलेरी इंटरनेशनल — प्रयागराज में बेवरेज प्लांट (269.31 करोड़)

एजीआई ग्रीन पैक — हाथरस में एल्युमिनियम कैन यूनिट (1128.72 करोड़)

इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया — यमुना एक्सप्रेसवे पर सोलर सेल यूनिट (1146 करोड़)

त्रिवेणी इंजीनियरिंग — मुरादाबाद में एथेनॉल यूनिट (237 करोड़)

अवाडा इलेक्ट्रो — संशोधित निवेश 13,640.79 करोड़

शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी

मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 % टूटकर 109 डॉलर प्रति बैरल पर आया

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। इससे बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया और एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से भी बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया

और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,671 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 1,555 शेयरों में गिरावट आई और 155 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

संकट प्रभावित कारोबारों को 2.5 लाख करोड़ की ऋण गारंटी योजना पर विचार

नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी देगी बैंक ऋण पर यह गारंटी

नयी दिल्ली, एजेंसी

सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा।

सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली। सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

इस योजना के तहत अर्थव्यवस्था के करीब सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया था और पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण पर सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई थी। योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके। ऋणदाता संस्थान उधारकर्ता के मौजूदा ऋण के आधार पर पूर्व-स्वीकृत ऋण देते थे। अतिरिक्त ऋण के लिए नया मूल्यांकन नहीं किया जाता था। इसके अलावा ऋण पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा तय की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड 24 अप्रैल को कर सकते हैं एफटीए पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 अप्रैल को यहां हस्ताक्षर होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को द्वीपीय देश के बाजार में अपने उत्पादों के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी और अगले 15 वर्ष में करीब 20 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है।

दोनों देशों ने इस व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा पिछले वर्ष 22 दिसंबर को की थी। इस समझौते का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करना है। अधिकारी ने बताया कि इस समझौते पर भारत मंडपम में 24 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

फॉक्सवैगन के टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन

नयी दिल्ली। वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को फॉक्सवैगन टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन पुणे स्थित अपने संयंत्र में शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया टाइगुन मॉडल समूह की 'मेक इन इंडिया, फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' रणनीति को मजबूत करेगा और भारत को वैश्विक उत्पादन एवं निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

रसोई गैस के बाद अब पीएनजी के दाम भी बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गये हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक

अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गयी है।

एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गयी है जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गयी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गयी है।

काम की बात

EMI का बोझ ऐसे करें कम

कारोबार डेस्क

कर्ज लेना जितना आसान है, लेकिन उसकी अदायगी एक चैलेंज। बाकी खर्चों के साथ ईएमआई देना कई बार मुश्किल हो जाता है। दरअसल EMI केवल एक पेमेंट नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुकी है। घर, गाड़ी, मोबाइल, यहां तक कि छुट्टियों तक, हर चीज EMI पर मिल रही है। परेशानी तब शुरू होती है जब महीने की सैलरी आती है और कुछ ही दिनों में बैंक के डेबिट मैसेज से आपको तनाव होने लगता है। यदि आप भी अपनी ईएमआई से परेशान हैं, तो आपके काम की बात है।

EMI कम करने के 5 स्मार्ट तरीके

- **सबसे पहले कौन सा लोन खत्म करें?**
  -आप हमेशा सबसे महंगा लोन खत्म करें। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन का ब्याज सबसे ज्यादा होता है, ऐसे में इन्हें खत्म करना जरूरी है।
- **क्या ईएमआई कम कर सकते हैं?**
  -हां लाइफस्टाइल के हिसाब से इसको कम कर सकते हैं। अगर EMI ज्यादा लग रही है, तो बैंक से बात करें। लोन की अवधि बढ़वा सकते हैं, EMI कम हो जाएगी। दूसरे बैंक में भी बैलेंस ट्रांसफर कर सकते हैं।
- **खर्च कंट्रोल कैसे करें?**
  -यहां काम आता है 50-30-20 फॉर्मूला। 50% जरूरी खर्च, 30% शौक, 20% बचत। याद रखिए कि अगर EMI ज्यादा है, तो सबसे पहले शौक वाले खर्च कम करें।
- **बोनस का सही उपयोग कैसे करें?**
  -बोनस को खर्च मत करें, लोन खत्म करने में लगाएं। अगर आप हर साल थोड़ा-थोड़ा प्री-पेमेंट करते हैं, तो आपका लोन जल्दी खत्म हो सकता है। इससे ब्याज कम लगेगा और टेंशन भी घटेगी।
- **इमरजेंसी फंड क्यों जरूरी हैं?**
  -अक्सर अचानक खर्च EMI को बिगाड़ देता है। इसके अलावा मेडिकल खर्च, नौकरी जाने का खतरा या अचानक अन्य कोई आवश्यकता के लिए इमरजेंसी फंड जरूरी होता है।

लोन कंसोलिडेशन भी कर सकते हैं

- आसान भाषा में अपनी एक से अधिक ईएमआई को मिलाकर एक EMI कर लेना लोन कंसोलिडेशन कहलाता है। अगर आपके पास कई हाई इंटरेस्ट लोन हैं (जैसे क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन), तो कंसोलिडेशन फायदेमंद हो सकता है, अगर:
  - **ब्याज दर कम हो जाए:** नए लोन का इंटरेस्ट पुराने से कम हो।
  - **EMI मैनेज करना आसान हो:** कई की जगह एक ईएमआई रह जाए।
  - **कैश फ्लो सुधरे:** हर महीने कुछ पैसा बचने लगे।
  - **क्रेडिट स्कोर बेहतर हो:** समय पर एक EMI भरना आसान होता है। इससे क्रेडिट स्कोर बेहतर होता है।

- **एक बात याद रखिए**-लोन आपकी आवश्यकता पूरी करता है। EMI आपकी जिम्मेदारी है, उसे बोझ बनाना आपकी गलती। लोन चुकाने में अनुशासन पालन करें। ईएमआई कम दिखाने के चक्कर में कुल लागत की गणना करना न भूलें।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

असम के सीएम सबसे भ्रष्ट, कांग्रेस गठबंधन को मिलेगा बहुमत : खरगे

गुवाहाटी, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि असम विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 126 सीटों में से 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत में 'सबसे भ्रष्ट' नेता हैं तथा उनके खिलाफ लगे आरोपों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को टिप्पणी करनी चाहिए।

खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम में अगली सरकार बनाने जा रहा है। हम 72-73 सीटें जीतेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा पर निशाना

साधा। खरगे ने आरोप लगाया कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। हिमंत विश्व शर्मा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वह चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, जमीन, सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शर्मा के कैबिनेट का हर सदस्य भ्रष्ट है और उन सभी के पास हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति है।

बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे : शाह

घुसपैठियों के स्वागत को रेड कार्पेट बिछाती है कांग्रेस

पाथरकांडी (असम), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' निश्चित है। इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आते ही सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने असम की बराक घाटी में अवैध प्रवासियों को शरण दी, जिससे उन्होंने श्रीभूमि, सिलचर और कछार में अपना दबदबा बना लिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम



(सीएए) का विरोध इसलिए करती है क्योंकि उसे पता है कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि राज्य में कोई घुसपैठिया न रहे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से सताए गए हिंदू इस कानून के दायरे में आते हैं...कांग्रेस इसका विरोध करती है, लेकिन पार्टी मुस्लिम घुसपैठियों के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाती है। शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। गृहमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' तय है। जैसे ही भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी, असम, त्रिपुरा और बंगाल से सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा।

हैलाकांडी में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने असम में मुस्लिम छात्रों के लिए 700 मदरसे बनाए, लेकिन भाजपा ने उनमें से 402 को प्राथमिक विद्यालयों में बदल दिया ताकि उन्हें भी आधुनिक शिक्षा मिल सके।

प. बंगाल : एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट से हटे करीब 91 लाख नाम

कोलकाता, एजेंसी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद वा से करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत में 7.66 करोड़ मतदाताओं के आधार पर, राज्य में इस समय कुल हटाए गए मतदाताओं का प्रतिशत 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक कुल हटाए गए नामों की अंतिम संख्या 90.83 लाख से थोड़ा अधिक रही। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई जांच में इन 60.06 लाख में से 27.16 लाख 'विवेचनाधीन' मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

मतदाताओं को भयभीत कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी: भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को भयभीत करने का मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा डाल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बनर्जी के इस दावे का खंडन किया कि मतदाताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया जा रहा है और कहा कि ये टिप्पणियां आसन्न चुनावी हार की हताशा दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें निश्चित और करारी हार का सामना करना पड़ रहा है।

ममता जी, आप अब हताशा में हैं। जब कोई नेता हताश हो जाता है, तो वह कुछ भी कहने लगता है। उन्होंने कहा कि मैं इस दावे की कड़ी निंदा करता हूं कि सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) लोगों को पीटने आ रही है। ममता जी, सीआरपीएफ किसी को पीटने नहीं आ रही है।

वे यह सुनिश्चित करने आ रहे हैं कि वैसे निर्दोष मतदाता, जिन्हें आपके कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा के माध्यम से मतदान करने से रोका जाता है, अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें।

टीवीके प्रमुख विजय के दोनों सीटों से नामांकन पत्र स्वीकार

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय द्वारा पेराम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दाखिल नामांकन पत्रों को मंगलवार को जांच के बाद वैध पाए जाने के साथ स्वीकार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विजय दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ अपने चुनावी सफर की शुरुआत करने जा रहे हैं।

स्टालिन ने पुडुचेरी के लिए मांगा पूर्ण राज्य का दर्जा

पुडुचेरी, एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया है कि केंद्र ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने इस तरह के कदम के लिए 14 बार प्रस्ताव पारित किए हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए और नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) के उम्मीदवारों का औपचारिक परिचय कराते हुए स्टालिन ने आरोप लगाया कि सब कुछ उपराज्यपाल के पास है जबकि मुख्यमंत्री एन रंगासामी को कठपुतली मुख्यमंत्री बनाकर रखा गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि नौ अप्रैल को होने वाले आगामी चुनाव लोगों के लिए पुडुचेरी में मौजूदा समस्याओं को खत्म करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।।" स्टालिन ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान वादा किया था कि पुडुचेरी "सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी" बनेगा। उन्होंने कहा कि असलियत तो यह है कि लोग अभी पुडुचेरी की सबसे बुरी हालत देख रहे हैं। उन्होंने सरकार की कथित नाकामियों की मिसालें दीं, जिनमें नकली दवा बनाने वाली इकाई की जांच में बाधा डालना और घटिया दवाइयों की खरीद शामिल है।

ममता आज भवानीपुर से करेंगी नामांकन

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को भवानीपुर सीट से बतौर तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगी। ममता बनर्जी की योजना इस दौरान खुद को बहुलवादी और समावेशी होने का राजनीतिक संदेश देने की है। यह इलाका संकरी गलियों और पुरानी हवेलियों वाला है, जहां दशकों से गुजराती व्यापारी, बंगाली परिवार, पंजाबी परिवार और मुस्लिम निवासी साथ-साथ रहते आए हैं। भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह इस सीट से पर्चा भरा था।

सरकार ने समय पर नहीं दी मंजूरी, इसलिए कांग्रेस की वायनाड आवासीय परियोजना में देरी हुई : प्रियंका

वायनाड (केरल), एजेंसी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को दावा किया कि केरल में मुंडक्कई-चूरलमाला भूस्खलन की घटना के पीड़ितों के लिए पार्टी की आवासीय परियोजना में राज्य की वाम सरकार से मंजूरी समय पर न मिलने की वजह से देरी हुई। प्रियंका ने यहां कलपेट्टा में यूडीएफ गठबंधन की एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि एलडीएफ की टाउनशिप के उद्घाटन के बाद ही कांग्रेस की परियोजना को मंजूरी

दी गई। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग में मेरे साथियों को भी ये ही दिक्कतें हुई होंगी। प्रियंका की यह दलील वायनाड आवासीय परियोजना के लिए धन इकट्ठा करने और पैसे के इस्तेमाल के संबंध में कांग्रेस पर अनियमितताओं के आरोपों के बीच आई है। कांग्रेस महासचिव ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर भी हमला किया और सवाल किया कि भ्रष्टाचार के कई आरोपों का सामना करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विरोध करने वालों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इससे साफ है कि उनके बीच एक गुप्त समझौता है और वे अपने राजनीतिक फायदे के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर शीर्ष कोर्ट सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने कहा-दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिए जाएंगे सभी मुद्दे

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से जुड़े सभी मुद्दों को दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिया जाएगा।

अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वह इस मुद्दे की समीक्षा कर रहे हैं और इस दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव भी न्यायालय में उपस्थित हुए। उच्चतम न्यायालय ने छह अप्रैल को एक आदेश में उनसे मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा था ताकि थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना के क्रियान्वयन में उनसे उचित सहायता ली जा सके। देश के शीर्ष विधि अधिकारी ने पीठ से कहा कि दो सप्ताह के भीतर वह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मुद्दे सुलझ जाएं, इसके लिए न्याय मित्र और अन्य अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जाएंगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल के लिए निर्धारित की है। शीर्ष कोर्ट थानों में कार्यशील सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है।

आईजीआई हवाई अड्डे पर दो करोड़ का गांजा जब्त

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक संदिग्ध गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। इसमें कहा गया है कि निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी। बयान में कहा गया है कि निगरानी के दौरान विमान के शौचालय के कूड़ेदान से धूसर (ग्रे) रंग के टेप में लपेटे गए तीन पैकेट बरामद किए गए।

दो मिनट में बिक जा रही आपकी आजादी

टीवी पर विज्ञापन हो, बैंक का फॉर्म या नए फोन की वारंटी, हर जगह एक छोटा सा स्टार (*) बना होता है, जिसके नीचे लिखा होता है 'शर्तें लागू'। यह छोटा सा स्टार असल में वह 'सुरंग' है जिसमें ग्राहकों के अधिकार खो जाते हैं। यही नहीं, एक होम लोन के एग्रीमेंट में औसतन 3,000 से 4,000 शब्द होते हैं। बैंक मैनेजर आपको दस्तखत करने के लिए मुश्किल से 2 मिनट देता है। यानी आपको प्रति सेकंड लगभग 30 शब्द पढ़ने होंगे जो किसी भी इंसान के लिए नामुमकिन है। यही वह समय है जब आपकी मेहनत की कमाई पर शर्तों का ताला लग जाता है। आइए, अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे इन 'नियमों' का सच डिकोड करते हैं।

ऐसे होता है खेल

- शून्य ब्याज का सच : अक्सर विज्ञापन 0% ईएमआई का दावा करते हैं, लेकिन शर्तों में प्रोसेसिंग फीस और फाइल चार्ज के नाम पर अच्छी-खासी रकम वसूल ली जाती है।
- न्यूनतम शेष : खाते खोलते समय बड़े अक्षरों में सुविधाएं बताई जाती हैं, पर छोटे अक्षरों में लिखा होता है कि बैलेंस कम होने पर भारी जुर्माना लगेगा।
- पहले से मौजूद बीमारी : बीमा पॉलिसी लेते समय कंपनियां सब कुछ कवर करने का वादा करती हैं, लेकिन शर्तों के पन्नों में ऐसी परिभाषा होती है कि क्लेम के समय कंपनी मुकर जाती है।
- कैपिंग : अस्पताल के कमरे का किराया या डॉक्टर की फीस पर कैपिंग लगा दी जाती है, जिसकी जानकारी बिल भुगतान के समय मिलती है।
- सेल का झांसा : अप टू 70% ऑफ के विज्ञापन में 70% छूट केवल एक या दो पुराने प्रोडक्ट्स पर होती है, बाकी पर केवल 10%। यह 'अप टू' शब्द कानूनी रूप से कंपनी को बचा लेता है।
- क्रीम के विज्ञापनों में 1 हफ्ते में गोरापन के नीचे बहुत छोटे अक्षरों में लिखा होता है, चुनिंदा लोगों पर किए गए परीक्षण के आधार पर परिणाम अलग हो सकते हैं।
- जब आप बैंक से लोन लेते हैं, तो मैनेजर आपके सामने 15 से 20 पन्नों का एक सेट रखता है और कहता है सर, बस यहां-यहां साइन कर दीजिए। हम बिना पढ़े दस्तखत कर देते हैं, लेकिन उन पन्नों में फ्लोटिंग रेट का फंदा, प्री-पेमेंट पेनल्टी, हिडन प्रोसेसिंग और इंस्पेक्शन चार्ज आदि छिपा होता है।

डिकोडर टिप

- स्टार (*) को गंभीरता से लें : जहां भी स्टार मार्क दिखे, समझिये कि वहां कोई 'पेच' है।
- हाइलाइट मांगें : बैंक या बीमा एजेंट से पूछें- वो शर्तें दिखाओ जो मेरे क्लेम को खारिज कर सकती हैं।
- डिजिटल रिकॉर्ड : किसी भी मौखिक वादे पर भरोसा न करें, शर्तों की कॉपी ईमेल पर या हार्ड कॉपी में जरूर मांगें।
- शर्तों को पढ़ें : कंपनियां चाहती हैं कि आप सिर्फ विज्ञापन देखें, शर्तें नहीं। लेकिन एक जागरूक नागरिक वह है जो 'साइन' करने से पहले उन कागजों को भी पढ़े जिन्हें कोई नहीं पढ़ता।
- कई बार बैंक 'बाद में भरने' की बात कहकर खाली फॉर्म पर साइन करा लेते हैं, यह सबसे बड़ा जोखिम है।

फैक्ट फाइल

- एक औसत इंस्ट्राग्राम यूजर की 'टर्म ऑफ सर्विस' में करीब 5,000 से ज्यादा शब्द होते हैं। इसे ध्यान से पढ़ने में एक सामान्य पाठक को 20 से 25 मिनट लग सकते हैं।
- अगर हम वाट्सअप, फेसबुक और गूगल जैसी सिर्फ 5 मुख्य सेवाओं की शर्तों को जोड़ लें, तो यह एक 60-70 पन्नों की किताब बन जाएगी।
- कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, अगर हम साल भर की सभी डिजिटल शर्तों को पढ़ें, तो हमें 76 कार्य-दिवस यानी करीब ढाई महीने की छुट्टी लेनी पड़ेगी। कंपनियां इसी समय की कमी और शब्दों के जाल का फायदा उठाकर आपकी सहमति हासिल कर लेती हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

ईरान ने जापानी को जमानत पर रिहा किया

तोक्यो। जापान सरकार के एक शीर्ष प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जनवरी में ईरान में हिरासत में लिए गए एक जापानी नागरिक को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने तोक्यो में पत्रकारों को बताया कि इस नागरिक की रिहाई की पुष्टि सोमवार को हुई और जापान ईरानी प्राधिकारियों से पूर्ण रिहाई की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि ईरान में जापान के राजदूत तमाकी सुकादा ने रिहा किए गए व्यक्ति से मुलाकात की।

तस्करी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल के लुम्बिनी प्रांत में मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों में दो भारतीय नागरिक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारियां भारत की सीमा से सटे रूपन्देही जिले में की गईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान उत्तर प्रदेश के महराजगंज निवासी अरुण कुमार और बिनय पांडे के रूप में की गई है। इसके अलावा, नेपाली नागरिक बिशाल यादव को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से फेनरगन, डायजेपाम और ब्रूफेन जैसी दवाओं की 3,300 शीशियां बरामद की गईं।

सऊदी को बहरीन से जोड़ने वाला पुल खुला

दुबई। सऊदी अरब को बहरीन द्वीप से जोड़ने वाला प्रमुख पुल किंग फहद कॉजवे ईरान से हमलों की आशंका के कारण कुछ घंटों तक बंद रहने के बाद मंगलवार सुबह फिर से खोल दिया गया। किंग फहद कॉजवे प्राधिकरण ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी और कहा कि बहरीन और अरब प्रायद्वीप के बीच सड़क से जुड़ने वाला यह एकमात्र मार्ग अब फिर से चालू हो गया है। ईरानी हमलों के कारण बहरीन का हवाई अड्डा कई हफ्तों से बंद है। इस पुल को कुछ ही घंटे के लिए उस समय बंद किया गया जब ईरान की ओर से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल ने सऊदी अरब को निशाना बनाया और उससे वहां के ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका है। हालांकि, इस हमले से हुए नुकसान के बारे में सऊदी अरब ने अभी तक विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर गोलीबारी

इस्तांबुल। तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इज़राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो हमलावर मारे गए तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। प्रसारक हबर्तुर्क की खबर के अनुसार, हमलावरों के पास लंबी बैरल वाले हथियार थे। पुलिस के साथ हुई गोलीबारी में दो हमलावर मारे गए, तीसरे हमलावर को पकड़ लिया गया।

मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत

संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में दो बच्चों की मौत के बाद राज्य में भड़की हिंसा

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कांथौजम ने मंगलवार को कहा कि बिष्णुपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर पर भीड़ द्वारा धावा बोले जाने के बाद गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कोंथौजम ने बताया कि मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए बम हमले में दो बच्चों की मौत के विरोध में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बम हमले वाली जगह से कुछ ही सौ मीटर दूर गेलमोल के पास स्थित सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वहां वाहनों को जलाया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। मंत्री ने कहा कि मैंने प्रदर्शनकारियों से सीआरपीएफ शिविर में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षा बलों को बम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के अभियान पर ध्यान केंद्रित करने देने का आग्रह किया था। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने मेरी अपील पर ध्यान नहीं दिया। राज्य के गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वाहनों को जला दिया और शिविर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को गोलीबारी करनी पड़ी। उन्होंने या तो आत्मरक्षा में या गुस्से में गोली चलाई। दुर्भाग्य से, गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गोली लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने इस हमले को बर्बर कृत्य करार दिया और लोगों को आश्वासन दिया कि इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब घर में बम फटा, उस समय दोनों बच्चे और उनकी मां सो रह थे। घटना के विरोध में स्थानीय निवासियों ने आज सुबह प्रदर्शन किया और इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो तेल टैंकरों और एक ट्रक में आग लगा दी।

बम हमले की जांच एनआईए को सौंपने का फैसला

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने बिष्णुपुर जिले में हुए बम हमले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का फैसला किया है। हमले में दो बच्चों मौत हो गई। सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कृत्य उन व्यक्तियों या समूहों का काम लगता है, जिनके निजी स्वार्थ राज्य में शांति भंग करने में हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के गृह मंत्री और अन्य विधायकों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद मामले को एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ को तैनात कर दिया गया है।

चार जिलों में कर्फ्यू इंटरनेट प्रतिबंधित

इंफाल। मणिपुर सरकार ने हिंसा के मद्देनजर मंगलवार को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और काकचिंग के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि सात अप्रैल से अगले आदेश तक किसी भी व्यक्ति का अपने निवास स्थान से बाहर निकलना प्रतिबंधित है। राज्य सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर के पांच घाटी जिलों में ब्रॉडबैंड, वीसैट और वीपीएन सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को तीन दिनों के लिए निलंबित करने का भी आदेश दिया है।

नेपाल ने छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

काठमांडू। नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बताया कि सरकार ने एक मंत्रिमंडल फैसले के माध्यम से भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है।

छेत्री के मुताबिक, जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (ऑस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छह देशों में तैनात राजदूतों को सोमवार को पत्र जारी कर एक महीने के भीतर लौटने का निर्देश दिया गया है।

ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर मुझ पर गहरा असर छोड़ा है जिसे कभी नहीं भूलूंगा : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से जंग में फिर नाटो पर की टिप्पणी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ईरान युद्ध के दौरान इस सैन्य गठबंधन और दक्षिण कोरिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया जैसे मित्र देशों ने अमेरिका की मदद नहीं की। व्हाइट हाउस में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब नाटो के महासचिव मार्क रूट जल्द ही वाशिंगटन दौरे पर आने वाले हैं। ट्रंप पहले भी नाटो को कागजी शेर बता चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर ऐसा प्रभाव छोड़ा है, जो मेरे दिमाग से कभी नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाटो के साथ मतभेद तब शुरू हुए, जब ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने के उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। ट्रंप ने कहा, नाटो एक कागजी शेर है, जिससे व्लादिमीर पुतिन भी नहीं डरते। ईरान युद्ध पर ट्रंप ने कहा कि नाटो सदस्य देशों ने जानबूझकर मदद नहीं की। उन्होंने कहा, देखिए, हम नाटो के पास गए। मैंने बहुत जोर नहीं दिया, बस इतना कहा- अगर आप मदद करना चाहें तो अच्छा होगा। ट्रंप के मुताबिक, उन्हें जवाब मिला, नहीं।

बांग्लादेश की पहली महिला संसद अध्यक्ष गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व अध्यक्ष शिरीन शरमीन चौधरी को मंगलवार को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समाचार पत्र प्रथम आलो की खबर के अनुसार, चौधरी को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा ने लालबाग थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। यह मामला जनआंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से जुड़ा है। एक सूत्र ने बताया कि चौधरी विभिन्न स्थानों पर छिप कर रह रही थीं। अभी वह धनमंडी में एक रिश्तेदार के घर में रह रही थीं, जहां से उन्हें मंगलवार सुबह हिरासत में लिया गया। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मीडिया प्रभाग के उपायुक्त एम एन नसीरुद्दीन ने बताया कि चौधरी से पूछताछ की जा रही है।

अमेरिका जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिसरी

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी बुधवार से वाशिंगटन डीसी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर चर्चा करेंगे। मिसरी की आठ से 10 अप्रैल तक की यात्रा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्ष अनिश्चितता और तनाव के दौर के बाद संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़पों को कम करने में अपनी भूमिका को लेकर विवादास्पद दावे किए जाने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में बड़ी गिरावट आई थी।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर के अंतर्राज्यीय आतंकी माड्यूल का खुलासा, 5 गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी

- हिरासत में लिए गए आतंकियों में ए प्लस श्रेणी के दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतर्राज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी अभियान में गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है, जिसके तार कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि गत कुछ दिनों में, जांचकर्ताओं ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर छापेमारी की और चार एके असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर की गई जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को साजो-सामान और वित्तीय सहायाता करने वाले एक विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के रहने वाले हैं। मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को आश्रय और भोजन सहित सामरिक सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू और कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात व्यक्तिगत रूप से इस कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को ए प्लस श्रेणी में रखा गया है। दोनों जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अन्य राज्यों में जाली दस्तावेजों और पहचान के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क का विस्तार करने का कार्य कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकवादियों ने करीब 16 साल पहले भारत में घुसपैठ की थी

सुरक्षाबलों द्वारा गिरफ्तार लश्कर का आतंकवादी उस्मान उर्फ खुबैब।

श्रीलंका से रिहा हुए 30 भारतीय मछुआरे लौटे

कोलंबो। श्रीलंका से रिहा किए गए 30 भारतीय मछुआरों को मंगलवार को वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के 30 मछुआरों को आज श्रीलंका से वापस भेजा गया। उन्होंने बताया कि ये मछुआरे स्वदेश लौट रहे हैं। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार, उसने इस साल अब तक मछली पकड़ने वाली 15 नौकाएं जब्त की और 102 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

उसने कहा कि 2025 में श्रीलंका के जल क्षेत्र में 346 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि वह नहीं बता सकते कि रिहा किए गए 30 मछुआरे किस समूह से थे। उन्होंने कहा यह पूरी तरह से अदालती प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। सभी काम बनते हुए प्रतीत होंगे। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न रखें।
- **वृष** – आज पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।
- **मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे।
- **कर्क** – आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझ सकते हैं। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं।
- **सिंह** – आज आप अपने घर में रहना पसंद करेंगे। प्रेमीजन को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध मधुर होंगे।
- **कन्या** – आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको काफी परेशान करेगा। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है।
- **तुला** – आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें।
- **वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।
- **धनु** – आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं।
- **मकर** – आज कार्य की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है।
- **कुंभ** – आज का दिन आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा महसूस करेंगे। खर्चों में कमी आएगी।
- **मीन** – आज आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। लोगों से आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय



आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 19 .01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

दिशाशूल-उत्तर, ऋतु- वसंत।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र- ज्येष्ठा 05 .54 तक तत्पश्चात मूल।

सुडोकू - 112 का हल

4	7	8	1	2	5	6	3	9
3	1	2	7	6	9	8	5	4
9	6	5	4	8	3	1	7	2
8	4	7	9	3	1	2	6	5
5	2	1	8	7	6	4	9	3
6	9	3	2	5	4	7	1	8
1	5	4	6	9	2	3	8	7
7	3	6	5	4	8	9	2	1
2	8	9	3	1	7	5	4	6

सुडोकू -113

			5	1		4		
		7			2			1
				4	9			
	6					8		
5		2						7
		8	4	7			6	
9				5				
			9		7	5		
		3		6	4			

खालसा दिवस पर 1763 श्रद्धालु जाएंगे पाकिस्तान

अमृतसर। खालसा स्थापना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा भेजे जाने वाले जत्थे के लिए 1763 श्रद्धालुओं को वीजा प्राप्त हुआ है। यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी के कार्यालय से रवाना होगा। शिरोमणि कमेटी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां ने मंगलवावर को बताया कि शिरोमणि कमेटी द्वारा 1795 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास भेजे गए थे। इनमें से दूतावास ने 1763 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया है। सिंह ने बताया कि यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी कार्यालय से जयकारों की गूंज के साथ रवाना होगा। श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब, हसन अब्दाल में खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के मुख्य समारोह में शामिल होंगे। जत्था 19 अप्रैल को स्वदेश वापस लौटेगा।

गंभीर हालात संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग

परमाणु केंद्रों पर हमले पर ईरान ने जताया सख्त एतराज

तेहरान,एजेंसी

ईरान ने अपने सुरक्षित परमाणु केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार सशस्त्र हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सीधे तौर पर अमेरिका और इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

ईरान के विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव, सुरक्षा परिषद के सदस्यों और आईएईए के महानिदेशक को लिखे एक पत्र में मुख्य परमाणु स्थलों पर हुए हमलों को गंभीर तनाव पैदा करने वाला बताया है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय कानून दोनों के लिए खतरा है। पत्र में अंतर्राष्ट्रीय निकायों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए संभावित रेडियोधर्मी खतरों की भी चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही आईएईए सुरक्षा मानकों के तहत ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है। तीन अप्रैल की तारीख वाले इस पत्र में पिछले नौ महीनों के दौरान ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे पर हुए कथित हमलों का विवरण दिया गया है। इसमें नतांज केंद्र, खोंदाब-अराकल स्थित हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र और बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले शामिल हैं। अराघची ने चेतावनी दी कि इस तरह के हमलों के गंभीर मानवीय और पर्यावरणीय परिणाम हो सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र और आईएईए की चुप्पी से बढ़ा मनोबल

अराघची ने कहा कि ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले और बमबारी की गई। बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और महानिदेशक इन हमलों की निंदा करने तक में विफल रहे हैं। पत्र में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास कई हमलों और यूरेनियम प्रसंस्करण स्थलों पर हमलों का जिक्र है। मंत्री ने हमलों की भारी वृद्धि पर चिंता जताते हुए इन्हें अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन बताया है। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और आईएईए पर हमलों की निंदा न करने का आरोप लगाते हुए तर्क दिया कि उनकी चुप्पी ने हमलावरों का मनोबल बढ़ाया है।

''हमने दो मैच जीत लिए हैं इसलिए उनकी कमी अभी महसूस नहीं हुई है। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं। आईपीएल में स्टार्क से बड़ा कोई गेंदबाज नहीं है। मुझे सिर्फ बुमराह का ही नाम याद आता है।''
–मुनाफ पटेल, पूर्व तेज गेंदबाज

स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स — बनाम — गुजरात टाइटन्स

समय - शाम 7:30 बजे

औरेंज कैप

- समीर रिजवी दिल्ली 160 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद 145 रन
- रोहित शर्मा मुंबई 113 रन

पर्पल कैप

- रवि बिश्नोई राजस्थान 5 विकेट
- विजय कुमार पंजाब 5 विकेट
- जैकब डफी आरसीबी 5 विकेट

हाईलाइट

रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण गुरुवार को

मुंबई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) गुरुवार (9 अप्रैल) को वानखेड़े स्टेडियम में रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण करेगा और स्टेडियम के गेट दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी को समर्पित करेगा। इस मौके पर मुंबई और भारत की चार सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अनावरण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बढ़ाएंगे। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

फिट हुए शुभमन गिल

नई दिल्ली। गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में जकड़न से उबर गए हैं और बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। पिछले मैच से बाहर रहे गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने इस बात की पुष्टि की कि वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं।

शराब पीकर गाड़ी चलाने में डेविड वॉर्नर गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी



आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को मंगलवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि मारूबा में श्वास की औचक जांच के बाद उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई।

वॉर्नर अगले महीने कोर्ट के समक्ष पेश होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट लीग में कराची किंग्स के साथ करार करने वाले वॉर्नर को स्थानीय थाने ले जाया गया जहां फिर उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से दुगुनी पाई गई। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कानूनी कार्रवाई का असर वॉर्नर के पीएसएल में खेलने पर नहीं पड़ेगा। उनकी टीम का अगला मैच नौ अप्रैल को है और वह सात दिन के ब्रेक में निजी दौरे पर यहां आये हैं।

हमें खेल के सभी विभागों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा: क्लासेन

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया।

पिछले मैच में हालांकि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स ने पांच विकेट से करारी शिकस्त दी। क्लासेन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।'' उन्होंने कहा, ''हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।'' क्लासेन ने कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने

रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की है लेकिन हमारी फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। हमें कैच लेने होंगे। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करके अपनी लय बनानी होगी।'' क्लासेन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब केवल फ्रेंचाइजी लीग में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक बनाए और वह अपनी फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यवश हम दो मैच हार गए, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह अच्छी शुरुआत रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं इन दिनों ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। मैं अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखना चाहूंगा।'' वह बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह (नंबर चार पर बल्लेबाजी करना) की भूमिका मैंने अपने पूरे करियर में निभाई है। इसमें आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है। टीम में मेरी भूमिका यह है कि अगर (ईशान) किशन, अभिषेक (शर्मा) और ट्रैविस हेड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हो तब भी मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलता रहूं। प्रत्येक मैच में अलग परिस्थितियां होंगी और मुझे बस उनके अनुसार ढलना होगा।'' सनराइजर्स अपना अगला मैच शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेलेगा। क्लासेन ने स्वीकार किया कि सनराइजर्स को पैट कमिंस की कमी खल रही है, जो अपनी पीठ की चोट का स्कैन कराने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। उन्होंने कहा ''पैट की कमी बहुत खल रही है। उनके पास बहुत अनुभव है लेकिन ईशान कप्तानी की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई चिंता का विषय है। हमारी टीम अच्छी स्थिति में है।

राजस्थान ने मुंबई को दिया 151 रन का लक्ष्य

आईपीएल 2026: 11 ओवर के मैच में जायसवाल और सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स को दी तूफानी शुरुआत

गुवाहाटी, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ तीन विकेट पर 150 रन बनाए। जायसवाल ने 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़कर रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाई।

मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट चटकाए। इससे पहले बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद जायसवाल और सूर्यवंशी ने रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए 3.2 ओवर के पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। जायसवाल ने दीपक

चाहर के पहले ही ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 22 रन जोड़े जबकि सूर्यवंशी ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह पर दो छक्के मारे। जायसवाल ने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर तीन छक्कों से 22 रन जुटाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सूर्यवंशी ने पांचवें ओवर में शारदुल ठाकुर पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन अंतिम गेंद पर डीप कवर बाउंड्री पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। गजनफर ने ध्रुव जुरेल (02) को पगबाधा करके रॉयल्स को दूसरा झटका दिया। जासवाल ने पंड्या पर चौके के साथ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कप्तान रियान पराग (20) ने पंड्या और गजनफर पर छक्के मारे लेकिन फिर इस स्पिनर की गेंद पर तिलक के हाथों लपके गए। जायसवाल ने पारी के अंतिम ओवर में शारदुल पर तीन चौकों के साथ टीम का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया।

दिल्ली कैपिटल्स की नजर जीत की हैट्रिक पर

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2026 के बुधवार के मुक़ाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है। पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है।

केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह ख़राब फ़ॉर्म जीटी के ख़िलाफ़ मैच में भी जारी रह सकता है। क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं।

राशिद ख़ान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फ़ॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाज़ों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के ख़िलाफ़ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं। जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ़ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं।

टीमें

- **दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिशेल स्टार्क, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।
- **गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, जोस बटलर (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, जेसन होल्डर, जयंत यादव, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, रविश्रीनिवासन साई किशोर, इशांत शर्मा, ल्यूक वुड, टॉम बैंटन, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, अरशद खान, गुरनूर बराड़, निशांत सिंधु।

आईपीएल का सपना पूरा करने को छोड़ दी थी कांस्टेबल की परीक्षा

नजफगढ़ का 'राजकुमार' यानी प्रिंस यादव

नई दिल्ली,एजेंसी

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, ''आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।'' अब बात करते हैं 2026 की।

वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, ''कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।'' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, ''बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है।

प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ

- राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, "मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।'' एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, ''प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया। मैं डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) और नयी दिल्ली टीम को कैसे भूल सकता हूं। अगर डीपीएल नहीं होता, तो मुझे नहीं लगता कि मेरे बेटे की प्रगति इतनी तेज़ होती। इसलिए मैं डीडीसीए और विजय दहिया सर का भी आभारी हूं।

ललित को रजत और सुनील को मिला कांस्य पदक

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

ललित ने मंगलवार को यहाँ 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक जीता। उन्होंने 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नितेश 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में पहुँच गए। पूर्व चैंपियन सुनील कुमार ने अपने पदकों की सूची में एक और कांस्य पदक जोड़कर भारतीय दल के लिए इस दिन को बेहद सफल बना दिया।

ललित, जिन्होंने सेमीफाइनल में चीन के हुओयिंग शी को हराया था, फाइनल में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया, लेकिन 0-9 से हारने से खुद को नहीं बचा सके। 87 किलोग्राम वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में, सुनील कुमार ने पहले राउंड में चार अंक गंवाने के बाद शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोदिर रसुलव को 5-4 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नितेश ने 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया कि वे 2025 की एशियाई चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में सुधार करेंगे। 23 वर्षीय नितेश, जिन्होंने पिछले साल कांस्य पदक जीता था।

तमीम इकबाल बीसीबी के नए अध्यक्ष

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश सरकार ने मंगलवार को अमीनुल इस्लाम की अगुआई वाले बीसीबी बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स को भंग करने के बाद तमीम इक़बाल को नया बीसीबी(बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला उस पांच सदस्यीय जांच समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया, जिसने पिछले साल अक्टूबर में हुए बीसीबी चुनाव से जुड़े विभिन्न आरोपों की जांच की थी।

37 साल के पूर्व बांग्लादेश कप्तान तमीम अब 11 सदस्यीय एड हॉक कमेटी की अगुआई करेंगे। इस कमेटी में पूर्व बांग्लादेश कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन और पूर्व क्रिकेटर एवं टीवी कमेंटेटर अतहर अली ख़ान भी

तमीम इक़बाल

शामिल हैं। कमेटी के अन्य सदस्य राशना इमाम, मिर्ज़ा येसिर अब्बास, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल ख़सरू, तंजिल चौधरी, सलमान इस्पहानी, रफ़ीकुल इस्लाम और फहीम सिन्हा हैं। सरकार की जांच समिति ने खेल मंत्रालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अपनी सिफारिशें पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनाव से जुड़े अपने निष्कर्षों को विस्तार से साझा किया। सरकार की जांच समिति ने अपनी सिफारिशें खेल मंत्रालय में आयोजित एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनावों को लेकर अपनी जांच के निष्कर्ष विस्तार से साझा किए।

एनएससी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर मोहम्मद अमीनुल अहेसान ने कहा, "नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल की ज़िम्मेदारी के तहत हमने आईसीसी को सूचित किया है कि यह बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स सही तरीके से गठित नहीं हुआ है और अपने काम को भी सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं है। हमने आईसीसी को इस बोर्ड को भंग करने के अपने फैसले के बारे में भी जानकारी दे दी है। बंगलादेश क्रिकेट या किसी भी खेल में एनएससी की अहम भूमिका होती है।

स्पेनिश फुटबॉल लीग | **विलारियाल की उम्मीदों को लगा करारा झटका**

आत्मघाती गोल से गिरोना ने विलारियाल को हराया

गिरोना (स्पेन), एजेंसी।

विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता।

एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद

गोलकीपर को छकाने में गिर पड़े दोनों टीम के फुटबालर।

उनके ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वह दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड (69) से नौ अंक और शीर्ष पर स्थित बार्सिलोना (76) से 18 अंक पीछे है। गिरोना 37 अंक के साथ दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। वह ओसासुना, एस्पेनयोल और एथलेटिक बिलबाओ से एक अंक पीछे है।

नेपोली ने खिताब की उम्मीदें रखी जीवंत

- **तूरिन (इटली), एजेंसी।** स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थानर पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।